3 राजधानी
जल बोर्ड दूषित पानी से दिलाएगा छुटकारा

6 अभिमत
एनपीए के खिलाफ जारी है संघर्ष

10 विदेश
ईरान का हाइपरसोनिक मिसाइल निर्माण का दावा

12 स्पोर्ट्स
सुनील ने डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 211
नई दिल्ली, बुधवार, 7 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



इस साल देश में नहीं होगी कोयले की कमी
राष्ट्रीय-11

# रेल दुर्घटना मामले की सीबीआई ने शुरू की जांच

## एजेंसी ने अपनी प्राथमिकी दर्ज की, मामले की तह तक जाने के लिए रेल सुरक्षा विशेषज्ञों की ले सकती है राय

● संयुक्त निदेशक के नेतृत्व में सीबीआई के छह अधिकारियों की टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंची

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बालासोर

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना के लिए आपराधिक लापरवाही के आरोपों के संबंध में मंगलवार को जांच शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी मामले की तह तक जाने के लिए रेल सुरक्षा विशेषज्ञों की राय ले सकती है। संयुक्त निदेशक (विशेष अपराध) विप्लव कुमार चौधरी के नेतृत्व में सीबीआई के छह अधिकारियों की एक टीम मंगलवार को बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनास्थल पर पहुंची।

टीम के साथ रेलवे के अधिकारी भी थे। टीम ने पटरी और सिग्नल रूम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई जल्द ही सहायक स्टेशन मास्टर एस बी मोहंती समेत बाहानगा स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों और सिग्नल तथा ट्रैक की देखरेख करने वाले अन्य कर्मियों से पूछताछ शुरू करेगी। सीबीआई को जांच सौंपने के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से एक अनिवार्य अधिसूचना जारी होने के बाद, केंद्रीय एजेंसी ने मंगलवार दोपहर अपनी प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करना सीबीआई जांच का शुरुआती बिंदु है क्योंकि एजेंसी इसके बिना कोई दस्तावेज या सामग्री एकत्र नहीं कर सकती, गवाहों से पूछताछ नहीं कर सकती, बयान दर्ज नहीं कर सकती या तलाशी नहीं ले सकती।

अधिकारियों को प्रारंभिक जांच में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ छेड़छाड़ का संकेत मिलने और दुर्घटना के पीछे तोड़फोड़ की आशंका जताए जाने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के जरिए ट्रेन की मौजूदगी का पता (शेष पेज 9)



बालासोर के बाहनागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुए रेल हादसे की जांच के लिए पहुंचे सीबीआई के अधिकारी आरपीएफ के जवानों से पूछताछ करते हुए।

### रेल मंत्री ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में ट्रेन हादसे के बाद बचाव एवं राहत कार्य की समीक्षा कर दिल्ली लौटे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।सूत्रों ने बताया कि रेल बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को ऐसी योजना बनाने का निर्देश दिया कि रेलवे नेटवर्क से कोई बाहरी तत्व छेड़छाड़ न कर सकें। मंत्री को जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ भी सुरक्षा संबंधी मामले पर बैठक करनी थी, लेकिन इसकी अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार लोहाती ने की। सूत्रों ने बताया कि डिजिटल बैठक शाम करीब पांच बजे शुरू हुई और दो घंटे चली।

### 40 यात्रियों की करंट से मौत की आशंका

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में कोरोमंडल एक्सप्रेस से बरामद करीब 40 शवों पर किसी तरह की चोट का निशान नहीं पाया गया है। माना जा रहा है कि उनकी मौत करंट लगने से हुई है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने यह जानकारी दी है। बालासोर में जीआरपी थाने में दर्ज प्राथमिकी में संकेत दिया है। पुलिस उपनिरीक्षक पी कुमार नायक ने प्राथमिकी में कहा कि कई यात्रियों की मौत चोट लगने और ऊपर से जा रहे तारों के संपर्क में आने से करंट लगने की वजह से हुई है।

# महिला उद्यमियों ने अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया: अमित शाह

● नौ वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों की सराहना की, कहा महिलाओं को 27 करोड़ मुद्रा ऋण दिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता अमित शाह ने मंगलवार को नौ वर्षों में मोदी सरकार की 'उपलब्धियों' की सराहना करते हुए कहा कि इसने महिला उद्यमियों को 27 करोड़ मुद्रा ऋण दिया है, जिन्होंने अपनी 'नारीवादी शक्ति' के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया है। भाजपा प्रधानमंत्री की प्रमुख योजनाओं के लाभों पर माह भर लंबा जागरूकता अभियान चला रही है। पार्टी के नेता इस दौरान समाज के प्रमुख लोगों से संपर्क भी साध रहे हैं।

शाह ने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट में कहा कि महिला सशक्तिकरण प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक साधारण नारा नहीं है और नौ वर्षों के दौर में यह अब एक वास्तविकता है जहां महिलाएं अंतरिक्ष से लेकर स्टार्टअप तक तथा सेना से लेकर घरेलू मामले तक जीवन के सभी पहलुओं में बेहतर कर रही हैं और देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने महिला उद्यमियों को 27 करोड़ मुद्रा ऋण देने का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जो आज अपनी नारीवादी शक्ति के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाती हैं।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) को पीएम ने 8 अप्रैल, 2015 को शुरू किया था, इसके तहत गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि छोटे और सूक्ष्म उद्यमों को 10 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान किए जाते हैं। इन ऋणों को पीएमएमवाई के तहत मुद्रा ऋण के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। ये ऋण वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों, सूक्ष्म वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिग वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए जाते हैं। ऋण लेनेवाला किसी भी इन ऋणा देने वाली संस्थानों के पास जा सकता है या पोर्टल www.Udyamimitra.In. के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। पीएमएमवाई के तहत, मुद्रा ने 'शिशु', 'किशोर' और 'तरुण' नामक तीन उत्पाद बनाए हैं जो लाभार्थी सूक्ष्म इकाई और उद्यमी की विकास और वित्तीय आवश्यकताओं की विकास की चरण और आगामी उन्नयन और विकास के लिए संदर्भ बिंदु भी प्रदान करते हैं।

भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने भी पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार की 'उपलब्धियों' की फेहरिस्त पेश की और विकास को कतार में खड़े सबसे पहले व्यक्ति से लेकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने (शेष पेज 9)



देशभर में 2,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की मंजूरी देने के कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह

# भारत जीवंत लोकतंत्र, वहां जा कर महसूस कीजिए: अमेरिका

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले से आया बयान, लोकतंत्र की स्थिति पर चिंताओं को किया खारिज

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**व्हाइट** हाउस ने कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और वहां जाने वाला कोई भी व्यक्ति इसे खुद महसूस कर सकता है। भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर चिंताओं को प्रत्यक्ष तौर पर खारिज करते हुए व्हाइट हाउस ने यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा पर आने वाले हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। जो कोई भी भारत जाता है इसे महसूस कर सकता है। निश्चित तौर पर मुझे उम्मीद है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की ताकत और उनकी स्थिति चर्चा का हिस्सा होगी। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा, देखो, हम कभी झिझकते नहीं हैं। आप दोस्तों के साथ ऐसा कर सकते हैं। आपको दोस्तों के साथ ऐसा करना चाहिए।

आप कभी भी उन चिंताओं को व्यक्त करने से नहीं कतराते हैं जो दुनिया में कहीं भी उठ रही हों। हालांकि यह (राजकीय)यात्रा संबंध गहरे करने, साझेदारी मजबूत करने और दोस्ती आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगी.. किर्बी ने कहा कि भारत कई स्तरों पर अमेरिका का अहम साझेदार है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 24 जून को अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह कांग्रेस के संयुक्त (शेष पेज 9)



### अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए उत्साहित हूं: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत को अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर गर्व है जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच परस्पर मजबूत संबंधों और वैश्विक शांति एवं समृद्धि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की नींव पर बनी है। उन्होंने इस महीने के अंत में होने वाली अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के निमंत्रण के (शेष पेज 9)

# राष्ट्रपति मुर्मू सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित



**भाषा।** पारामारिबो

**सूरीनाम** के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द एलो स्टार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मू तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रविवार को सूरीनाम पहुंची।

पिछले साल जुलाई में राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली यात्रा है। नई दिल्ली में उनके कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, सूरीनाम में प्रेसिडेंशियल पैलेस में आयोजित एक समारोह में सूरीनाम के राष्ट्रपति द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द एलो स्टार से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार स्वीकार करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति संतोखी और सूरीनाम की सरकार का इस सम्मान के लिए शुक्रिया अदा किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह सूरीनाम का सर्वोच्च पुरस्कार पाकर बहुत सम्मानित महसूस (शेष पेज 9)

# मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी में बीएसएफ जवान की मौत

**भाषा।** इंफाल



बलिदान जवान की फाइल फोटो

**मणिपुर** के काकचिंग जिले के सेरौ इलाके में मंगलवार सुबह संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के साथ एक मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान की मृत्यु हो गई जबकि असम राइफल्स के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच यह गोलीबारी काकचिंग जिले के सुगनू में सैरो इलाके स्थित एक स्कूल में हुई। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कुकी शरारती तत्वों ने सुबह करीब सवा चार बजे सेरौ प्रैक्टिकल हाई स्कूल में तैनात बीएसएफ जवानों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। अधिकारी ने बताया कि इस गोलीबारी में कांस्टेबल रंजीत यादव को गोली लग गई और उन्हें काकचिंग के जीवन अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित (शेष पेज 9)

# संदूक में मिले मासूम भाई-बहन के शव

● पुलिस ने जताई आशंका, खेलते वक्त संदूक का ढक्कन बंद होने पर दम घुटने से हुई दोनों बच्चों की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जामिया** नगर के बटला हाउस में घर की छत पर रखे संदूक (बक्से) में बंद होने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे सोमवार से लापता थे और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। बच्चों की चचेरी बड़ी बहन ने मंगलवार को छत पर रखे बक्से को खोला तो दोनों के शव देखकर उसके होश उड़ गए। एक बच्चे के मुंह से झाग से निकल रहा था।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। बच्चों के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। पुलिस ने मासूमों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मरने वाले बच्चों की पहचान आठ वर्षीय नीरज और छह वर्षीय आरती के रूप में हुई है। पुलिस बच्चों की मौत को हादसा मान रही है। उन्होंने कहा कि खेलते समय अचानक संदूक में बंद होने से दोनों बच्चों की दम घुटने से मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस के मुताबिक बलबीर अपनी पत्नी और दो बच्चों आरती और नीरज के साथ एफ-2 जोगा बाई एक्सटेंशन में रहता है। बलबीर पेशे से चौकीदार है। जामिया नगर थाना पुलिस को शाम करीब सात बजे सूचना मिली कि एक घर में दो बच्चों की लाश मिली है। पुलिस को एक घर में (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### भारत, जर्मनी के रक्षा मंत्रियों ने चर्चा की

**नई दिल्ली।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने अपने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद कहा कि छह पनडुब्बियों की खरीद के लिए भारत की योजना की दौड़ में जर्मनी का उद्योग अच्छी जगह पर है। वार्ता के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने पिस्टोरियस को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की आक्रमकता से अवगत कराया और पाकिस्तान को पश्चिमी देशों से महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियां मिलने पर संभावित जोखिमों पर नई दिल्ली की आशंकाओं के बारे में भी बताया। वार्ता के बाद, पिस्टोरियस ने कहा कि नई दिल्ली के साथ बर्लिन के रणनीतिक संबंध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अप्रत्याशित स्थिति के संदर्भ में अधिक महत्वपूर्ण हो गए है। यह टिप्पणी संबंधित क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच आई। पिस्टोरियस के साथ वार्ता में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और जर्मनी साझा लक्ष्यों पर आधारित अधिक जीवंत रक्षा संबंध बना सकते है।

# एलएसडी की सबसे बड़ी खेप जब्त, छह गिरफ्तार

● 15,000 ब्लाट्स बरामद, एनसीबी ने डार्क नेट के जरिए संचालित मादक पदार्थ तस्करी का किया भंडाफोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मंगलवार को कहा कि उसने देश में लगभग 15,000 एलएसडी ब्लॉट्स की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की है और डार्क नेट के जरिए संचालित मादक पदार्थों की तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ करने के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस उपलब्धि पर मादक पदार्थ रोधी संघीय एजेंसी को बधाई देते हुए कहा कि यह साइबर सतर्कता और मानव खुफिया के बीच बड़े समन्वय को दर्शाता है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। एनसीबी के उप महानिदेशक (उत्तरी रेंज) ज्ञानेश्वर सिंह ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि यह देश में किसी अभियान में एलएसडी ब्लॉट्स की जब्त की गई सबसे बड़ी खेप है। अब तक छह युवाओं को गिरफ्तार किया गया है और हम ऐसे ही एक और गिरोह का पता लगा (शेष पेज 9)



### सिंथेटिक रसायन आधारित मादक पदार्थ

**एलएसडी** या लिसर्जिक एसिड डाइथिलेमाइड वास्तव में सिंथेटिक रसायन आधारित एक मादक पदार्थ है तथा इसे मतिभ्रमकारी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसे स्टाम्प पेपर के आधे आकार के ब्लॉट्स पर पेंट कर इसकी तस्करी की जाती है और इसे चाट या निगल कर खाया जाता है।

# अधिक उत्सर्जन वाले देशों की जवाबदेही भी भारी होगी

● 2050 तक भारत जैसे कम उत्सर्जन वाले देशों को 170 हजार अरब डॉलर के भुगतान के उत्तरदायी हो सकते हैं

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**अमेरिका** व जर्मनी जैसे वैश्विक उत्तर के औद्योगिक राष्ट्र 90 प्रतिशत तक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं तथा 2050 तक जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के लिए वे भारत जैसे कम उत्सर्जन करने वाले देशों को मुआवजे के रूप में कुल 170 हजार अरब अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने के लिए उत्तरदाई हो सकते हैं।

एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई। नेचर सस्टेनेबिलिटी नामक पत्रिका में सोमवार को प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि 2050 तक भारत के लिए प्रति व्यक्ति 1,446 अमेरिकी डॉलर वार्षिक और 2018 में उसके सकल घरेलू उत्पाद के 66 प्रतिशत के बराबर वार्षिक मुआवजा बनता है। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 168 देशों का विश्लेषण किया और वैश्विक कार्बन बजट के समानता-आधारित उचित अंश से परे अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के आधार पर जलवायु परिवर्तन के लिए ऐतिहासिक जिम्मेदारी निर्धारित की।

यदि कुछ देश कार्बन बजट के अपने उचित हिस्से से अधिक का उपयोग करते हैं, तो इसका मतलब है कि वे ग्लोबल वार्मिंग के कारण होने वाले नुकसान के लिए अनुपातहीन रूप से जिम्मेदार हैं, बल्कि यह भी कि अन्य देशों को दुनिया को 1.5 डिग्री सेल्सियस के मार्ग पर रखने के लिए अपने स्वयं के उचित अंश के पूर्ण उपयोग को प्रभावी ढंग से छोड़ना चाहिए, अन्यथा आवश्यकता से अधिक तेजी से कम करना होगा। जलवायु विज्ञान कार्बन बजट को हरित गैसों की मात्रा के रूप में परिभाषित करता है जिसे ग्लोबल वार्मिंग के एक निश्चित स्तर (इस मामले में 1.5 डिग्री सेल्सियस) के लिए उत्सर्जित किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने साक्ष्य-आधारित एक मुआवजा तंत्र का प्रस्ताव दिया, जो एक महत्वाकांक्षी परिदृश्य में जलवायु परिवर्तन के कारण और उसे टालने, दोनों के लिए ऐतिहासिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखता है, जहां सभी देश 2050 तक मौजूदा स्तर से शून्य उत्सर्जन करेंगे। विज्ञान के अनुसार ऐसी स्थिति में ग्लोबल वार्मिंग 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित हो जाएगा। पारिस्थितिक अर्थशास्त्री और शोधकर्ताओं में से एक एंड्रयू फैनिंग ने कहा, अध्ययन इस विचार पर आधारित है कि वातावरण एक साझी चीज है- सभी के लिए समान रूप से और स्थाई (शेष पेज 9)



प्रतीकात्मक फोटो

# गाजियाबाद में नशा मुक्ति केंद्र से 52 मरीज फरार

## बाथरूम में शव मिलने से मरीज डरे, केंद्र संचालक के गिरफ्तार होते ही खिड़की तोड़कर भागे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


मौके पर पहुंची पुलिस जांच करतीं हुई।

गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में नशा मुक्ति केंद्र से 52 मरीज खिड़की तोड़कर फरार हो गए। केंद्र में एक मरीज की मौत के बाद वे बुरी तरह डर गए थे। पुलिस जैसे ही केंद्र संचालक को गिरफ्तार करके लेकर गई तो मौका देख मरीज भाग निकले।

गोविंदपुरी दिल्ली निवासी ओमप्रकाश का गाजियाबाद में लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की गुलाब वाटिका में नशा मुक्ति केंद्र है। इसका संचालन जीवनदान वेलफेयर सोसाइटी करती है। यहां से 52 मरीज फरार हो गए। केंद्र में कुल 67 मरीज भर्ती थे।

स्टाफ के लोग जब केंद्र पर पहुंचे तो खिड़की उखड़ी हुई थी। मौजूद मिले कुछ मरीजों ने अन्य मरीजों के भागने की बात बताई। लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी डॉ रामसेवक ने बताया कि शनिवार को इस नशा मुक्ति केंद्र में रोहतक हरियाणा निवासी धर्मेंद्र का शव बाथरूम की खिड़की से लटका मिला था। संभवत ये सुसाइड केस था।

इस केस से मरीज डर गए थे, जैसा अन्य मरीजों ने बताया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मौत के बाद नशा मुक्ति केंद्र की जांच की। पता चला कि केंद्र संचालक ओमप्रकाश पर केंद्र चलाने की डिग्री, लाइसेंस जैसा कुछ नहीं था।

अवैध संचालन पर पुलिस ने ओमप्रकाश को सोमवार को ही गिरफ्तार किया था। पुलिस जैसे ही केंद्र संचालक को वहां से लाई, उसके कुछ देर बाद ही 52 मरीज भाग गए। थाना प्रभारी ने बताया कि मरीजों के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। मार्च-2023 में गाजियाबाद में ट्रोनिका सिटी क्षेत्र स्थित खानपुर गांव के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती दिल्ली के अंकित बत्रा की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में केंद्र संचालक पर एफआईआर की और जेल भी गए थे।

ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्रों के पास डॉक्टर और काउंसलर नहीं हैं। इन्हें बाउंसर ही चला रहे हैं। ये बाउंसर मरीजों से अच्छा व्यवहार नहीं करते। उनके साथ अभद्रता और मारपीट करते हैं।

इन केंद्रों में ज्यादातर मरीजों को एक ही कमरे में रखा जाता है। नशा छुड़ाने के नाम पर उन्हें फर्श पर सुलाया जाता है। मरीज विरोध करता है तो बाउंसर उसकी पिटाई तक करते हैं। मरीजों की मानसिक स्थिति सही करने के लिए उनकी समय पर काउंसिलिंग भी नहीं होती।

यही वजह है कि आए दिन नशा मुक्ति केंद्रों से मरीजों के भागने के मामले सामने आते रहते हैं। नशा मुक्ति केंद्र संचालन के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से मान्यता होनी चाहिए। जबकि इसका रजिस्ट्रेशन राज्य सरकार के मद्य निषेध विभाग में होना चाहिए। गाजियाबाद में ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्र रजिस्टर्ड ही नहीं हैं।

जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, वे भी मानक पूरे नहीं कर रहे। लोनी, ट्रांस हिंडन और ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवैध केंद्र संचालित हो रहे हैं।

### दुष्कर्म पीड़िता ने दी आत्मदाह की धमकी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में एक कॉलोनी निवासी दुष्कर्म पीड़िता की डीसीपी ग्रामीण जोन के कार्यालय पर आत्मदाह की धमकी से हड़कंप मचा रहा। युवती के घर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। बताया जा रहा है कि युवती ने एसीपी ऑफिस पर पर भी हंगामा किया। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती को डेढ़ साल पूर्व अगवा कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था।

पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी हिस्ट्रीशीटर विशु तोमर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर पीड़िता पर लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहा है। कई बार अवैध हथियारों के जखीरे की वीडियो भेजकर पीड़िता को धमकाया गया। पुलिस ने पीड़िता को मिल रही पीड़िता ट्वीट कर पुलिस पर लगातार पर लापरवाही और सांठगांठ के आरोप लगा रही है।

## संक्षिप्त समाचार


थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा अवैध रूप से रह रहे अफ्रीकी मूल के 6 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

### ब्रजभूषण के खिलाफ जल्द जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि महिला पहलवानों को न्याय दिया जाए व सांसद ब्रजभूषण पर कराई गई एफआईआर पर जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई की जाए। मोर्चा ने कहा कि 35 दिनों से खिलाडियों द्वारा एफआईआर होने के बाद भी पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रही है। अभी तक गिरफ्तारी भी नही हुई है। इस प्रकरण से देश में खेलों व विशेषकर महिलाओं की भागीदारी को भारी नुकसान हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी भारतीय कुश्ती संघ की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है, ऐसे में इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में केन्द्रीय अध्यक्ष सत्यपाल सिंह यादव, सुधीर कुमार, हरीश, ओमप्रकाश, आरवी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सपा नोएडा महानगर की 51 सदस्यीय कमेटी घोषित

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता ने आज अपने 51 सदस्य कमेटी की घोषणा की है। इसमें एक महासचिव, एक कोषाध्यक्ष, 15 सचिव, 27 तथा 38 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। उसमें आश्रय गुप्ता अध्यक्ष, विकास यादव महासचिव, विपिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, शकील सैफी, मुकेश बाल्मीकि, संजय त्यागी, नीतीश बसोया, मोहम्मद नौशाद, ऋषि शर्मा सहित 6 उपाध्यक्ष तथा तनवीर हुसैन मनोज प्रजापति, मोहम्मद हसीन, राजा, नुरुल हसन, दिव्यांशु यादव, अरविंद चौहान, गौरव सिंघल सचिव बनाए गए है। सदस्य में राम सहेली, अजब सिंह यादव, शबनम गुप्ता, प्रिंस गुर्जर, अंकित यादव, देवाशीष घोष, इरफान, पीयूष, प्रिंस, संजय अग्रवाल, सहित 27 लोग नामित किए गए हैं जबकि विशेष आमंत्रित सदस्य 38 बनाए गए हैं। यह जानकारी नवनियुक्त सपा के महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता ने एक प्रेसवार्ता के दौरान आज दी। प्रेसवार्ता में एमएलसी राकेश यादव, लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर यादव, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी, सपा के वरिष्ठ नेता भीषम यादव, फकीर चंद नागर। सूबे यादव, देवेंद्र अवाना सहित सपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### सीईओ ने किया उद्यानिक कार्यों का स्थल निरीक्षण

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने सिविल अनुरक्षण एवं उद्यानिक कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर-14ए के बाहर मुख्य मार्ग की साईड पटरी की ग्रिल के साईज को छोटा करने के निर्देश दिए। सीईओ ने जी.20 के कार्यो के दृष्टिगत महामाया फ्लाईओवर के पास लैण्डस्कैप का कार्य हो रहा है, उस पर 1.2 माउण्ट बनाने व बड़े पेड़ लगाने के साथ ही जो बनारस घाट बनाया हुआ है, उसको और बड़ा करने व अन्यत्र शिफ्ट कर उसके सामने नदी आदि का डिजाइन बनाने के निर्देश दिये, जिससे कि बनारस घाट जैसी थीम बनायी जा सके, जिससे वह नेचुरल प्रतीत हो सके। सीईओ ने गोल्फकोर्स के कार्य में विलंब होने पर संविदाकार पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिये।

### संभव में अफसरों ने सुनी कई शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव दिवस का आयोजन किया गया। संभव दिवस में इस बार मेयर सुनीता दयाल के शामिल होने की संभावना थी। मगर वह इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। संभव दिवस प्रत्येक मंगलवार को सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक आयोजित किया जाता है। संभव दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। संभव में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, शिवपूजन यादव, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह, तथा कई अनय अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान संभव में वैसे तो एक दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी थी। मगर सबसे प्रमुख शिकायतों में विवेकानंद नगर की प्राप्त हुई।

# रैपिडएक्स के चार स्टेशन जुड़ेंगी फीडर बस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



आरआरटीएस के सभी स्टेशनों को फीडर बसों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए जल्दी ही लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पहले चरण में आरआरटीएस चार स्टेशनों को फीडर बस सेवा से जोड़ेगा। इनमें साहिबाबाद, नया बस अड्डा, और गुलधर तथा दुहाई शामिल है।

इन सभी चार स्टेशनों को पहले चरण में फीडर बस सेवा से जोड़ा जाएगा। इसके बाद जैसे जैसे स्टेशन तैयार होते चले जाएंगे उसी के हिसाब से ही बाकी के स्टेशनों को भी फीडर बस सेवा से जोड़ा जाएगा। आरआरटीएस के सराय काले खां दिल्ली से लेकर मेरठ तक कुल 17 स्टेशन तैयार होने है। इस सेवा का ऐसे मुसाफि रों को सबसे अधिक फायदा होगा जो आरआरटीएस की रैपिडएक्स में सफर करना चाहते है।

बच्चे भी देर सायं तक आरआरटीएस की रैपिडएक्स में सफर कर सके इसके लिए सुरक्षा को फीडर बसों का संचालन होना है। रैपिडएक्स कुल मिलाकर आरआरटीएस के सभी 17 स्टेशनों को फ ीडर बसों से जोड़ेगी। मगर जैसे जैसे स्टेशन तैयार होते जाएंगे वैसे वैसे ही फीडर बसों का संचालन होता जाएगा।

### नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन पर बनेगा रोपवे

**गाजियाबाद।** नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन को मेरठ रोड तिराहा हाईस्पीड ट्रेन से जोड़ने के लिए स्ट्रैक्चरल रोपवे बनाया जाएगा। इसके लिए डीएमआरसी और आरआरटीएस के बीच जल्दी ही बात शुरू होने की संभावना है। दरअसल हाईस्पीड ट्रेन के शुरू होने के साथ ही काफी ऐसे लोग हो सकते है जो नया बस अड्डा मेट्रो स्टेशन से मेट्रो पकड़ेंगे।

### निवाड़ी में मुख्य सड़कें गड्ढों में तब्दील

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश नगर पंचायत निवाड़ी में हवा हवाई साबित हो रहा है। नगर पंचायत निवाड़ी में छह मुख्य सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे बन गए हैं। जिस कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने मुख्यमंत्री को ट्वीट करके इसकी शिकायत की है।

मुख्यमंत्री को किए गए ट्वीट में बताया गया है कि अघैड़ा मार्ग, हनुमान चौक से होली चौक, वार्ड सात में मीठे कुएं से सारा मार्ग तक, सालेनगर मार्ग सहित छह मुख्य सड़क जर्जर हालात में पहुंच गई है। सड़क पर गड्ढे होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# खेलते समय चौथे फ्लोर की छत से गिरी किशोरी, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर.12 में एक किशोरी घर के चौथे फ्लोर की छत से गिर गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां मंगलवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में कई एंगलों से जांच कर रही है।

पलक गाजियाबाद सिद्धार्थ विहार के डीपीएस स्कूल में 10वीं की छात्रा थी। पलक चौधरी 15 साल सोमवार को अपने छोटे भाई के साथ छत पर खेल रही थी। वहीं छत पर प्लास्टिक के पाइप भी रखे हुए थे। रेलिंग की ऊंचाई ज्यादा नहीं थी। पुलिस ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उसका छोटा भाई नीचे पानी पीने गया था। इस दौरान पलक का पैर फिसला और सीधे चौथे फ्लोर से नीचे आ गिरी। पलक के सिर में गहरी चोट लगी है।

शोर मचने के साथ ही पलक को सेक्टर-11 के मेट्रो अस्पताल में लाया गया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना किया है। साथ ही छत से गिरने का स्पष्ट कारणों का पला लगाने का प्रयास कर रही है। पलक के पिता सेक्टर-6 स्थित एक कंपनी में काम करते है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सना नसीम/सौरम पंडोह (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीएचजैड0002269591 तथा पता हमारी प्रतिष्ठित परियोजना एनआरआई रेजीडेंसी प्लॉट नंबर जीएच-04ए, सेक्टर-45, नोएडा, उत्तर प्रदेश में फ्लैट नंबर-टी-(8)-1204 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं। बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 26 मई, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि एसडीएस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 07 जून, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Billu S/o Ramchandra, R/o 21 Salarpur Khadar, Salarpur, Gautam Buddha Nagar, U.P. Maharishi Nagar, U.P., 201304 I have changed my name from Pramod Kumar to Billu for all future purposes.

PD(058)C

HIMALAYA FOOD INTERNATIONAL LIMITED
Regd. Office: 118, 1st Floor, 12 Gagandeep Building, Rajendra Place, New Delhi-110008
Tel. +91 11 45108609, Fax: +91 1704 225178
E-mail id: cs@himalyainternational.com | website: www.himalayafoodcompany.com

NOTICE OF POSTAL BALLOT

NOTICE is hereby given to the members of Himalaya Food International Limited (the "Company") that pursuant to the provisions of Sections 108, 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ("the Act"), including any statutory modification(s), clarification(s), substitution(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force, read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (the "Management Rules") as amended, Secretarial Standard-2 on General Meetings (the "SS-2"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (the "SEBI Listing Regulations")read with General Circular no. 14/2020 dated April 8, 2020 and 17/2020 dated April 13, 2020, 22/2020 dated June 15, 2020, 33/2020 dated September 28, 2020, 39/2020 dated December 31, 2020 read with other relevant circulars, including General Circular No. 10/2021 dated June 23, 2021, General Circular no.20/2021 dated December 8, 2021 and General Circular no.3/2022 dated May 5, 2022 and General Circular No. 11/2022 dated December 28, 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs, in view of the COVID-19 pandemic (hereinafter collectively referred to as ("MCA Circulars")and other applicable laws, rules, circulars, regulations and notifications issued thereunder (including any statutory modification or re-enactment thereof, for the time being in force), the Company has dispatched the Postal Ballot notice on June 06, 2023 through electronic mode (e-mail) only to pass the following resolutions as special resolutions:

| S. No. | Resolution |
|---|---|
| 1. | Appointment of Mr. Surendra Kumar Kaushik (DIN: 05286196) as an Independent Director of the Company |
| 2. | Appointment of Mr. Man Mohan Malik (DIN: 00696077) as a Managing Director of the Company |

Members are informed that:
(a) In compliance with the applicable provisions of the Act & MCA Circulars, the Company has sent notice along with procedure & instructions for e-voting through electronic mode only, to those members whose names appear in the Register of Members or Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on Friday, June 02, 2023 ("cut-off date') and voting rights of the members are reckoned as on that day. Accordingly, physical copy of the Postal Ballot Notice along with Postal Ballot Forms and pre-paid business envelope is not being dispatched to the shareholders for this Postal Ballot exercise. Members are requested to refer e-voting instructions outlined in the notice to caste their vote on the resolutions proposed for their approval. Members are requested to give their assent/dissent to the proposed resolutions through e-voting facility only.
(b) Pursuant to the Circular, the Company has completed dispatched of the notice of Postal Ballot through email on June 06, 2023. The members who have not received the notice of Postal Ballot may download it from the website of the Company www.himalayafoodcompany.com or from the website of stock exchange i.e. BSE Limited.
(c) If your email id is already registered with the Company/Depository Participant, login details for e-voting will be sent on your registered e-mail address.
(d) The remote e-Voting period shall commence at 09:00 a.m. (IST) on Monday, June 12, 2023 and ends at 5.00 p.m. (IST) on Tuesday, July 11, 2023 (both days inclusive).The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter.
(e) Members who are holding shares in physical form or who have not registered their email addresses with the Company /Depositories, can obtain login credentials for e-voting as per following procedure:
1. For members holding shares in physical form, please send scan copy of signed request letter mentioning your folio no., complete address, email address to be registered along with self-attested copy of PAN and any document (such as Aadhar Card, Driving License, Voter Identity Card, Passport) supporting the registered address of the member, by email to the Company at cs@himalyainternational.com
2. For the members holding shares in demat form, please update your email address through your respective Depository Participants.
(f) M/s. RBS & Co., Practicing Company Secretaries represented by Mr. Rahul Sharma, Partner (CP No: 18610) have been appointed as the Scrutinizer to conduct the Postal Ballot through remote e-voting process in a fair and transparent manner.
(g) The results of the Postal Ballot will be announced on or before Thursday, July 13, 2023. The said results along with the Scrutinizer's Report would be communicated to the Stock exchange and uploaded on the website of the Company.
(h) All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Sr. Manager, (CDSL,) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on 022-23058542/43 or toll free no. 1800 22 55 33022.

By order of the Board
For Himalaya Food International Limited
Sd/-
Manpreet Kaur
Company Secretary

Date: 07.06.2023
Place: Paonta Sahib

# सेक्टर-126 में बनाया जाएगा फूड कोर्ट जोन

### इंदौर और लखनऊ के गली-मोहल्ले जैसा मिलेगा जायका

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

इंदौर और लखनऊ के जायकेदार खाना का स्वाद और अंदाज नोएडा वासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को भी दिया जाएगा। इसकी तैयारी प्राधिकरण ने शुरू की है। प्राधिकरण की सीईओ ने प्लानिंग विभाग को इसका एक खाका तैयार करने को कहा है। पहले फेज में इसे सेक्टर.126 में शुरू किया जाएगा।

यहां 70 से ज्यादा दुकानें है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा। यहां दुकानों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। जिसे फूड कोर्ट या जोन में बदल दिया जाएगा। इसके बाद यहां जायकेदार स्ट्रीट फूड मिलने लगेगा। प्राधिकरण ने बताया कि ये स्थान इसलिए चुना गया क्योंकि ये एक्सप्रेस वे नजदीक है। जो दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे को लिंक करता है। यहां आने वाले पर्यटकों को मनोरंजक सुविधाओं का आनंद लेने के साथ.साथ विभिन्न प्रकार के प्रसिद्ध व्यंजन का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए सड़कों को फसाड और अन्य रंगबिरंगा लाइट से सराबोर किया जा रहा है। जिससे देखने में आकर्षक माहौल मिलेगा और आगन्तुकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था भी की जाएगी।

ये स्ट्रीट ज्यादा सुंदर लगे इसके लिए दुकानों को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि उनके आगे और पीछे के क्षेत्रों को छुपाया जा सके। साथ ही सभी दुकानों को एक समान रूप देने के लिए एक समान चबूतरे का निर्माण किया जाएगा और सेंट्रल वर्ज का नए पत्थरों से जीर्णोद्धार किया जाएगा। आने वाले लोगों के बैठने के लिए आरामदायक विकल्प उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल वर्ज से सटाकर बेंच लगाई जाएंगी। नोएडा के सेक्टर-126 में वैडिंग जोन फूड स्ट्रीट के लिए एक प्रोटोटाइप के रूप में काम करेगा।

# किसानों ने किया प्राधिकरण के गेट पर हंगामा, डाला डेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर मंगलवार को किसानों ने जमकर हल्ला बोला। कार्यक्रम के तहत किसानों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर जमकर हल्ला बोला। सैकड़ों की तादाद में किसान प्राधिकरण पर पहुंचे।

प्राधिकरण के दोनों गेटों पर तालाबंदी करते हुए वहीं पर धरने पर बैठ गए। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले 45 गांवों के किसानों का धरना प्रदर्शन पिछले 43 दिन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर चल रहा है। जहां पर किसानों ने 43 दिनों से डेरा डाला हुआ है। किसानों ने पहले ही कार्यक्रम तय कर लिया था कि 6 जून को किसानों के द्वारा डेरा डालो घेरा डालो कार्यक्रम किया जाएगा। जिसके तहत 45 गांवों के किसान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचेंगे। प्राधिकरण के दोनों गेटों पर डेरा डाल दिया जाएगा। उसी तरह कार्यक्रम के तहत ट्रैक्टर और ट्रॉली में सवार होकर सैकड़ों की तादाद में किसान प्राधिकरण पहुंच गए। इस दौरान महिलाओं की तादाद काफी देखने को मिली।


लेबर चौक पर ऑटो/टेंपो चालकों को यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक करते ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

# यमुना के डूब क्षेत्र में चला नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

### 32 फार्म हाउस को तोड़ा गया, 40 करोड़ की जमीन अतिक्रमण मुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण ने नंगला अदुल्लापुर में 32 से ज्यादा फ ार्म हाउसों को तोड़ा गया। यह फ ार्म हाउस करीब 1.57 लाख वर्गमीटर जमीन पर बने हुए थे।

इस जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। नोएडा प्राधिकरण की वर्क सर्किल 9 और भू लेख विभाग को टीम के अलावा नोएडा पुलिस की मौजूदगी में फ ार्म हाउस तोड़े गए। इस मौके पर हल्का विरोध हुआ। लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लोगो को समझा कर शांत कराया। बता दे पिछले कई दिनों से फ ार्म हाउस तोड़ने के लिए पुलिस फ ोर्स मांगी जा रही थी। लेकिन नही मिल रही थी। आज फोर्स मिलने पर प्राधिकरण ने फ ार्म हाउस को तोड़े गए। इससे पहले भी नोएडा प्राधिकरण ने फार्म हाउस को तोड़े थे। उस दौरान करीब 150 फ ार्म हाउस तोड़े गए थे। जिसके बाद फार्म हाउस वाले हाई कोर्ट गए। जिसके बाद कोर्ट ने फ ार्म हाउस के प्रत्यावेदन निस्तारित करने के लिए कहा। प्राधिकरण ने सभी प्रत्यावेदनों का निस्तारण किया। इसके बाद एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया। जिसके बाद लगातार करवाई करने की बात सामने आ रही थी। लेकिन मंगलवार को सेक्टर 135 के नंगली असदुल्लापुर में 30 से ज्यादा फार्म हाउस तोड़ दिए गए।

साथ ही चतावनी दी गई की दोबारा बनाए जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण ने यमुना के अधिसूचित क्षेत्र और बाढ़ के मैदान में निर्माण के खिलाफ जून.2022 में सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। जिसमें लिखा था कि यूपी औद्योगिक विकास अधिनियम के प्राविधानों के तहत प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में बिना पूर्व अनुमति के निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है। यदि किसी के द्वारा कोई निर्माण किया गया है तो उसे अविलम्ब हटा दें, अन्यथा यदि नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पाया जाता है तो उसे ध्वस्त कर दिया जायेगा। डूब क्षेत्र में कितने फ ार्म हाउस बने हुए है। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने एक ड्रोन सर्वे कराया था। इस सर्वे में करीब 750 फ ार्म हाउस सामने आए थे।

यहां करीब 150 ऐसे फार्म हाउस है जो छिपे हुए है। इसको मिलाकर करीब 900 फ ार्म हाउस बने हुए है। पहले फेज में यहां करीब 150 फार्म हाउसों को ध्वस्त किया गया था। 1976 में 36 गांवों को मिलाकर नोएडा को बनाया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 24 घंटे खुले रहेंगे 155 दुकानें व प्रतिष्ठान

● मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद दी गई संचालित करने की अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 155 और दुकानों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। इस मंजूरी का मकसद रात में भी दिल्ली के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक नौकरी के अवसर पैदा करना है। साथ ही श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से गत दो वर्षों में कुल 523 दुकानों को 24 घंटे संचालित करने की अनुमति दी गई है। यह अब तक चली आ रही व्यवस्था में बहुत बड़ा बदलाव है। दिल्ली सरकार ने फाइल को उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजी दी है। दिल्ली सरकार के मुताबिक, इस विकास से व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों पर समान रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। अब व्यापारियों को ज्यादा समय तक सुविधा प्रदान करने की अनुमित से लोगों को भी सुविधा मिलेगी और वे 24 घंटे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे। सरकार ने आवेदकों को दिल्ली दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954 की धारा 14, 15 और 16 के तहत प्रतिष्ठानों को छूट प्रदान की है। इन धाराओं के तहत नाइट शिफ्ट में कर्मचारियों को काम पर रखने पर प्रतिबंध लगा हुआ था। साथ ही ऑफिस खोलने व बंद करने से संबंधित नियम व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए समय अवधि और छुट्टियों के नियम शामिल थे।

सीएम के दखल के बाद अब इंस्पेक्टर राज पूरी तरह से खत्म हो गया है और आवेदन की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। यानी अब व्यापारियों को सरकारी कार्यालयों में जाने की जरूरत नहीं होगी, उनके आवेदन जमा होने के चार सप्ताह के अंदर ही सत्यापन और ऑनसाइट निरीक्षण हो जाएगा।

यह कदम सरकार द्वारा फेसलेस सर्विसेज की तरह प्रशासनिक सुधार लाने के मिशन के अनुरूप उठाया गया है। इससे पहले दिल्ली में फेसलेस सेवा पहल के तहत आरटीओ कार्यालय की आवश्यकता को समाप्त करते हुए परिवहन विभाग को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है। इस पहल के बाद सरकार ने लाखों नागरिकों को घर बैठे ही आरटीओ सेवाएं प्रदान की हैं।

इन प्रतिष्ठानों के 24 घंटे संचालन की अनुमति देने का निर्णय व्यापार और इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के सरकार के विजन को दर्शाता है। साथ ही, यह भी दर्शाता है कि दिल्ल्ली में व्यापार करने के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

इसके अलावा, यदि कोई आवेदन अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विफल रहता है, तो भी सरकार आवेदक को गाइडलाइन के अनुसार अपनी कमियों को सुधारने और दोबारा अनुमोदन प्राप्त करने का अवसर देती है। इस तरह के प्रतिबंधों को समाप्त करने से व्यापारियों के पास अपने ग्राहकों की जरूरतों और मांगों को पूरा करने व विभिन्न क्षेत्रों में विकास के साथ नवाचार को बढ़ावा देने में आसानी होगी।

# जाफराबाद इलाके में बदमाशों ने की गोलीबारी, दो भाई समेत चार घायल

● घायलों में तीन के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर की गई गोलीबारी में दो भाइयों समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान समीर खोपड, अब्दुल हसन, अरबाज और उनके भाई हमजा के रूप में हुई है।

घायलों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी हालत गंभीर होने पर गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सोमवार देर शाम हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) संध्या स्वामी ने बताया कि पुलिस को रात करीब नौ बजे जाफराबाद की गली नंबर-38 में गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची, तो वहां खाली कारतूस पड़े मिले। खोपड, अरबाज और हमजा की पहले भी आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता रही है। फिलहाल, सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर किया गया है। इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और दोषियों को पकड़ने के लिए कई टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या घायलों का पहले से किसी से कोई विवाद तो नहीं था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही गोलीबारी के कारणों का पता चलेगा।

# आईएएस आशीष मोरे की बढ़ सकती है मुश्किलें

● झंगोला गांव भूमि हस्तांतरण मामले में विधानसभा की याचिका समिति ने भेजा समन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आईएएस आशीष मोरे

आईएएस आशीष मोरे की मश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली विधानसभा की याचिका समिति ने मंगलवार को मोरे को समन भेजा है।

मोरे के खिलाफ भूमि हस्तांतरण धोखाधड़ी के आरोपों के संबंध में एक याचिका की सुनवाई के बाद यह समन भेजा गया है। पिछले साल झंगोला गांव में एक भूमि हस्तांतरण धोखाधड़ी के लिए पांच एसडीएम और एक एडीएम अजीत ठाकुर, हर्षित जन, देवेंद्र शर्मा, पीसी ठाकुर,नागेंद्र त्रिपाठी, नितिन जिंदल को निलंबित कर दिया गया था। आशीष मोरे ने उसी गांव में एक ही प्रकार की भूमि के हस्तांतरण के लिए उसी तरीके का इस्तेमाल किया। सरकार से संबंधित विस्थापित संपत्ति को अवैध रूप से हस्तांतरित किया गया और लोगों को भूमिधारी अधिकार दिए गए।

आशीष मोरे ने उत्तरी दिल्ली जिले के डीएम रहते हुए उन अपीलों का फैसला किया जहां अवैध भूमि हस्तांतरण की गई थी।

सात दिन का समय समाप्त हो गया लेकिन याचिका समिति द्वारा मांगी गई फाइलें समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई। दिल्ली के मुख्य सचिव, मंडलायुक्त आईएएस आशीष मोरे को कल याचिका समिति में तलब किया है।

आईएएस आशीष मोरे की लगातार परेशानियां बढ़ रही है। वह लगातार विवादों में आते जा रहे है।

## नाबालिग लड़की का यौन शोषण, आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर इलाके में नाबालिग लड़की का कथित तौर पर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ने सोमवार को पुलिस को जानकारी दी कि एक नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया गया और उसका इलाज चल रहा है।

पीड़िता के माता-पिता का आरोप है कि जिस घर में वह किराएदार के तौर पर रहते हैं, उसी घर में रहने वाले एक लड़के ने उनकी बेटी के साथ बदसलूकी की। भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (यौन उत्पीड़न के लिए सजा) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत न्यू अशोक नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है।

# जल बोर्ड दिलाएगा दूषित पानी की समस्या से छुटकारा

● हिलियम लीकेज डिटेक्शन तकनीक सड़कें खोदे बिना पाइपलाइन में लीकेज की मिलेगी जानकारी : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



तकनीक की जानकारी लेते जल मंत्री सौरभ भारद्वाज

भूमिगत पाइपलाइन में पानी की लीकेज का पता लगाने के लिए जगह-जगह सड़क तोड़कर जमीन खोदने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हिलियम लीकेज डिटेक्शन तकनीक की मदद से पानी की पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। इससे लोगों को दूषित पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। जल मंत्री सौरभ भारद्वाज मंगलवार को शाहपुर जाट में पाइपलाइन में लीकेज व दूषित पानी का पता लगाने वाले आधुनिक उपकरण का निरीक्षण करने पहुंचे।

हिलियम लीकेज डिटेक्शन तकनीक का परीक्षण कर पता लगाया कि यह उपकरण कितनी सफल तरीके से काम कर रहा है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शाहपुर जाट में कुछ दिनों से दूषित पानी की सप्लाई की शिकायतें मिल रही थी। दरअसल, कई बार पीने का पानी और सीवर का पानी मिल जाता है। पेयजल पाइपलाइन में लीकेज के चलते यह समस्या उत्पन्न होती है। पाइपलाइन में हिलियम गैस इंजेक्ट कर जगह-जगह ड्रील कर चेक किया जाता है और पता लगाया जाता है कि हिलियम गैस कहां पर ग्राउंड सरफेस तक आ रही है। जिस जगह पर पाइपलाइन में लीकेज होती है वहां गैस सरफेस पर आती है।

### यह है लीकेज ढूंढ़ने का तरीका

*हीलियम किसी भी अन्य गैस की तुलना में जल में सबसे कम घुलनशील है। ऐसे में मेडिकली यह गैस कोई नुकसान नहीं करती है। पानी की पाइपलाइन में लीकेज का पता लगाने के लिए एक दिन पहले पाइपलाइन में हिलियम गैस डाली जाती है। फिर जगह-जगह ड्रील करके आधुनिक तकनीक के जरिए चेक किया जाता है। लीकेज वाली जगह पर हिलीयम गैस सरफेस पर आती है। ऐसे में केवल लीकेज वाली जगह पर ही खुदाई करनी होती है। लाइन को पूरा खोदने की जरूरत नहीं पड़ती। ड्रील 400 एमएम गहराई तक जाता है।*

# एम्स ने साइबर सुरक्षा में सेंध को किया नाकाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की कंप्यूटर प्रणाली में मंगलवार को वायरस हमले का पता लगाया गया जिसे संस्थान में स्थापित साइबर सुरक्षा प्रणाली ने निष्क्रय कर दिया।

एम्स ने एक बयान में कहा कि मंगलवार अपराह्न करीब दो बजकर 50 मिनट पर संस्थान में तैनात साइबर सुरक्षा टीम ने वायरस हमले का पता लगाया। सेंध लगाने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और खतरे को निष्क्रय कर दिया गया। अस्पताल की ई-सेवा पूरी तरह से सुरक्षित है और सामान्य तरीके से काम कर रही है।

अस्पताल पर साइबर हमले की अफवाह फैलने पर इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्विटर पर स्थिति स्पष्ट की और कहा कि एम्स की प्रणाली में कोई सेंध नहीं लगी है। उन्होंने ट्वीट किया कि एम्स का ई-अस्पताल आतंरिक ऐप है और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं है। किसी ने इस पोर्टल में सेंध लगाने की कोशिश की लेकिन एम्स की सुरक्षा प्रणाली की सतर्कता से यह नाकाम कोशिश रही।

# दशकों से बंद तरणताल फिर शुरू, 5 स्कूल करेंगे प्रयोग

● विधानसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उद्घाटन के मौके पर विस अध्यक्ष रामनिवास गोयल और पानी में तरते बच्चे।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने शहादरा स्थित बाबूराम स्कूल में तरणताल का उद्घाटन किया। इस तरणताल का लाभ आसपास के 5 स्कूलों के बच्चे भी उठा सकेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दिशा निर्देशन में शहादरा विधानसभा विकास के नए आयामों को छू रहा है। इस तरणताल, टॉयलेट और चेंजिंग रूम के निर्माण पर 1.5 करोड़ की लागत से किया गया है। तरणताल का निर्माण तय समय सीमा से 1 साल से भी पहले पूरा किया गया है।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि यह तरणताल 70 के दशक में बना था लेकिन यह बंद पड़ा था। बच्चों और शिक्षकों के बार-बार अनुरोध करने पर इस तरणताल के नवीनीकरण का काम किया गया और आज इस तरणताल को बच्चों और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए खोल दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि दिल्ली सरकार का शिक्षा के साथ-साथ खेलो को बढ़ावा देने के लिए भी संकल्प है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में खेलों के लिए मूलभूत अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करा रही है ताकि बच्चे दिल्ली का नाम रोशन करें।

### तीन सड़कों की होगी मरम्मत

विधानसभा अध्यक्ष ने शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में तीन सड़कों के मरम्मत कार्य का भी उद्घाटन किया जिसमें पहली सड़क भोला नाथ नगर में पांडव रोड से पीडब्ल्यूडी रोड, दूसरी सड़क धोबी घाट वाली रोड और तीसरी सड़क लिंक रोड विवेक विहार में है।



# दिल्ली दंगे : 13 के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश

● आपराधिक षड्यंत्र, हत्या की कोशिश करने का मामला दर्ज था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 13 आरोपियों के खिलाफ 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के एक मामले में दंगे करने, आपराधिक षड्यंत्र रचने और हत्या की कोशिश करने समेत विभिन्न आरोप तय करने का आदेश दिया है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने उन 13 लोगों के खिलाफ मामले की सुनवाई की, जिन पर 25 फरवरी, 2020 को गौतम विहार में शिकायतकर्ता पर तलवारों और अन्य हथियारों से हमला करने वाली भीड़ का हिस्सा होने का आरोप है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने, दंगा करने, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, हत्या का प्रयास करने और लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा करने के आरोपों के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है।

न्यायाधीन ने तीन जून को पारित आदेश में कहा, सिर शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और हर समझदार व्यक्ति को यह सामान्य ज्ञान है कि सिर पर किसी भी तरह से चोट पहुंचाने से मौत हो सकती है यदि किसी व्यक्ति के सिर पर तलवार जैसे हथियार या किसी अन्य वस्तु से एक से अधिक बार हमला किया जाता है। इस मामले में न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने मोहम्मद अनस, मोबीन, मोहम्मद जावेद खान, फैसल, शहजाद खान, शोएब खान, इमरान खान, बादशाह खान, इरफान खान, सिराज खान, अरमान, अमन और इकबाल खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## नाबालिग को भेजा बाल आश्रयगृह

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने 14 वर्षीय गर्भवती नाबालिग तथा उसके अभिभावकों द्वारा चिकित्सकीय गर्भपात के लिए सहमति देने से इनकार किए जाने के बाद नाबालिग को देखभाल के लिए बाल आश्रय गृह भेजे जाने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि याचिकाकर्ता लड़की 27 सप्ताह की गर्भवती है और वह नौ महीने तक गर्भ को रखना चाहती है। उसके भाई, अभिभावकों का भी यही रुख है। यह गर्भावस्था नाबालिग तथा एक व्यक्ति के बीच संबंधों का परिणाम है और व्यक्ति यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आपराधिक कार्रवाई का सामना कर रहा हैं।

# प्रोफेसरों की स्थायी नियुक्ति को लेकर आप शिक्षक संघ करेगा भूख हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में नियुक्तियों और बड़ी संख्या में एडहॉक शिक्षकों को हटाने के विरोध में आम आदमी पार्टी शिक्षक विंग (एएडीटीए) 8 जून को विश्वविद्यालय परिसर में भूख हड़ताल करेगा।

एएडीटीए के राष्ट्रीय संयोजक आदित्य मिश्रा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि डीयू में बहुत सारे शिक्षक ऐसे हैं जो 15 से 20 साल से पढ़ा रहे हैं। कई टॉपर हैं तो कई गोल्ड मेडलिस्ट हैं, उन्हें भी हटा दिया गया है और उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कुलपति शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं। विधायक संजीव झा और आम आदमी पार्टी शिक्षक विंग के राष्ट्रीय संयोजक आदित्य नारायण मिश्रा ने मंगलवार को संवादाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर के रवैए के कारण यूनिवर्सिटी का नुकसान हो रहा है।

विवि का कामकाज गवर्निंग बॉडी के जरिए होता है। हर कॉलेज के गवर्नेंस की जिम्मेदारी गवर्निंग बॉडी की होती है। किसी तरह की नियुक्ति या कोई फैसला बिना गवर्निंग बॉडी और चेयरमैन के नहीं होना चाहिए। अगर पूर्ण गवर्निंग बॉडी बन जाती है तो भी कॉलेजों के एडहॉक शिक्षकों की पहले नियुक्ति की जाए।

## संक्षिप्त समाचार



केंद्रीय रसायन और उर्वरक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया से राजभाषा शील्ड ग्रहण करते नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अतुल बी. पाटिल।

### एनएफएल को हिंदी में सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार

नई दिल्ली। नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड को वर्ष 2022-23 के दौरान हिंदी में सर्वोत्कृष्ट कार्य के लिए उर्वरक विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में 30 मई को आयोजित रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान रसायन और उर्वरक एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से प्रबंध निदेशक अतुल बी. पाटिल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने ग्रहण किया। इसके साथ ही एनएफएल के कल्याण सिंह वर्मा, प्रबंधक(राजभाषा) को सर्वोत्कृष्ट राजभाषा अधिकारी के रूप में राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### पॉवर ग्रिड सतर्कता कार्यशाला का मसूरी में आयोजन



**नई दिल्ली।** पॉवर ग्रिड सतर्कता पर मसूरी में तीन दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन पॉवर ग्रिड के मुख्य सतर्कता अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मदान द्वारा दीप प्रज्ज्वलि करके किया गया। कार्यशाला में शीर्ष अधिकारी वीके सिंह, एके मिश्रा, एस. पप्पू सिंह, मनोज कुमार, दीपक कुमार, जीएस राव मौजूद थे। कार्यशाला में 'नीतिशास्त्र और मूल्य-नैतिक दुविधा को हल करने' के विषय पर जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान, आंतरिक संकायों द्वारा विभिन्न विषयों पर जैसे का अवलोकन विषय के महत्व पर परिचर्चा की गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपण का आयोजन

**नई दिल्ली।** स्वयंसेवी संगठन कुशाग्र फांउडेशन द्वारा पर्यावरण दिवस पर महरौली के देवभूमि पार्क में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष सुनीता फरस्वान ने कहा कि यह दिन सभी के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ लेने का दिन है। सभी लोगों को आज के दिन इस प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिये। इस अवसर पर महासचिव हेमलता चिनवान, शान्ति चिनवान, कमल सिंह नेगी, महावीर फरस्वान, गीता रावत, माला झा, बीना सिंह, कलावती पवार, पुष्पा रावत, कशिश फरस्वान अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### मोदी के नेतृत्व देश का हो रहा विकास : रूपाणी

**नई दिल्ली।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता विजय रूपाणी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सही दिशा में विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने यह बात कई भाजपा नेताओं के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में कही। प्रेसवार्ता में मोदी सरकार के नौ साल के कार्यों को जनता तक ले जाने का संकल्प लिया गया। विजय रुपाणी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किए गए 9 सालों के कार्यों को हम जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे देश में एक विशेष अभियान चला रहे हैं और इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता देश के सभी लोकसभा में जाएंगे। प्रेसवार्ता में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह और सांसद मनोज तिवारी आदि मौजूद थे।

**गुरु गोबिंद सिंह इन्द्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह**

# एलजी ने बांटी 28,000 डिग्रियां और 87 गोल्ड मेडल

## कार्यक्रम छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



छात्रा को डिग्री देते उपराज्यपाल वीके सक्सेना व शिक्षा मंत्री आतिशी।

उपराज्यपाल वी.के सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों का घर है, इसके बावजूद दिल्लीवासियों में इसके लिए अपनेपन की भावना नहीं है तथा उन्हें जिम्मेदार बनना चाहिए।

सक्सेना ने यहां गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, जैसा कि कहा जाता है कि दिल्ली में देश के विभिन्न हिस्सों से आए और विभिन्न संस्कृतियों के लोग रहते हैं। शहर में देशभर से आए लोग रहते हैं और यहां काम करते है। दिल्ली वास्तव में एक लघु-भारत है। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के 15 वें दीक्षांत समारोह में 28 हजार डिग्रियां और 87 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इनमें 149 पीएचडी डिग्री, 32 एमफिल, 3302 पोस्ट ग्रेजुएट, 23690 ग्रेजुएट डिग्री, 521 एमबीबीएस, 460 एमडी /एमएस/ आयुर्वेद वानस्पति डिग्री आदि शामिल है। एलजी ने बताया कि महात्मा गांधी ने कहा था, अपनी बुद्धि के बारे में बहुत अधिक आश्वस्त होना बुद्धिमानी नहीं है। क्योंकि सबसे मजबूत कमजोर हो सकता है और सबसे बुद्धिमान गलती कर सकता है।

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक है।

आप सभी को आभारी होना चाहिए कि कई लोगों के विपरीत, आपको अच्छे संस्थान में पढ़ने का अवसर मिला। लेकिन साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि आप ही की उम्र के कई ऐसे छात्र भी होते हैं जो जीवन के इस पड़ाव तक नहीं पहुंच पाते और अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाते। इसलिए उन्हें लगता है कि यह छात्रों के लिए अपने माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर है, जो इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही शिक्षक भी जो अधिकांश छात्रों के लिए रोल मॉडल हैं।

### नए परिसर का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आठ जून को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के पूर्वी दिल्ली परिसर का उद्घाटन करेंगे। आतिशी ने कहा, केजरीवाल सरकार द्वारा यमुना पार क्षेत्र में दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और एनएसयूटी के परिसर खोले गए। अब, मुख्यमंत्री आठ जून को जीजीएसआईपीयू के पूर्वी दिल्ली परिसर का उद्घाटन करेंगे। मंत्री ने कहा कि परिसर 19 एकड़ में फैला हुआ है और इसे 388 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया परियोजना के हर चरण में शामिल थे।

# हरियाणा के युवा मूर्ति शिल्पकारों के संग टाबर उत्सव में विद्यार्थी सीखेंगे मूर्तिकला के हुनर

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**स्कूल** स्तर के 5वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2023 प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक सरकारी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। गुरुग्राम में यह शिविर सुखराली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में चलाया जा रहा है। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी (मूर्तिकला) हृदय प्रकाश कौशल तथा कार्यक्रम अधिकारी (कल्चर) पूनम अहलावत की देखरेख में

### रावमावि सुखराली में 30 जून तक चलाया जा रहा ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2023

आयोजित इस शिविर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक विद्यार्थियों को आधुनिक मूर्तिशिल्प क्ले मॉडलिंग, रिलिफएवं 3डी स्कलप्चरल आर्ट में हरियाणा संस्कृति पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के माध्यम से हरियाणा राज्य के होनहार छात्र-छात्राओं को मूर्ति शिल्प कला में अपनी प्रतिभा निखारने व राज्य में लुप्त हो रही मूर्तिकला के विकास



रावमावि सुखराली में ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव-2023 में भाग लेते बच्चे।

का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

डीसी निशांत कुमार यादव के मुताबिक शिविर में सरकारी स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को कला के क्षेत्र में तकनीकी दृष्टिकोण प्रयोगात्मक अभ्यास के साथ लर्निंग बाय डूईंग प्रोसेस से मूर्तिशिल्प व क्राफ्ट की सौंदर्यात्मक एवं विभिन्न माध्यमों में नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण भी मिलेगा। इससे सभी विद्यार्थी भविष्य में कला प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर की मूर्तिशिल्प प्रतियोगिताओं के बारे में भी जानेंगे। डीसी ने बताया कि शिविर में विभाग द्वारा हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों से नियुक्त किए गए कलाकारों एवं सह कलाकारों द्वारा हर्ष एवं उत्साह के साथ सभी विद्यार्थियों को मूर्तिकला विधा में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे क्ले, पीओपी ( अन्य माध्यम ) व सामग्री आदि से लघु मूर्ति शिल्पों को बना कर रंगों से हुनर भी सिखाए जाएंगे। जिससे भविष्य में उनको मूर्तिकला क्षेत्र में शिक्षा के साथ मूर्तिकला के क्षेत्र में प्रतियोगिता, रोजगार एवं मूर्तिकला के क्षेत्र में कैरियर बनाने का भी ज्ञान मिलेगा।

शिविर में किसी भी आयु वर्ग के कोई भी विद्यार्थी एक महीने के लिए नि: शुल्क भाग ले सकते हैं। मूर्तिशिल्प एक मात्र ऐसा विषय है, जिसमें सभी विषयों का अध्ययन एक साथ हो जाता है। मूर्तिकला बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक ज्ञान को नवीनता प्रदान करती है।

हरियाणा राज्य में लुप्त होती मूर्तिकला का विकास एवं विभिन्न माध्यमों में जैसे धातु लकड़ी, पत्थर, पीओपी, टैराकोटा, कांच, वैल्डिंग, सिरामिक, असेम्बलेज आदि माध्यमों से भी अवगत करवाया जाएगा। इस शिविर में शिल्पकार कमलजीत अलग-अलग कक्षाओं को प्रयोगात्मक व रोचक बनाने के लिए लाईव मोडल डेमो से भी कार्य करवा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने पौधारोपण करने का संदेश



**सोहना।** एसडीएम प्रदीप मलिक ने पौधारोपण करके ग्रामीणों को पर्यावरण शुद्धीकरण का संदेश दिया। एसडीएम ने ग्रमीणों को अपनी में जन्मदिन के मौके पर एक पौधा लगाकर यादगार बनाए। एसडीएम प्रदीप मलिक ने सोमवार को बादशाहपुर टैठड़ के राजकीय की प्राथमिक पाठशाला के परिसर में पौधारोपण करते पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए संदेश दिया तथा ग्रामीण नागरिकों अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक करने को भी कहा। उन्होंने ग्रामीण नागरिक को हर वर्ष अपना जन्मदिन मनाते हुए एक पौधा लगाने को कहा ।जिससे हमारे दुनिया में आने और जाने के बाद पहचान बनी रहे ।एसडीएम ने कहा कि घर के आंगन और औषधि देने वाले पौधें लगाए। खाली परिसर के अनुसार पौधे का चयन करे। जिसमें फ्लदार हो ।किसानों को अपने खेतों के किनारे अधिक से अधिक पौथे लगाए। यही संदेश ग्राम पंचायत सदस्य से लेकर समाज सेवक और संस्थाएं आगे आए। एसडीएम के जागरुकता वाले संदेश से प्रेरित होकर हर साल सामुहिक रूप से पौधारोपण करने की शपथ ली।

### दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग के साथ अवैध बोर्ड लगने को मची होड़

**सोहना।** दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग के साथ-साथ अवैध बोर्ड लगने शुरू हो गए हैं। एनएचएआई के अधिकारी राष्ट्रीय मार्ग पर लगाए जा रहे अवैध होर्डिंग को लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रीय मार्ग के साथ लगे होर्डिंग से वाहन चालकों को आंखों पर पड़ने वाली चमक व ध्यान बंटने से परेशानी हो रही है। गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के साथ जूड़ा राष्ट्रीय मार्ग दिल्ली-वडोदरा के साथ-साथ अवैध बोर्ड लगन की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ने लगी है। क्षेत्र में विकसित हो रही सोसायटियां से लेकर स्कूल व यूनिवर्सिटी अपना प्रचार-प्रसार होर्डिंग लगाकर कर रही हैं। जिसको लेकर होर्डिंग लगाने की भी होड़ मची हुई है। राष्ट्रीय मार्ग दिल्ली-वडोदरा के साथ-साथ लगे बोर्ड चमकदार और आकर्षित करने वाली तस्वीर वाले हैं। जिनके माध्यम से सूर्य की रोशनी अधिक चमकदार बन राष्ट्रीय मार्ग पर दौड़ रहे वाहनों पर पड़ रही है। जिससे चालक का ध्यान वाहन चलाते समय अचानक से चमक की तरफ जाता है। जिससे सड़क हादसा होने का खतरा बढ़ जाता है। राष्ट्रीय मार्ग पर बने फ्लाइऑवर से की ऊंचाई भी होर्डिगों की ऊंचाई अधिक है। होर्डिंग लगाने वाली कंपनी, संस्था या यूनिवर्सिटी अपना नाम दूर से ही नागरिकों का ध्यान अपनी और खींचने के उद्देश्य है। जिनके आंधी या तूफान के दौरान गिरने का खतरा मंडराता रहता है। निशांत सिंह स्थानीय प्रबंधक एनएचआई ने बताया कि राष्ट्रीय मार्ग के साथ लगने वाले होल्डिंग व बोर्ड को हटाने के लिए एजेंसी को ठेका दिया हुआ है। एजेंसी समय-समय पर इनके खिलाफ अभियान चलाकर हटाती रहती है। जल्द ही इसके प्रति कड़ी कार्रवाही की जाएगी।

### पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए चलाया टीकाकरण अभियान



**गुरुग्राम।** पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं को मुंह-खुर और गलघोटू बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में पशु चिकित्सक पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण कर रहे हैं। इसके साथ-साथ पशुओं के कान में 12 अंकों का टैग भी लगाया जा रहा है। विभाग के अधिकारी इस अभियान का निरंतर निरीक्षण भी कर रहे हैं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की उपनिदेशक डॉ. पुनीता ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पशुओं को मुंहखुर तथा गलघोटू बीमारी की रोकथाम के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस टीकाकरण अभियान में चार महीने से छोटे बछड़े-बछड़ी व कटड़े-कटड़ी तथा सात महीने से ज्यादा गर्भवती गायों और भैंसों को छोड़कर सभी गाय एवं भैंसों आदि की प्रजाति के पशुओं को टीकाकरण अभियान में शामिल किया गया है। इस दौरान पशुओं के कान में 12 अंकों का टैग भी लगाया जाएगा जिसको ऑनलाइन किया जाएगा, ताकि पशुपालन विभाग पशु पालकों के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं बनाकर पशु पालकों की आमदनी को बढ़ा सके। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के दौरान पशुपालकों को पशु पालन से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु पालकों को जागरूक किया जा रहा है कि टीकाकरण से पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। ऐसे में पशुपालक विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान के तहत पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

# हरियाणवीं भाषा व कलाकारों के बिना बॉलीवुड की फिल्में अधूरी: नवीन गोयल

### गुरुग्राम की प्रतिभाओं का बॉलीवुड में है जलवा

### फिल्म क्रेजी4डांस की प्रमोशन कार्यक्रम में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फिल्म** क्रेजी4डांस का प्रमोशन करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हम सबके सांझा प्रयास होने चाहिए।

गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा के युवाओं का फिल्म, खेल, शिक्षा, कला, सेना समेत हर क्षेत्र में जलवा है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड में हरियाणवी का भी दबदबा है। आज



फिल्म क्रेजी4डांस को लेकर पत्रकार वार्ता में नवीन गोयल के साथ कलाकार।

बिना हरियाणवी भाषा और कलाकारों के फिल्में अधूरी ही हैं। फिल्म के कलाकारों को फिल्म के लिए शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि कला और कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार ने काफी सकारात्मक कार्य किये हैं। हरियाणा में फिल्म पॉलिसी बनाई है। दिवंगत फिल्म अभिनेता सतीश कौशिक, रणदीप हुड्डा, राजकुमार राव समेत अनेक हरियाणवियों ने बॉलीवुड में अपने बेहतर अभिनय से नाम कमाया। दिवंगत अभिनेता सुनील दत्त भी हरियाणा के ही रहने वाले थे। मेवात से सलमान अली ने गायकी में खुद को बॉलीवुड में स्थापित किया है। इनके अलावा भी अनेक कलाकारों ने बॉलीवुड में पैर जमाए हैं। नवीन गोयल ने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कोई खुद की मेहनत से निखर गया तो किसी को समाज का सहयोग मिला तो वह ऊंदे ओहदे तक पहुंचा। हम सबका यही प्रयास होना चाहिए कि हम नई प्रतिभाओं को आगे लाने का काम करें। मीडिया की इसमें सबसे बड़ी भूमिका होती है। नवीन गोयल ने कहा कि क्रेजी4डांस फिल्म एक संघर्षशील युवा की कहानी है। नवीन गोयल के साथ भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, समाजसेवी गजेंद्र गुप्ता (बॉबी) मौजूद रहे।

फिल्म क्रेजी4डांस के अभिनेता बॉबी धवन ने कहा कि आगामी 7 जुलाई 2023 को रिलीज होने वाली यह उनके अपने जीवन के संघर्ष पर बनी फिल्म है। फिल्म के प्रमोशन अवसर पर शिग्रा बॉबी डांस अकादमी टीम से प्रोड्यूसर विकास कुमार, मालती रावत, अनिल कुमार के अलावा एक्टर दीप्ति कुमार शिगरा, सिमरन कौर, विवेक वर्मा, विशाल लखवन, नव्या, रोशनी, प्रवीन, मामचंद, फिल्म वितरक कृष्ण नैयर, कू मेंबर दीपेंद्र, सविंद्र कौर, प्रमोद, राज, लखन, सागर, विवेक सरवन, सागर कुमार दास, विकी मेहरा, राजेश बागड़ी, महेश सौदा, सतीश कुमार, सतीश गुज्जर मौजूद रहे।

# जिम्नास्टिक चैंपियनशिप से जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया सम्मान व स्वागत



जिम्नास्टिक चैंपियनशिप से जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत करते हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल अम्मू।

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**एशियन** जिमनास्टिक्स यूनियन व फिलीपींस जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के द्वारा मनीला में 19वीं जूनियर व 14वीं सीनियर एशियन रिदमिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन 31 मई से 3 जून 2023 तक किया गया। प्रतियोगिता में 20 सदस्य भारतीय जिम्नास्टिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भारत की टीम में हरियाणा के गुरुग्राम से कुमारी ध्रुवी चौधरी, लाइफ अदलखा व मिहिरा प्रभु ने प्रतियोगिता में भाग लिया। भारत की टीम ग्रुप इवेंट में फाइनल में पंहुची थी और 8वां स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के कार्यालय में हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल अम्मू द्वारा सभी खिलाड़ी व

### भारत के 20 सदस्यीय दल में तीन खिलाड़ी गुरुग्राम से रहे शामिल

जिम्नास्टिक प्रशिक्षक एवं हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के महासचिव संदीप कुमार का सम्मान किया। अम्मू ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। सभी खिलाड़ियों ने अपने मनीला में प्रतियोगिता के अनुभव सांझा किए। एसोसिएशन के प्रधान सूरजपाल अम्मू द्वारा सभी खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस स्वागत समारोह में हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष व पयरव, उपनिदशक खेल पारस राम, जिला खेल अधिकारी संधू बाला समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बोधराज सीकरी की अगुवाई में डिस्पेंसरी व वाटर एटीएम का उद्घाटन



डिस्पेंसरी के उद्घाटन अवसर पर मौजूद अतिथि।



वाटर एटीएम का उद्घाटन करते बोधराज सीकरी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन गुरुग्राम के उपप्रधान राजकुमार कथूरिया एडवोकेट द्वारा अपने स्व. पिता सोहन लाल कथूरिया की स्मृति में होम्योपैथी डिस्पेंसरी की शुरुआत कथूरिया मार्केट ज्योति पार्क में की गई। इस डिस्पेंसरी का संचालन पंजाबी बिरादरी महासंगठन के उपप्रधान राजकुमार कथूरिया द्वारा किया जाएगा। धर्मेंद्र बजाज के वयोवृद्ध पिता ने डिस्पेंसरी के शुभारंभ पर यज्ञ किया। बोधराज सीकरी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे, इसी ध्येय की पूर्ति के लिए पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा ये प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश कथूरिया, रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, सुरेंद्र खुल्लर, रमेश कालरा, यदुवंश चुग, रमेश कामरा, ओपी कालरा, भीमसेन, अर्जुन नासा, नरेंद्र कथूरिया, एसके कुमार, सुभाष नागपाल, सुभाष गांधी, सुभाष डुडेजा, रमेश चुटानी, किशोरी लाल डुडेजा, ज्योत्स्ना बजाज, राजपाल आहूजा, हरीश शर्मा, पंडित चुन्नीलाल व शहर के जाने-माने गणमान्य व्यक्ति टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, चोटी पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट जो डॉ. त्रिलोक आहूजा के संयोजन में चलता है, उनके द्वारा फ्री आई चेकअप कैम्प का भी आयोजन किया गया।

**वहीं दूसरी ओर** गीता भवन न्यू कॉलोनी में और भीम नगर स्थित स्वर्णकार वंश द्वारा संचालित श्री गीता सार मंदिर में बोधराज सीकरी के अथक प्रयासों एवं गीता सार मंदिर के प्रधान तिलक राज मल्होत्रा और गीता मंदिर के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर के सहयोग से सामुदायिक पेयजल परियोजना से आमजन के लिए केवल 7 रुपये में 20 लीटर शुद्ध पेयजल वितरित करने के लिए वाटर एटीएम का शुभारंभ हुआ। ये वाटर एटीएम मशीन तोयम कंपनी और पंजाब नेशनल बैंक के सामूहिक प्रयास से लगाई गई हैं। तोयम कंपनी से सूर्या भानु दलाल जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, कुमार प्रिय रंजन मैनेजिंग डायरेक्टर और पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग के रीजनल हेड शंकर सचदेव ने बोधराज सीकरी के साथ मिल कर इन दोनों जगह पर वाटर एटीएम का उद्घाटन किया। बोधराज सीकरी ने जल और पर्यावरण पर अपने विचार रखे। गीता मंदिर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश कथूरिया, रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, रमेश कालरा, रमेश कामरा, ओपी कालरा, किशोरी लाल डुडेजा, अशोक गेरा, उदय भान ग्रोवर, यदुवंश चुग, जय देव गुप्ता, अरविंद गुप्ता, श्याम गुप्ता, रवींद्र खुल्लर, दयाल चंद ग्रोवर, केसर दस ग्रोवर, राकेश शर्मा और गीता सार मंदिर में संघ के प्रधान प्यारे लाल वर्मा, गौरी शंकर, हरीश वर्मा, गंगाधर टेक चंद वर्मा एवं वर्मा बिरादरी के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तिलक राज मल्होत्रा ने भी पानी के महत्व पर बल दिया।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, मिशन लाइफ की ली शपथ

**गुरुग्राम।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम गुरुग्राम, सेंटर फॉर साइट, देशवाल वेस्ट मैनेजमेंट तथा डीपीएसजी पालम विहार द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा मिशन लाइफ की शपथ ली। कार्यक्रम में डीपीएसजी स्कूल के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में 16 स्कूलों, 6 आरडब्ल्यूए, 4 अस्पतालों, 15 सामाजिक कार्यकर्ताओं, 6 सामाजिक संगठनों, एक मार्केट एसोसिएशन व एक कॉरपोरेट को पर्यावरण रक्षक अवार्ड-2023 प्रदान किया गया। अपने संबोधन में नगर निगम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी सुभाष यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हम सभी को एक साथ आकर इसके लिए प्रयास करने होंगे।

# फोर्ब्स एशिया ने 2023 की 30 अंडर 30 क्लास में एड - टेक गेम चेंजर के रूप में अतुल्य कौशिक को सम्मानजनक स्थान दिया

### उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर से ताल्लुक रखने वाले अतुल्य कौशिक इस साल फोर्ब्स की 30 अंडर 30 एशिया सूची में भारत के कुछ चुनिंदा सम्मानितों के बीच शामिल हैं

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**प्लेसमेंट** की तैयारी के लिए भारत की अग्रणी वेबसाइट, प्रेपिंस्टा के ऊर्जावान सह - संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतुल्य कौशिक ने सम्मान की नई ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। फोर्ब्स एशिया ने 2023 की बहुप्रतीक्षित फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया क्लास में अतुल्य कौशिक को सम्मानित किए जाने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर से ताल्लुक रखने वाले अतुल्य कौशिक इस साल फोर्ब्स की 30 अंडर 30 एशिया सूची में भारत के कुछ चुनिंदा सम्मानितों के बीच शामिल हैं।



प्रतिष्ठित फोर्ब्स 30 अंडर 30 एशिया 2023 में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 300 असाधारण व्यक्तियों की असाधारण उपलब्धियों की सराहना की गई है, जिन्होंने एशिया के लगातार बदलते व्यावसायिक परिदृश्य में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस विशिष्ट वर्ग में, 10 अलग - अलग श्रेणियों में से प्रत्येक में 30 सम्मानितों का चयन किया गया है। इन श्रेणियों में कला (कला और शैली, खाद्य और पेय); मनोरंजन और खेल; वित्त और उद्यम पूंजी; मीडिया, विपणन और विज्ञापन; खुदरा और ईकॉमर्स; उद्यम प्रौद्योगिकी; उद्योग, विनिर्माण और ऊर्जा; स्वास्थ्य देखभाल और विज्ञान; सामाजिक प्रभाव और उपभोक्ता प्रौद्योगिकी शामिल हैं। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशिष्ट सम्मानित व्यक्तियों में से एक, अतुल्य कौशिक, प्रेपिंस्टा के प्रतिभाशाली सह - संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, जिनके दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता ने पूरे भारत के टियर 2 और टियर 3 कॉलेजों में छात्रों के लिए एक असाधारण उपलब्धि - सृजन रोजगार के अवसरों के लिए आधार तैयार किया है।

इस सम्मानित सूची को क्यूरेट करने के लिए, फोर्ब्स एशिया की पत्रकारों और संपादकों की मेहनती टीम हजारों ऑनलाइन सबमिशन के माध्यम से सावधानीपूर्वक छानबीन करती है, उद्योग के स्रोतों से परामर्श करती है, और सम्मानित पूर्व छात्रों से सिफारिशें लेती है। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी श्रेणी में नामित व्यक्तियों का स्वतंत्र जजों के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा कठोरतापूर्वक मूल्यांकन किया गया। जजों के इस पैनल में ओपनस्पेस वेंचर्स के संस्थापक भागीदार हियान गोह; गोल्डन गेट वेंचर्स के संस्थापक भागीदार विनी लॉरिया; और अल्फा जेडब्ल्यूसी वेंचर्स के सह - संस्थापक और सामान्य भागीदार चंद्र टजन; के साथ-साथ फोर्ब्स एशिया के विशेषज्ञ शामिल रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को सरपंच सुंदर लाल यादव ने किया सम्मानित




क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम का स्वागत व सम्मान करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** सेक्टर-82 स्थित गुरू द्रोणाचार्य स्पोर्ट्स अकादमी में चैंपियन क्रिकेट लीग सीजन-3 का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट लीग में 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें सीजन पार्टनर व अल्टिमा वॉरियर फाइनल में पहुंची। सीजन पार्टनर ने जीत दर्ज करके टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को पंचायत राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने भी अपने कार्यालय में सम्मानित किया।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हमारे युवाओं का खेलों की तरफ काफी रुझान बढ़ रहा है। यह अच्छी बात है। स्थानीय स्तर के खेलों से लेकर ओलंपिक तक में हमारे खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को बचपन से ही खेलों में भी शामिल करना चाहिए। उनकी रुचि का जो भी खेल हो, वह खेलने दें। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि खिलाड़ियों को ऐसा मंच जरूर मिलना चाहिए, जहां वे अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। खेलों और खिलाड़ियों का सदा सम्मान करने वाले सरपंच सुंदर लाल ने क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता हुई टीम का भी समन और स्वागत किया।

इस टूर्नामेंट के आयोजक गौरव गौतम व रमन रहे। इन्होंने लगातार तीन टूर्नामेंट कराए हैं। जिनमें से सीजन पार्टनर ने लगातार सीसीएल-2 व सीसीएल-3 का खिताब अपने नाम किया है।

# मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी के जरिए बीमाकर्ताओं को बदलना हुआ आसान

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**ज्यादातर** लोगों को पता है कि, मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, भारतीय सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। एक सही मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने के लिए हमें किस प्रकार का मोटर इंश्योरेंस खरीदना है, कहां से खरीदना है, आदि के बारे में जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। इसके बारे में आपको अपने दोस्तों और प्रियजनों से बहुत सारी सलाह मिल सकती है, लेकिन दूसरों से सलाह लेने की जगह आपको ऑनलाइन उपलब्ध सभी विकल्पों की तुलना कर अपनी आवश्यकता अनुसार सही पॉलिसी का चुनाव करना चाहिए।

नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम: "अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि अगर पॉलिसीधारक को सस्ती कीमत पर व्यापक कवरेज मिल रहा है, या अगर बीमाकर्ता या एजेंट ने मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी बेचते समय आपकों गुमराह किया है, या वर्तमान बीमाकर्ता का क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस मुश्किल है, या अगर आप अपनी कार का अधिक या कम उपयोग करने लगे है, या अगर आपकी पॉलिसी में कोई नेटवर्क गैरेज नहीं है। इसलिए एक बेहतर बीमाकर्ता को खोजने के लिए पॉलिसीधारक पोर्टेबिलिटी का विकल्प चुन सकता है"।

सभी प्रकार की पॉलिसी के बारे में जानकारी प्राप्त करने और पॉलिसी के लाभों से परिचित होने के बाद भी, कुछ ग्राहकों को अपने वर्तमान बीमा प्रदाताओं से संतुष्टि नहीं मिल पाती है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो समान समस्या का सामना कर रहे हैं, तो आपको पता होना चाहिए कि पॉलिसी अवधि के दौरान आप अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी को किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच करने का प्रावधान है ।प्रत्येक क्लेम फ्री वर्ष के लिए, इंश्योरेंस कंपनी नो क्लेम बोनस का लाभ प्रदान करती है। यह नो क्लेम बोनस ह्ल्र प्रीमियम का 50त्न तक हो सकता है। लोगों की आम धारणा है कि उनकी मौजूदा पॉलिसी उन्हें नई मोटर इश्योरेंस पॉलिसी में ट्रांस्फर होने पर एनसीबी का लाभ प्रदान नहीं करती है। लेकिन यह सच नहीं है क्योंकि जब भी कोई पॉलिसीधारक मोटर इश्योरेंस को पोर्ट करता है, तो यह उसे इस बोनस को बनाए रखने की अनुमति देता है। अगर उनकी इंश्योरेंस पॉलिसी समय पर रिन्यू नहीं की जाती है या अगर उन्होंने पॉलिसी अवधि के दौरान क्लेम किया है तो केवल इस ह्ष्टक्क को खो सकते हैं। पिछली पॉलिसी समाप्त होने या कार का स्वामित्व बदलने की स्थिति में वाहन की स्थिति का पता लगाने के लिए केवल बीमाकर्ता के लिए कार निरीक्षण आवश्यक है। लेकिन एक नए बीमाकर्ता पर स्विच करते समय, वाहन निरीक्षण अनिवार्य नहीं है ।आपकी कार इंश्योरेंस पॉलिसी को पोर्ट करने के समय पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन आपकी मौजूदा पॉलिसी समाप्त होने से 45 दिनों के अंदर स्विच करने की सलाह दी जाती है। ऐसा करने से पॉलिसीधारक मौजूदा पॉलिसी से नो-क्लेम बोनस, नो व्हीकल इंस्पेक्शन आदि जैसे लाभों का लाभ उठा सकेगा। आपकी पुरानी इंश्योरेंस पॉलिसी के बारे में विवरण प्रदान करने के बाद, पोर्टेबिलिटी की प्रक्रिया को आसानी से पूरा किया जा सकता है।

# नैनीताल से फरीदाबाद लाया गया व्यापारी नागेंद्र का शव

## परिजनों ने शव लेने से किया इंकार, आश्वासन मिलने पर माने

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**व्यापारी** नागेंद्र का शव सोमवार देर रात नैनीताल से फरीदाबाद पहुंचा। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दिया गया। पहले परिजनों ने शव लेने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शव लेने के लिए राजी हुए। इस दौरान फरीदाबाद सिविल अस्पताल बादशाह खान के बाहर काफी हंगामा भी हुआ।

बता दें कि नागेंद्र का अपहरण गत 30 मई को फरीदाबाद के सेक्टर-15 की मार्केट से उस समय हुआ, जब नागेंद्र का ड्राइवर बंसी उसके साथ था। बंसी की शिकायत पर पुलिस ने नागेंद्र के ही बिजनेस पार्टनर पंकज के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन फरीदाबाद पुलिस आरोपी पंकज को पकड़ने में नाकाम रही। छठे दिन रविवार को नैनीताल के ताल पट्टी इलाके से नागेंद्र का शव लगभग 150 फीट गहरी खाई से बरामद हुआ और केस में हत्या की धारा जोड़ी गई।

मृतक नागेंद्र की बहन निशा गुरुग्राम पुलिस में एएसआई है।



शोकाकुल मृतक व्यापारी के परिजन। इनसेट में व्यापारी की फोटो।

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वह पूरे प्रकरण में पुलिस के साथ रही। पुलिस ने उनका सहयोग भी किया, लेकिन यदि पुलिस और तत्परता दिखाती तो शायद आरोपी पंकज फरीदाबाद पार नहीं कर सकता था। नागेंद्र के अपहरण के बाद वह गुरुग्राम में थी। उसने जब अपने भाई के दूसरे फोन पर फोन मिलाया तो उसके फोन की घंटी बज रही थी, जो गाड़ी में ही था और आरोपी पंकज कई टोल नाकों को पार करते हुए चलता चला गया।

वहीं नागेंद्र की बहन ने ड्राइवर बंसी पर अपहरण करवाने और हत्या में भी आरोपी पंकज का साथ देने का शक जताया है, जबकि ड्राइवर से पूछताछ में सामने आया है कि पंकज को नागेंद्र से पैसे लेने थे, लेकिन वह दे नहीं रहा था, जिसके चलते दोनों में आपसी मनमुटाव हुआ था। इसकी वजह से झगड़ा चल रहा था। पंकज रंजिश रखने लगा था। 30 मई को जब नागेंद्र सेक्टर-15 में अपने ड्राइवर बंसी से साथ किसी काम से आया था तो पंकज फायरिंग करके उसे अपने साथ ले गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### एफआईए के क्लीन ग्रीन पैनल ने चलाया अभियान, लगाए पौधे



पौधारोपण करते कार्यकर्ता।

**फरीदाबाद।** हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा जारी किया गया डाटा, जिसमें फरीदाबाद की कुल आबादी लगभग 14 लाख में सिर्फ छह लाख पेड़ हैं, जो सभी जिलों में सबसे कम है। वहीं दूसरी तरफ प्रदूषण के हिसाब से फरीदाबाद ऊपर है, जो बेहद चिंताजनक विषय है। ऐसे में फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के क्लीन ग्रीन पैनल द्वारा एक बड़ा अभियान सेल्फी विथ प्लांटेशन चलाया जायेगा, जिसका लक्ष्य लगभग 25000 पौधे लगाने का रखा गया है। यह बात क्लीन ग्रीन के चेयरमैन एसएस बांगा ने कही। उन्होंने बताया कि पिछले साल सेल्फी विद प्लांटेशन अभियान के तहत लगभग 15000 पौधे लगाए गए थे, जिसमे शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक सगठन व इंडस्ट्रीज ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि फरीदाबाद के उद्योगपति पर्यावरण के प्रति हमेशा से सजग रहे हैं और विभिन्न मौके पर जागरूक करने के साथ अलग अलग जगह को हरा भरा करने का प्रयास किया जाता रहा है। इस साल हमने एक लक्ष्य लिया है कि सेल्फी विद प्लांटेशन। अभियान के माध्यम से औधोगिक इकाई के साथ साथ अन्य संस्थानों के साथ मिलकर फरीदाबाद में बड़ी संख्या में पौधे लगाए जाएंगे।

### दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा सेल्फी विद डॉटर अभियान



**फरीदाबाद।** बेटियों के सम्मान में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू करेगा। यह अभियान विशेष तौर पर दिव्यांग बेटियों को समर्पित होगा। नौ जून को इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सेल्फी विद डॉटर अभियान के प्रवर्तक सुनील जागलान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में देश-दुनिया से कई बड़ी हस्तियां जुड़ेंगी। इस दौरान सभी को दिव्यांग बेटियों के सम्मान और उनके जीवन को बेहतर बनाने की एक शपथ भी दिलाई जाएगी। कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा इस दौरान सभी को दिव्यांग बेटियों के सम्मान के निमित्त एक शपथ दिलाएंगी। प्रो. राणा ने कहा कि एक महिला होने के नाते इस अभियान में जुड़ना सबसे बड़ा गौरव है। अभियान की अवॉर्ड विनर रिदम और इस अभियान की ब्रांड एंबेसडर अनवी भी इस समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके अतिरिक्त इस अभियान को नेपाल में प्रोत्साहित करने वाले विक्रम श्रेष्ठ भी ऑनलाइन माध्यम से समारोह का हिस्सा बनेंगे। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, आईआईएलएम यूनिवर्सिटी की कुलपति सुजाता शाही, ईस्ट वेस्ट ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के प्रबंध निदेशक अरविंद कौल, रूप ऑटोमेटिव के एमडी मोहित ओसवाल, हीरो मोटोकॉर्प के एचआर हेड धर्मरक्षित, रिटायर्ड आईएएस अधिकारी डॉक्टर सीके गरियाली और अंबा वाटल भी समारोह में विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

### ढाई लाख कैश लेकर प्रेमी के साथ भागी युवती

**पलवल।** हथीन उपमंडल के एक गांव में रहने वाली लड़की अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। वह घर से 2.20 लाख कैश और करीब डेढ़ तोला सोना भी साथ ले गई है। पिता ने युवक पर बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए किडनैप करने और बंधक बनाने का केस दर्ज कराया है।उटावड़ थाना के जांच अधिकारी गुलाब सिंह के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी है। उसने बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से 2 लाख 20 हजार रुपए व डेढ़ तोले की सोने की हसली लेकर लापता हो गई है। राहुल नाम का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी बेटी को गांव में और रिश्तेदारियों में तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। राहुल उसे कहीं गुप्त स्थान पर ले गया है और बंधक बनाकर रखा हुआ है। पुलिस ने पीड़त की शिकायत पर आरोपी राहुल के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

# जनता बनाएगी 2024 में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री : बिप्लव देव

## महाजनसंपर्क अभियान के तहत 30 मई से 30 जून के बीच होंगे कई कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मोदी** की दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व से दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। मोदी ने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे भारत को सम्मान दिया है। उनके कार्यकाल में देश का जो विकास हुआ, वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फरीदाबाद लोकसभा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने 30 दिन के महाजनसंपर्क अभियान के तहत होने वाले कई कायक्रमों, विशाल जनसभा, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, विकास तीर्थ यात्रा, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, 21 जून को योग दिवस, लाभार्थी सम्मेलन, सोशल मीडिया सम्मेलन, पीएम मोदी की वर्चुअल रैली, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात आदि कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, महासंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक संदीप जोशी, फरीदाबाद के जिला प्रभारी सत्य प्रकाश जरावता, पलवल के जिला प्रभारी दिनेश घिलौड़, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पलवल के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, विधायक सीमा त्रिखा, नरेंद्र गुप्ता, राजेश नागर, दीपक मंगला, प्रवीण डागर, जगदीश नायर, महाजनसंपर्क अभियान के लोकसभा के सह संयोजक सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, मीडिया पेनेलिस्ट रमण मलिक और जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकार का कार्यकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नौ सालों में अभूतपूर्व विकास कार्य किये गए हैं। मोदी सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को चरितार्थ कर जन कल्याण के लिए अनेक योजनाओं को लागू कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक 100 फीसदी लाभ पहुंचाने का काम किया है। नौ साल में मोदी की योजनाओं ने जन-जन की जिंदगी संवारी है। हर घर में मोदी का कुछ न कुछ सहयोग जरूर पहुंचा है। उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान, गरीब कल्याण जैसी मोदी सरकार की तमाम योजनाए देश की बड़ी आबादी के लिए वरदान साबित हुई हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराना, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, पीएम स्वनिधि के तहत 35 लाख रेहड़ी पटरियों को आर्थिक बल, मुद्रा योजना के तहत ऋण, 48 करोड़ जन धन खाते, 37 करोड़ आयुष्मान हेल्थ अकाउंट, तीन करोड़ से ज्यादा आवास, 25 लाख करोड़ से अधिक रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में, 2.86 करोड़ घर बिजली से रोशन, 9.6 करोड़ गैस कनेक्शन, फसल बीमा योजना, सिंचाई योजना, उर्वरक सब्सिडी, कृषि लोन, जन औषधि केंद्र पर एक रुपये में सैनिटरी पेड की उपलब्धता, 26 सप्ताह की पेड मेटरनिटी लीव आदि न जाने कितनी योजनायें हैं, जिनसे महिलाएं, किसान और देशवासी और अधिक सशक्त हुए हैं और उनका जीवन स्तर सुधरा है। फरीदाबाद लोकसभा की बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री रविंद्र राजू, पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला, टेकचंद शर्मा, नगेंद्र भड़ाना आदि मौजूद थे।



पत्रकारों से बातचीत करते त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लव देव। फोटो : राजेश पुंजानी

# युवक की अपहरण के बाद हत्या, यूपी पुलिस ने चार पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सारन** इलाके से कार सवार बदमाश दो भाईयों का अपहरण कर ले गए। आरोपियों ने बुलंदशहर के खुर्जा में एक भाई की गला दबाकर हत्या कर दी और दूसरा आरोपियों के चंगुल से भागने में कामयाब हो गया। चार आरोपियों को यूपी के खुर्जा थाना पुलिस ने पकड़ लिया और सारण पुलिस को सूचना दी। क्राइम ब्रांच 48 टीम आरोपियों को फरीदाबाद ले आई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान यूपी के बुलंदशहर के गंगागढ़ गांव निवासी कालू, समीम, अमित उर्फ राजू तथा धर्मपाल के रूप में हुई है। मामले में तीन आरोपी गुड्डू, नरेश तथा आसीन फरार हैं। अमित उर्फ राजू फरीदाबाद की न्यू जनता कॉलोनी और आसीन नेहरू कॉलोनी का रहने वाला है। गुड्डू और कालू सगे भाई हैं। चार जून को सारण थाने में मृतक की बहन की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था।

शिकायत में पुलिस को बताया गया कि गुड्डू व उसके साथियों ने तीन जून को योगेश तथा उसके भाई रिंकू का अपहरण किया था। दोनों टाइल पत्थर लगाने का काम करता थे। आरोपियों ने योगेश को टाइल लगाने के लिए न्यू जनता कॉलोनी बुलाया था। योगेश के साथ रिंकू भी था। इसी दौरान गुड्डू, आसीन, राजू तथा समीम दोनों भाइयों को गाड़ी में डालकर बुलंदशहर की तरफ ले गए। रास्ते में बुलंदशहर के खुर्जा के पास रिंकू लघुशंका का बहाना बनाकर भागने में कामयाब हो गया और आसपास के लोगों को शोर मचाकर बुला लिया। ग्रामीणों ने राजू और समीम को दबोच कर खुर्जा पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी गुड्डू, नरेश, कालू तथा धर्मपाल ने योगेश की गला दबाकर हत्या कर दी। खुर्जा पुलिस ने आरोपी कालू और धर्मपाल को भी धर दबोचा। यूपी पुलिस की सूचना पर सारण पुलिस आरोपियों को फरीदाबाद ले आई। आरोपी गुड्डू, नरेश तथा आसीन की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया।

## ऑपरेशन मजनू के तहत चार मनचलों को किया काबू

**फरीदाबाद।** महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने लड़कियों पर कमेंटबाजी करते चार मनचलों को काबू किया है। जिनमें सत्यम, बिट्टू, इमरान तथा कार्तिक का नाम शामिल है। काबू किए गए आरोपियों की उम्र लगभग 18 से 23 वर्ष है। कोई युवक पढ़ाई करता है, कोई प्राइवेट नौकरी तो कोई दिहाड़ी मजदूरी करने का काम करता है। उन युवकों को सेक्टर-12 व सेक्टर 31 स्थित टाउन पार्क व कॉलेज के पास लड़कियों को परेशान करते हुए काबू किया गया है। पुलिस आयुक्त ने महिलाओं को परेशान करने वाले युवाओं पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन मजनू की शुरुआत की थी।

# हैरी के शानदार खेल से एआरके हीरोज ने जीत हासिल की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरी** शंकर पाठक (हैरी) के शानदार हरफनमौला खेल की बदौलत एआरके हीरोज ने मुरलीधर एकादश के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। जी डी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स करनेरा फरीदाबाद पर खेले गए 20 ओवर के मुकाबले में मुरलीधर एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाये। जिसमें कपिल ने 54, रोहित ने 40 और मुरलीधर ने 32 रनों का योगदान दिया।

एआरके हीरोज की ओर से कुंदन झा ने तीन और संदीप भडाना, असगर अली और मोहम्मद फैज ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एआरके हीरोज की टीम ने 14.3 ओवर में 163 चेस कर दिए। जिसमे मैन ऑफ द मैच रहे हरी शंकर पाठक (हैरी) ने शानदार 33 गेंदों में 62 रन की महत्वपूर्ण नॉट आउट पारी खेली। मैच में अचल भड़ाना ने 22, अमित और अमजद ने 18 -18 रनों की पारी खेली। जिसमें अमित और हरी शंकर पाठक (हैरी) ने मात्र 47 गेंदों पर 82 रनों की साझेदारी निभाई। हरी शंकर पाठक (हैरी) के शानदार हरफनमौला खेल की वजह से उन्हें सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।



# युवा संसद कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व का विकास करना है : बीईओ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** उदय कार्यक्रम के तहत एडीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में सेक्टर-8, सीही गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीही में सरकार के निर्देशानुसार युवा संसद के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ महेंद्र सिंह व डाइट पाली से बलवंत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पर एकल नृत्य और हरियाणवी समूह नृत्य का प्रभावी मंचन किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने योग की भी सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, सुपर 100 और बुनियाद कार्यक्रम में छात्राओं का चयन, कानूनी साक्षरता में छात्राओं द्वारा गोल्ड मेडल हासिल करना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अव्वल प्रस्तुति के बारे में भी प्रकाश डाला गया। मुख्य आकर्षण युवा संसद कार्यक्रम छात्राओं द्वारा आकर्षक और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, सत्तारूढ़ दल, मंत्रिमंडल, विपक्षी सदस्य, महासचिव बनी छात्राओं ने अपने विशिष्ट अभिनय से समा बांध दिया। संसद की झलक के रूप में बहुत से प्रश्नों पर चर्चा की गई और सत्ता और विपक्ष की नोकझोंक के रूप में असली संसद का प्रतिबिंब तैयार किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है तथा इस देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रणाली की प्रशंसा पूरे विश्व में होती है।



युवा संसद कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

## शहर में हुई बूंदाबांदी

फरीदाबाद शहर में देर शाम को तेज गरज के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बूंदाबांदी के कारण मौसम ठंडा हो गया। लोग इस मौसम का लुत्फ लेते दिखाई दिए। हालांकि किसानों के लिए यह मौसम अच्छा नहीं रहा।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक को बंधक बनाकर युवक को पीटा

**पलवल।** एक युवक को किडनैप करके उसे बांधकर बुरी तरह पीटा गया। भाई उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाकर ले गया और अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपियों ने उसे मारने की धमकी भी दी है। रंजिश के चलते वारदात अंजाम दी गई। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, धतीर गांव निवासी रविंद्र ने शिकायत दी है। उसने बताया कि चार जून की सुबह वह अपने खेतों पर घूमने के लिए गया तो वहां उसे एक अनजान व्यक्ति मिला। गांव से बिजली की मोटर चोरी हो रही है, जिसके चलते उसने शख्स से पूछा कि तुम कौन हो और यहां क्या कर रहे हो। इतना सुनते ही व्यक्ति गाली-गलौच करने लगा और आवाज लगाकर आजाद को बुला लिया, जो खेतों पर ही था। रविंद्र के अनुसार, इसके बाद दोनों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो जान से खत्म कर देंगे। वह जैसे-तैसे आरोपियों के चंगुल से छूटकर भाग आया।

# पर्यावरण दिवस पर एक शाम, प्रकृति प्रेमियों के नाम कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकुथी ट्रस्ट ने रोटरी क्लब ग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में एक शाम प्रकृति प्रेमियों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में पिंकी बरार, तूलिका सुनेजा, सरला गर्ग, उदित नारायण बैंसला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ जीवन, चारों ओर हरियाली और भरपूर ऑक्सीजन के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

# विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता सहित निर्धारित समय में करें पूरा

## मुख्यमंत्री ने की हरियाणा विकास समन्वय एवं निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने विडियों कांफ्रेंस के जरिये ग्रामीण विकास योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकास योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पर्याप्त फंड है तथा अधिकारी आबंटित फंड उपयोग करें।




मुख्यमंत्री ने हरियाणा विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कहा कि शिक्षा, खाद्य एवं आपूर्ति, वन विभाग, सिंचाई, इंडस्ट्री, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली निगम, महिला एवं बाल विकास, उद्यान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास, सिंचाई, एमसीएफ सहित तमाम विभागों की ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं और परियोजनाओं की बारिकी से समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने विभाग वार अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे ग्रामीण विकास की विभिन्न परियोजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण करवाएं। ताकि ग्रामीण जनता को इन विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण विकास की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभाग में जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने बैठक में निरोगी हरियाणा योजना, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, अटल भूजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, महाग्राम योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान, मातृ वंदना योजना सहित एजेंडा में निर्धारित 73 बिंदुओं की क्रम अनुसार विभाग वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एक टीम के रूप में आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। सरकार की प्राथमिकता जनहित के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करना है। सरकार द्वारा शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में मैनपावर सहित अन्य सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। ताकि विकास परियोजनाएं बाधित न हो। उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच साथ सभी संबंधित अधिकारी तालमेल बढ़ाकर विकास परियोजनाओं को पूर्ण करवाएं। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं को ईमानदारी तथा इच्छा शक्ति से यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाएं। बैठक में सीईओ जिला परिषद प्रदीप कौशिक, कार्यकारी अभियंता दक्षिण हरियाणा ढुल, कार्यकारी अभियंता पीडब्लूडी बीएंड आर प्रदीप सिंधु, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों ने मांगों को हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया




प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नगर निगम कर्मचारियों ने दूसरे दिन भी निगम मुख्यालय पर सीवरमैन कर्मचारी यूनियन के प्रधान अनूप वाल्मीकि की अध्यक्षता में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखी। हड़ताल पर सीवरमैन कर्मचारी यूनियन के 31 कार्यकर्ता बैठे। कर्मियों ने रोज की तरह ही मंगलवार भी निगम मुख्यालय पर भोजन अवकाश के समय जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सात जून को सैनिटेशन स्टॉप यूनियन के कार्यकर्ता क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठेंगे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान दलीप सिंह व नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांड्या ने कहा कि राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर व हरियाणा के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित सभी सत्तापक्ष व विपक्ष के विधायकों को ज्ञापन देने तथा निगम मुख्यालय पर पिछले 25 दिनों से धरना एवं विरोध प्रदर्शन करने के बाद भी निगम प्रशासन ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया। मजबूर होकर कर्मचारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल करने का कदम उठाया है। शास्त्री ने निगम आयुक्त पर भी कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि संघ द्वारा लिखित पत्र भेजकर निगम आयुक्त से संघ ने कर्मचारियों की मांगों का निवारण करने का कई बार अनुरोध किया है। लेकिन निगम आयुक्त कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाए कर्मचारियों के आंदोलन को लंबा खींचने का प्रयास कर रहे हैं। कर्मी नेताओं ने चेतावनी दी है कि अब कर्मचारियों के धैर्य का बांध टूट चुका है, यदि निगम प्रशासन व कंद्रीय राज्य मंत्री तथा हरियाणा के कैबिनेट मंत्री व विधायकों ने जल निगम कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने का रास्ता नहीं निकाला तो निगम के कर्मचारी हड़ताल करने को मजबूर होंगे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध
## दोनों को नुकसान

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में शामिल दोनों पक्ष गरमी में नए हमलों की तैयारी कर रहे हैं जिनसे वास्तव में उनको ही नुकसान होगा। इस गरमी में यूक्रेन युद्ध एक निर्णायक चरण में पहुंच सकता है क्योंकि दोनों पक्ष स्वयं को मजबूत करते हुए अंतिम हमले की तैयारी कर रहे हैं। लगभग 40 देशों के समर्थन के कारण यूक्रेन विश्वास से भरा हुआ है, पर रूस की शक्ति भी इतनी है कि उसे पीछे नहीं धकेला जा सकता है। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल यह है कि हालिया समय के सबसे रक्तरंजित युद्ध के अंत में चाहे जो जीते या हारे, दोनों पक्षों को भारी नुकसान होगा। दोनों पक्ष गरमी में नए हमले कर युद्ध समाप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं, पर उनके लक्ष्य अलग-अलग हैं। कुल मिला कर अंतत: दोनों पक्ष थक जाएंगे, उनके पास गोला-बारूद की कमी हो जाएगी तथा बातचीत के लिए शर्तें निर्धारित होने लगेंगी। पश्चिमी देश रूसी आक्रमण व कब्जे के खिलाफ यूक्रेन के संघर्ष को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यूक्रेन भावी हमलों से क्या हासिल करना चाहता है? यूक्रेन में टकराव एक बार फिर बढ़ गया है, युद्ध के तेजी पकड़ने से पूरा क्षेत्र अशांत है और इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिन्ता व्याप्त है। रूस द्वारा 2014 में क्रीमिया पर कब्जे तथा बाद में पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी आंदोलनों के चलते युद्ध भड़का था जिसने हजारों लोगों की जानें ली हैं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों को पलायन करना पड़ा है। यूक्रेन युद्ध में ताजा घटनाक्रम अत्यधिक चिन्ताजनक है। यूक्रेनी सरकारी बलों तथा रूस-



समर्थक अलगाववादियों के बीच हिंसक झड़पें तेज हुई हैं जिसके परिणामस्वरूप मरने वालों की संख्या बढ़ रही है तथा सिविलियनों की तकलीफें और बढ़ी हैं। भारी हथियारों के प्रयोग तथा आवासीय क्षेत्रों पर लक्षित हमलों की खबरों ने मानवीय संकट को और जटिल बना दिया है। जमीन पर सीधी लड़ाइयों के साथ ही बाहरी कारकों की संलिप्तता से चिन्ता और बढ़ा दी है।

यूक्रेनी सीमा के निकट रूसी फौजों के जमावड़े व अलगावादी शक्तियों को उसके समर्थन के आरोपों ने युद्ध के और विस्तार का खतरा पैदा कर दिया है। हालांकि, राजनयिक प्रयास जारी हैं, पर अब तक स्थाई युद्धविराम लागू करवाने में ये सफल नहीं हुए हैं। ऐसे में तात्कालिक चिन्ता मानवीय संकट की है। दोनों पक्षों के सैनिक टकराव के बीच में फंसे सिविलियनों को असाधारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हताहत सिविलियनों की संख्या बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव चिन्ता का विषय है। यूक्रेन युद्ध का सबसे अच्छा समाधान राजनयिक प्रयासों से ही हो सकता है। राजनयिक चैनलों को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए तथा संघर्ष में शामिल सभी पक्षों को इनके प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों को संवाद को संभव बना कर ऐसा शांतिपूर्ण समाधान खोजना चाहिए जिससे रूस को बिना अपमानित किए यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित हो सके। हम जानते हैं कि प्रथम विश्व युद्ध के बाद जर्मनी को अपमानित करने के कारण हिटलर का उभार तथा दूसरा विश्व युद्ध हुआ था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संकट पर समुचित प्रतिक्रिया करनी चाहिए। रूस पर ज्यादा राजनयिक दबाव तथा यूक्रेन को और ज्यादा सहायता से स्थिति सुधर सकती है। संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा यूरोपीय संघ जैसे मध्यस्थों को समस्या समाधान खोजने के लिए ज्यादा सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध ने सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधा डाल कर विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है जिससे सारी दुनिया परेशान है।

# एनपीए के खिलाफ जारी है संघर्ष

बैंकों के एनपीए के खिलाफ संघर्ष अभी जारी है। ऐसे में सरकार को एमएसएमई को सहायता देने के लिए व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



एसोचैम व क्रिसिल रेटिंग्स की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों का एनपीए या दूसरे शब्दों में डूबे कर्ज का प्रतिशत 31 मार्च, 2023 को 5 प्रतिशत से घट कर 0.9 प्रतिशत रह गया है। उम्मीद है कि यह 31 मार्च, 2024 तक इसमें 1 प्रतिशत और कमी आएगी तथा यह एक दशक में सबसे निचले बिंदु 4 प्रतिशत से भी कम हो जाएगा। 31 मार्च, 2024 को कार्पोरेट क्षेत्र को दिए कर्ज में सकल एनपीए घट कर 2 प्रतिशत से कम होने की उम्मीद है, जबकि यह 31 मार्च, 2018 को सर्वाधिक 16 प्रतिशत था। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों-पीएसबी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वित्त राज्यमंत्री भगवत के. कराड के अनुसार पीएसबी का सकल एनपीए अनुपात मार्च, 2018 में 14.6 प्रतिशत के शिखर से घट कर दिसंबर, 2022 में 5.53 प्रतिशत रह गया। कराड के अनुसार इस कमी का कारण मोदी सरकार द्वारा क्रियान्वित 4 आर रणनीति है। यहां 4 आर का अर्थ एनपीए की पारदर्शी स्वीकार्यता, समाधान व वसूली, पीएसबी का पुन: पूंजीकरण तथा वित्तीय परिस्थितिकी में सुधार है।

इस रणनीति में स्वीकार्यता सर्वाधिक महत्वपूर्ण आयाम है। 2009-2014 के बीच संप्रग-2 कार्यकाल में बैंकों ने कार्पोरेट हाउसों तथा बिजनसों को बेलगाम तरीके से कर्ज दिया और पूरी सतर्कता से उनकी परियोजनाओं का आंकलन नहीं किया गया। ऐसे में इन कर्जो के 'अपरिहार्य रूप से' एनपीए में बदलने की आशंका थी। वास्तव में ये एनपीए बन भी गए, पर बैलेंसशीटों में इनको स्वीकार नहीं किया गया। 2015 में भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने सभी वाणिज्यिक बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता समीक्षा-एक्यूआर की ताकि उनकी परिसंपत्तियों पर दबाव का आंकलन किया जा सके और उनके लिए बैलेंसशीटों में उपयुक्त प्राविधान किए जाएं। इसके परिणामस्वरूप एनपीए 31 मार्च, 2015 को 323,000 करोड़ रुपये से बढ़ कर 31 मार्च, 2018 को 1036,000 करोड़ हो गया। कर्ज के प्रतिशत के रूप में यह 11.8 प्रतिशत तथा पीएसबी के लिए 14.6 प्रतिशत था।

जहां तक 'समाधान और वसूली' का सवाल है, सरकार ने 2016 में इनसाल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी लागू कर दिया। यह अन्य कानूनों पर वरीयता प्राप्त था ओर इससे बैंकों को एनपीए समस्या का समाधान एक कठोर समय सीमा में करना जरूरी हो गया। 2017 में सरकार ने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को ज्यादा शक्तियां दीं ताकि वह स्वत: काम न करने वाले बैंकों पर दबाव डाल सके। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर निर्धारित किया कि यह काम कैसे किया जाएगा। इसके अंतर्गत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के खातों या समग्र रूप से किसी कर्जदार के खाते में कमी होने पर निर्धारित किया कि कर्जदार अकेले या सभी कर्जदार संयुक्त रूप से ऐसे कदम उठाएंगे जिनसे एक समाधान योजना-आरपी तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जाए। यह कमी आने के 180 दिन के भीतर करना जरूरी कर दिया गया।

इस समयसीमा का पालन न करने पर कर्जदाताओं को यह खाता राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण-एनसीएलटी को संदर्भित करना था जो आईबीसी के अंतर्गत कार्रवाई शुरू करता। एनसीएलटी समाधान प्रक्रिया पूरी करने के लिए 180 दिन का समय देता। असाधारण परिस्थितियों में 90 दिन का समय और दिया जा सकता था। इस समयसीमा को लागू करने तथा आरबीआई को इसमें शामिल करने का कारण यह था कि एनपीए-प्रभावित उद्यम की बिक्री की व्यवस्था हो सके। यह काम यथासंभव 'वस्तुनिष्ठ' तथा 'पारदर्शी' तरीके से किया जाना था ताकि बिक्री से अधिकतम धनराशि प्राप्त हो सके।

शुरुआत में चीजें बहुत अच्छी तरह चलीं तथा एनसीएलटी ने लगभग 300,000 करोड़ रुपये के एनपीए का समाधान किया। लेकिन बाद में बकायेदारों व प्रमोटरों ने आईबीसी प्रक्रिया का विरोध करना शुरू किया। उन्होंने न केवल एनसीएलटी फैसलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी, बल्कि इस विलंब के कारण 12 फरवरी, 2018 के सर्कुलर की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गई। सर्वोच्च न्यायालय ने सर्कुलर को अवैध घोषित कर आरबीआई को नए दिशानिर्देश जारी करने का निर्देश दिया। इसके अनुसार, आरबीआई ने 7 जून, 2019 को नया सर्कुलर जारी किया। इसने बैंकों को आरपी के ए 180 दिन का समय दिया, जबकि इंटर-लेंडर एग्रीमेंट या आईएलए के लिए 30 दिन अतिरिक्त का प्राविधान भी था। यदि बैंक इस समयसीमा का पालन न करते तो उनको 20 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता। यदि वे 365 दिनों या एक साल में आरपी को अंतिम रूप न देते तो उनको 15 प्रतिशत अतिरिक्त प्राविधान करना होता। सामान्य 'एजिंग' प्राविधानों के अंतर्गत यदि कर्ज एक साल बकाया रहता तो उसे 15 दिन का अतिरिक्त प्राविधान करना होता। यदि विलंब 15 माह से अधिक होता तो सामान्य एजिंग प्राविधान बढ़ कर 40 प्रतिशत हो जाता। इसके साथ ही 7 जून, 2019 के सर्कुलर के अनुसार 35 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान शामिल था। इस प्रकार कुल मिला कर यह 75 प्रतिशत हो जाता। इतनी अधिक धनराशि के प्राविधान के बाद बैंक के पास आईबीसी के अंतर्गत कर्ज वसूली के लिए कोई प्रोत्साहन न बचता। 7 जून, 2019 के सर्कुलर के अंतर्गत बैंकों को काफी रियायतें देने तथा आरबीआई की शक्तियां छीनने के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने आईबीसी प्रक्रिया को काफी कमजोर कर दिया। इस पृष्ठभूमि में भला एनपीए की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार कैसे हो सकता था?

इसके पीछे तीसरे आर या 'पीएसबी के पुन: पूंजीकरण' का था। 2016-2021 के बीच केन्द्र सरकार ने पीएसबी की पूंजी बढ़ाने के लिए लगभग 300,000 करोड़ की बजटीय सहायता की। 2021-22 के बजट में उसने सिक्यूरिटी प्राप्तियों-एसआर की 'संप्रभु गारंटी' के रूप में 200,000 करोड़ का और प्राविधान किया। इसे परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी-एआरसी द्वारा उन तथाकथित 'बैड बैंक' को जारी किया जाना था जहां पीएसबी का बहुसंख्य हिस्सा था। इस प्रकार केन्द्र ने बैंकों को वित्तीय व्यवस्था में सुधार के लिए प्रेरित किया जिसका केन्द्र जिम्मेदारी से कर्ज देना, अच्छी गुणवत्ता वाली परिसंपत्तियां बनाना, कर्जों के प्रयोग की बेहतर निगरानी एवं नियंत्रण, परिसंपत्तियों पर शुरुआती चरण में ही संभावित दबाव का आंकलन, आदि था। लेकिन बैंकों को जीडीपी वृद्धि से भी प्रोत्साहन मिला। 2021-22 में यह 8.9 प्रतिशत थी, जबकि 2022-23 में भी यह 7 प्रतिशत से अधिक है। इसके साथ ही कर्ज की वृद्धि से बैंकों को अपना मुनाफा बढ़ाने तथा बैलेंसशीट ठीक करने का अवसर मिला।

विडंबना है कि इस जीवन्त आर्थिक परिदृश्य में भी एमएसएमई यानी सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों की स्थिति बहुत सुधरी नहीं है। एसोचैम-क्रिसिल रेटिंग के अनुसार उनका सकल एनपीए जो 31 मार्च, 2022 को 9.3 प्रतिशत था, उसके मार्च, 2024 तक बढ़ कर 10-11 प्रतिशत होने की उम्मीद है। उनकी समस्या का कारण बड़ी कंपनियां हैं जो उनसे निवेश तथा अन्य सहायक चीजों की भारी कीमत वसूल करती हैं तथा भुगतान में विलंब करती हैं जिनसे एमएसएमई की जीवन्तता व उनमें नकदी का प्रवाह बाधित होता है। समग्र एनपीए तथा बड़ी फर्मों के लिए भी असली परीक्षा तब होगी जब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़े। हालांकि, अधिकांश भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थान 2023-24 में तथा उसके बाद भी उच्च वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं। लेकिन यदि भूराजनीतिक स्थितियों के कारण मुद्रास्फीती की स्थिति गड़बड़ाती है तो जोखिम खड़ा हो जाएगा।

इससे वैश्विक स्तर पर ब्याज दरें बढ़ेंगी तथा दुनिया में मांग में कमी आएगी व अन्य समस्यायें पैदा हो सकती हैं। ऐसी परिस्थितियों में एनपीए से निपटने के लिए आईबीसी प्रक्रिया को जीवन्त व सक्षम होना चाहिए। लेकिन वर्तमान परिदृश्य विश्वास नहीं पैदा करता है। इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी बोर्ड आफ इंडिया-आईडीबीआई के अनुसार आईबीसी के पास मौजूद कुल 5,636 मामलों में से 3,637 बंद कर दिए गए हैं। बंद किए मामलों में लगभग आधे, यानी 1,703 दीवालिया घोषित हुए हैं। जनवरी-मार्च, 2022 के बीच वित्तीय कर्जदारों से वसूली स्वीकृत दावों की केवल 10.2 प्रतिशत रही है। सरकार और आरबीआई को 12 फरवरी, 2018 का सर्कुलर पुनर्जीवित करने के प्रयास करने चाहिए ताकि आईबीसी प्रक्रिया को गति दी जा सके। उसे ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जो एमएसएमई के साथ न्यायोचित व्यवहार सुनिश्चित कर सके।

# विदेश में मोदी विरोध से इतर कुछ करें राहुल

> "बेहतर होगा राहुल भारत आकर देश की जनता को भरोसा दिलाएं कि मोदी को चुनौती देने में वही सबसे सक्षम व्यक्ति हैं।"



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय राजनेता संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य जगहों पर डायस्पोरा को क्यों लुभाते हैं? डायस्पोरा, जो भारत में मतदान नहीं कर सकते, अपनी मातृभूमि में रुचि क्यों लेते हैं? ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि भारत की जी.डी.पी. बढ़ता है, भारत की विदेश नीति में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी बढ़ती है। 32 मिलियन-मजबूत वैश्विक भारतीय डायस्पोरा कई विकसित देशों में सबसे धनी अल्पसंख्यकों में से एक के रूप में उभरा है। हर साल 2.5 मिलियन भारतीय (उच्चतम वार्षिक संख्या) दूसरे देशों में प्रवास करते हैं। संचयी एन.आर.आई. फरवरी 2023 तक जमा राशि .136 बिलियन है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, राष्ट्रपति पद के दावेदार निक्की हेली और विवेक रामास्वामी जैसे भारतीय अमेरिकी तेजी से महत्वपूर्ण राजनीतिक भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय मूल के ऋषि सुनक अब कॉर्पोरेट जगत में यूके के प्रधान मंत्री हैं, सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट), सुंदर पिचाई (गूगल), और शांतनु नारायण (एडोब) अब विशाल अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों के प्रमुख हैं। अजय बंगा हाल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष बने हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रवासी भारतीयों के महत्व को बहुत पहले ही समझ लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आक्रामक तरीके से उन्हें रिझा चुके हैं। दिवंगत प्रधान मंत्री ए.बी. वाजपेयी ने नियमित अमेरिकी दूत के अलावा एक भारतीय अमेरिकी को बड़े पैमाने पर राजदूत के रूप में नियुक्त किया। हालाँकि, उन्हें वापस ले लिया गया क्योंकि अमेरिकी सरकार ने उन्हें मान्यता नहीं दी थी। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस पार्टी ने प्रवासियों को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि आजादी के बाद से ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने 59 साल तक देश पर शासन किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी को अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए इस कवायद की जरूरत नहीं पड़ी।

अप्रत्याशित रूप से, राहुल गांधी 2017 में अपने सफल अमेरिकी दौरे के बाद से पहुंच रहे हैं। मार्च में उनकी यूनाइटेड किंगडम और इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा उस छवि निर्माण अभ्यास का हिस्सा है। सैम पित्रोदा के नेतृत्व वाली निष्क्रिय पड़ी ओवरसीज कांग्रेस सक्रिय हो गई है. राहुल ने इस साल की शुरुआत में अपनी सफल भारत जोड़ो यात्रा के बाद एक बढ़ी हुई प्रोफ़ाइल हासिल कर ली है। इसके साथ ही कर्नाटक में हाल की भारी जीत भी थी। कांग्रेस पार्टी ने महसूस किया कि 2024 के चुनावों से पहले इसे प्रवासी भारतीयों को गंभीरता से शामिल करना चाहिए।

उत्सुकता से, मोदी की आधिकारिक यात्रा से तीन सप्ताह पहले गांधी ने यू.एस. का दौरा किया। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रधानमंत्री की मेजबानी करेंगे। शोमैन होने के नाते, मोदी अपने दूसरे कार्यकाल की समाप्ति से पहले अपनी अंतिम यात्रा में सुर्खियों में छा जाएंगे। मोदी ने 2014 में न्यूयॉर्क में अपनी मैडिसन स्क्वायर गार्डन बैठक और 2019 में ह्यूस्टन में अपनी %हाउडी मोदी रैली% के साथ पिछले नौ वर्षों में अमेरिका की शपथ ली। उन्होंने तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों- ओबामा, ट्रम्प और बिडेन के साथ पहले नाम का आधार विकसित किया।

राहुल ने विभिन्न बैठकों में छात्रों, शिक्षाविदों, कांग्रेसियों और बुद्धिजीवियों के साथ एक नई बातचीत शुरू करने की कोशिश की। आत्मविश्वास से लबरेज और खुशमिजाज, उन्होंने मोदी और उनकी सरकार का मजाक उड़ाया। गांधी ने प्रवासी भारतीयों की भरपूर प्रशंसा की, तो अमेरिका में भारतीय ध्वज को फहराने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में उनकी बैठकों का जोर- जिन तीन शहरों में उन्होंने दौरा किया, वहां एक छिपी हुई अंतर्धारा थी। एक मिनट के लिए, मुझे विश्वास नहीं होता कि बी.जे.पी. पराजित नहीं किया जा सकता, उन्होंने कहा। वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब की बैठक में गांधी ने आने वाले चुनावों में अपनी पार्टी की मजबूत वापसी की उम्मीद जताई। गांधी ने चीन और रूस के साथ भारत के संबंधों के बारे में बात की। मोदी सरकार का एकमात्र समर्थन रूस और यूक्रेन पर उसका रुख था।

गांधी ने मैनहट्टन के जैकब जेविट्स सेंटर में एक कार्यक्रम में कहा, लोगों के लिए बुरा होना, अहंकारी होना, हिंसक होना, ये भारतीय मूल्य नहीं हैं। उन्होंने अमेरिका और स्वदेश में भारतीयों से लोकतंत्र और भारतीय संविधान के लिए खड़े होने का आह्वान किया। न्यूयॉर्क में दुनिया के सबसे व्यस्त और सबसे प्रसिद्ध चौराहों में से एक, प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर बिलबोर्ड पर उनकी भारत जोड़ी यात्रा के दृश्यों को प्रदर्शित किया गया था। एक राजनेता के लिए जो अब संसद सदस्य नहीं है, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने उसके कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त भीड़ जुटाई। भारतीय जनता पार्टी विदेश में मोदी की गांधी की आलोचना से खिन्न हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर विदेशी धरती पर उनकी टिप्पणियों के आलोचक थे। इससे पहले भी, यूनाइटेड किंगडम की अपनी मार्च यात्रा के दौरान, कई बी.जे.पी. मंत्रियों ने गांधी से भारत पर कीचड़ उछालने के लिए माफी की मांग की।

राहुल ने डायस्पोरा से कहा, मुझे चुनाव लड़ने के लिए संस्थागत ढांचे की जरूरत है। मुझे एक न्यायिक प्रणाली की जरूरत है जो मेरी रक्षा करे। मुझे एक ऐसा माध्यम चाहिए जो यथोचित रूप से स्वतंत्र हो। मुझे वित्तीय समानता की जरूरत है। एक राजनीतिक दल। और गांधी ने कहा, मेरे पास नहीं है। राहुल के अमेरिका दौरे से कांग्रेस खुश लेकिन उन्हें मोदी को कोसने से ज्यादा कुछ करने की जरूरत है। साथ ही उसे अपनी डिलीवरी में भी सुधार करना होगा। कहानी का एक हिस्सा यू.एस. और यू.के. का दौरा करने के बारे में है, और दूसरा प्रवासी भारतीयों के साथ अपने मन की बात कहने के बारे में है। लेकिन गांधी को भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए और भारतीय मतदाताओं के लिए रोजी-रोटी के मुद्दों को संबोधित करना चाहिए।

## आप की बात

### राहुल के बयान

**विदेश** में राहुल गांधी द्वारा दिए जाने वाले गैर जिम्मेदार बयानों में एक कड़ी और जुड़ गई है। लोग मजाक में राहुल गांधी को बीजेपी का स्टार प्रचारक भी कहते हैं क्योंकि उनकी बातों से मोदी या बीजेपी को नुकसान कम और फायदा ज्यादा होता है। सोशल मीडिया ने अब समाज को बहुत जागृत कर दिया है। सुदूर ग्रामीण तक विश्व की हर खबर से जुड़े रहते हैं। ऐसे में एक आम आदमी भी राहुल गांधी का बयानों से चीन पाकिस्तान के बयानों को जोड़कर देखेगा तो समझ जाएगा कि वह कितने राष्ट्र प्रेमी हैं? कर्नाटक चुनाव जीत जाने के बाद राहुल की जुबान खुलकर बोल रही है। मगर वे यह नहीं देख रहे हैं कि 2024 में कुछ राज्यों के चुनाव और आम चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए जमीनी काम करने हेतु मात्र 1 वर्ष बचा है। कांग्रेस को वोट देने विदेश से लोग नहीं आएंगे। उन्हें भारतीय वोटरों से ही वोट मिलेंगे और यदि भारतीय वोटरों के बीच ही उनकी यह छवि बनी रही तो वह कांग्रेस को मुश्किल में डालने वाली होगी। यह बात भी उल्लेखनीय है कि राहुल या किसी भी विपक्षी नेता ने मोदी के खिलाफ चाहे जितना जहर उगला हो, मोदी ने कभी हलके शब्दों में उसका जवाब नहीं दिया है। इससे भारतीयों के दिल में उनका उच्च स्थान बना है।

**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### भ्रष्टाचार की दीमक

**हमारे देश** में भ्रष्टाचार की दीमक ने हर जगह इतनी मजबूती से घर कर लिया है कि वह आज छुटाए नहीं छूट रही है। हालांकि, जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार लगभग सभी राज्स सरकारों में व्याप्त है, पर बिहार के भागलपुर में निर्माणाधीन गंगा नदी पर बन रहे पुल के भरभरा कर गंगा नदी में गिरने से स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार जनता के लिए कितना बड़ा खतरा पैदा कर सकता है। यहां उजागर हुआ है कि सरकारी और संबंधित महकमे की ओर से किस हद के स्तर की लापरवाही बरती गई है। वैसे तो इंदौर के महाकाल में आंधी में मूर्तियां गिरने को विपक्ष ने बड़ा मुद्दा बनाने का प्रयास किया था, पर बिहार में पुल गिरने से इन प्रयासों को धक्का लगा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुशासन बाबू कहा जाता था और आजकल वे पूरे देश में विपक्षी एकता के प्रयास कर रहे हैं। मजेदार बात है कि इस पुल का शिलान्यास स्वयं उन्होंने किया था और यह तब से दोबारा गिरा है। भाजपा इसे लेकर नीतीश पर हमलावर है। वैसे भ्रष्टाचार को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देखा जाना चाहिए तथा लोकपाल व लोकायुक्त जैसी संस्थाओं को अनुकरणीय उदाहरण पेश करने चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### सिनेमा का विस्तार

**बॉयकॉट बॉलीवुड** से शुरू हुआ परिवर्तन कश्मीर फाइल्स से चलकर केरला स्टोरी, अजमेर 92, 72 हूरें, बंगाल स्टोरी, आदिपुरुष और न जाने कितने नए सरप्राइज लेकर आने वाला है। बहुत सालों तक व्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से बॉलीवुड ने हिन्दू में दलित को पीड़ित उसकी मदद के लिए एक नेक मुस्लिम बंदा और चर्च के पादरी को सकारात्मक भूमिका में दिखा कर देश के सामने एक छवि बनाने का प्रयास किया। किसी हद तक ये लोग कामयाब भी हुए और काफी वर्षों तक सक्रिय भी रहे। बालीवुड ने जो छवियां गढ़ने का प्रयास किया, वे लोकप्रिय भी हुईं। अनेक देशवासी नग्नता और फूहड़ता सिखाने का श्रेय भी बॉलीवुड को देते हैं। सिनेमा अब पिक्चर हालों से निकल कर मोबाइलों के माध्यम से हर आदमी तक बहुत सस्ते में पहुंच रहा है। लेकिन उसकी विषयवस्तु पर नियंत्रण उतना ही कमजोर होता जा रहा है। चिन्ता की बात है कि चैटजीपीटी आदि एआई के बाद गलत व भ्रामक छवियों के विस्तार तथा उसके अनुसार जनता की मानसिकता बदलने के प्रयासों को कैसे रोका जा सकेगा।

–**मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

### परेशान पुतिन

**पिछले** महीने रुसी सेना के लिए लड़ने वाले निजी सैनिकों के गुट वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने यह स्वीकार किया था कि यूक्रेन के पूर्वी शहर बखमुत के लिए लंबी चली लड़ाई में 20,000 से अधिक सेनानियों को खो दिया है। उसके बाद अब पिछले सप्ताहांत स्वयं रूसियों में माना है कि यूक्रेन के सैनिकों ने पूर्वी भाग में बड़े पैमाने पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। रूस के सीमावर्ती भीतरी भागों में ड्रोन हमले तेज हो गए हैं जिससे रूस को अपने कुछ नागरिकों को वहां से निकालना पड़ा है। पिछले कुछ दिनों से रुसी राष्ट्रपति पुतिन के बॉडी लैंग्वेज एवं चेहरे को देखने से लग रहा है वे यूक्रेन पर हमला करके बुरी तरह फंस चुके हैं। यूक्रेन युद्ध रूस को अफगानिस्तान की तुलना में बहुत महंगा पड़ रहा है। मास्को से अब आगे भी नहीं बढ़ा जा रहा और पीछे हटने से उसकी इज़्ज़त मिट्टी में मिल जाएगी। लेकिन पश्चिम को भी सतर्क रहना होगा क्योंकि घेरेबंद तानाशाह पुतिन कोई ऐसा आत्मघाती कदम उठा सकते हैं जिससे युद्ध के और विस्तार का खतरा पैदा हो सकता है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# आवास दिलाएंगे, इलाज भी कराएंगे: सीएम

● लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर



**गोरखपुर** प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी लोगों को अपनेपन के एहसास से भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

मंगलवार को लखनऊ रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में जुटे करीब 500 लोगों से मिले। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान गुणवत्तापूर्ण व संतोषप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने मुख्यमंत्री से आवास की समस्या बताई। सीएम योगी ने उसे भरोसा दिया कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत उसे आवास दिलाया जाएगा। एक अन्य महिला ने विद्युत कनेक्शन न मिलने की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि पता करें क्या दिक्कत आ रही है और महिला को जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन दिलाएं। हर बार की तरह मंगलवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित की इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को उन्होंने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

# कोषागारों में पड़े 6000 करोड़ के स्टाम्प का होगा उपयोग



## कैबिनेट के फैसले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मंत्रिमंडल** ने मंगलवार को कोषागारों में पड़े 6000 करोड़ रुपये के छपे स्टाम्प का उपयोग करने का फैसला लिया। दरअसल साल 2013 में ई स्टाम्प प्रणाली लागू हुई थी। इसके बाद छपे स्टाम्प की मांग रुक गई थी। इस कारण से राज्य के कोषागारों और उप कोषागारों में करीब 6000 करोड़ रुपये के स्टाम्प भरे हैं। इनमें 5000 रुपये या इससे ऊपर के मूल्य के स्टाम्प लगभग 5779 करोड़ रुपये के हैं। स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन विभाग पिछले चार साल से पांच हजार रुपये मूल्य वर्ग से अधिक के स्टाम्प का इस्तेमाल नहीं कर रहा था। कोषागारों में ये स्टाम्प पेपर खराब हो रहे हैं। काफी समय से रखे रहने के कारण से ये अनुपयोगी हो जाते। साथ ही इनके रखरखाव और सुरक्षा में भारी धनराशि खर्च हो रही थी। इसे देखते हुए छपे स्टाम्प की खपत को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। अब जिन शहरों में विकास प्राधिकरण, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद या अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय हैं और जिन जिलों में स्टाम्प की खपत अधिक है, वहां अन्य जिलों के कोषागारों के छपे स्टाम्प को ट्रांसफर किया जा सकेगा।

### यूटिलिटी सर्विसेज को सुरक्षित रूप से स्थापित करने को मंजूरी

**मंत्रिपरिषद** ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में निर्मित होने वाले नए मार्गों के निर्माण तथा पूर्व निर्मित मार्गों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुनर्निर्माण आदि की स्थिति में सभी यूटिलिटी सर्विसेज को सुरक्षित रूप से स्थापित करने, सड़क सुरक्षा एवं जनसामान्य की सुविधा सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। प्रस्तावित व्यवस्था में प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी, जिसके संयोजक मार्ग से सम्बन्धित विभाग, संस्था के अधिशासी अभियन्ता से अन्यून अधिकारी होंगे। विभिन्न यूटिलिटीज से सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। जनपद में यूटिलिटी सर्विसेज से सम्बन्धित किसी भी विभाग द्वारा नए मार्गोंध्पूर्व निर्मित मार्गों पर यूटिलिटी सर्विसेज की नयी स्थापना, पूर्व में स्थापित सर्विसेज की मरम्मत, पुन:निर्माणध्क्षमता बढ़ाए जाने से पूर्व समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

### मुख्तारनामा अब नहीं होगा सेलडीड का विकल्प

**कैबिनेट** के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्तत मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को बताया कि मुख्तारनामा अब सेल डीडी का प्रतिरूप नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि गाजियाबादए नोयडा में वर्तमान में ज्यादातर यह प्रक्रिया है कि मुख्तारनामा को ही ट्रांसफर डीड मान लिया जाता है। अगर संपत्ति का स्थानान्तरण ब्लड.रिलेशन के अलावा किसी और को किया जा रहा है तो स्टाम्प बचाने के चक्कर में पचास रूपये के मुख्तारनामे से अब काम नहीं चलेगा। पूरा स्टाम्प शुल्क देना होगा।

### निजी क्षेत्र के पांच विवि की स्थापना को मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में 5 निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं 1 निजी विश्वविद्यालय को आशय पत्र निर्गत किए जाने की मंजूरी प्राप्त हुई। उन्होंने मंत्री परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि आज मंत्रिपरिषद की बैठक में निजी क्षेत्र के 05 विश्वविद्यालयों के.एम. (कृष्ण मोहन) विश्वविद्यालय मथुरा, मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी फतेहगढ़, फर्रुखाबाद, अग्रवन हेरिटेज यूनिवर्सिटी आगरा, एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय गाजियाबाद एवं महावीर यूनिवर्सिटी मेरठ की स्थापना के लिए कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो गई है तथा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र के विद्या विश्वविद्यालय मेरठ की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किए जाने हेतु कैबिनेट की बैठक में अनुमति प्रदान की है।

### मिलेगी स्टांप ड्यूटी में शत प्रतिशत छूट

**प्रदेश** में रक्षा एवं एयरोस्पेस के क्षेत्र में निवेश करने वालों को भूमि के पट्टे की रजिस्ट्री पर भी स्टांप ड्यूटी में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। सरकार की मंत्रिमंडल बैठक में उत्तर प्रदेश रक्षा एवं एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2018 और एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2019 में संशोधन का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

### 23 बस स्टेशनों का पुनरोद्धार होगा

यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम के 23 बस स्टेशन को निजी सार्वजनिक भागीदारी के पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। बस अड्डों को डिजाइन बिल्ड फाइनेंस आपरेट एंड ट्रांसफर मॉडल पर विकसित किया जाना है। पांच बस स्टेशनों के लिए रुचि पत्र और बाकी 18 बस स्टेशनों के लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। जिसमे पांच स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर डेवलप किया जाएगा जिसमे कौशांबीए प्रयागराजए आगरा फोर्टए विभूतिखंडए को विकसित किया जाएगा।

### राशन दुकानों में अब होंगे ई पॉस मशीन और ई तराजू

**शहरी** और ग्रामीण इलाकों की राशन दुकानों को इलेक्ट्रानिक तराजू और ई पॉस मशीनों से लैस करने के लिए नए टेंडर होंगे। टेंडर प्रस्ताव के लिए यूपी डेस्को को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। टेंडर हासिल करने वाली संस्था को ई तराजू और ई पॉस मशीनें लगाने और संचालन का जिम्मा दिया जाएगा। टेंडर से संबंधित सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए यूपी डेस्को को नामित किया गया है। यूपी डेस्को द्वारा तैयार प्रस्ताव के आधार पर प्री.बिड में प्राप्त सुझावों को खाद्यायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति अनुमोदित करेगी। इसके बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जाएगा और ई टेंडर लिए जाएंगे।

### समय रहते कराया जा सकेगा फसल बीमा

**मौसम** विभाग की सूचना पर अगर किसान को लगा कि अब फसल को खतरा है तो जोखिम शुरू होने से एक दिन पहले भी पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत वह अपनी फसल का बीमा करा सकेगा। इसकी अंतिम तारीख की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इससे किसानों को बड़ा लाभ होगा। मंगलवार को कैबिनेट ने खरीफ 2023 से रबी 2025-2026 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को हरी झंडी दे दी। किसानों को राहत देने के साढे छह से सात करोड़ रुपये की व्यवस्था सरकार ने की है।

### नीलाम होंगे 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहन

**मंत्रिपरिषद** ने 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सरकारी विभागों के निष्प्रयोज्य वाहनों के मूल्यांकन एवं नीलामी प्रक्रिया के निर्धारण के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव के आदेश के क्रम में 23 जनवरी 2023 द्वारा 15 वर्ष एवं इससे अधिक पुराने प्रदेश के सरकारी व अर्द्धसरकारी वाहनों को स्क्रैप कराये जाने के लिए समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को अपने विभाग, निगम,निकाय आदि में संचालित 15 वर्ष एवं इससे अधिक पुराने सरकारी, अर्द्धसरकारी वाहनों की सूचना दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस प्रकार के वाहनों को स्क्रैप किये जाने की प्रक्रिया में गति लाये जाने के दृष्टिगत भारत सरकार के 23 जनवरी 2023 के कार्यालय ज्ञाप के प्राविधानानुसार प्रदेश में सरकारी गाड़ियों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के मापदण्ड विषयक अद्यतन प्रभावी आदेश के तहत 15 वर्ष पुराने सरकारी वाहनों के रिजर्व प्राइस के निर्धारण तथा ऐसे वाहनों की नीलामी के लिए एमएसटीसी मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन द्वारा सर्विस चार्जेज़ वसूल किए जाने के सम्बन्ध में इस्पात मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निष्प्रयोज्य सरकारी वाहनों का मूल्यांकन सम्बन्धित विभाग के विभागीय मूल्य निर्धारक अथवा विभाग द्वारा नामित मूल्य निर्धारक अथवा एमएसटीसी द्वारा सूचीबद्ध मूल्य निर्धारक के माध्यम से किया जाएगा।

### मृत शिक्षकों के परिजनों को मिलेगी ग्रेच्युटी

**मंत्रिपरिषद** ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के ऐसे शिक्षक जिनके द्वारा सेवानिवृत्ति हेतु 58/60 वर्षीय विकल्प पत्र वर्तमान में 60/62 का वरण नहीं किया गया है और उनकी मृत्यु 60 वर्ष के पूर्व हो गई हो, के आश्रितों तथा ऐसे शिक्षक जिन्होंने 62 वर्ष पर सेवानिवृत्ति का विकल्प भरा किन्तु विकल्प परिवर्तन के लिए निर्धारित अवधि के पूर्व मृत्यु हो गई हो, के परिजनों को ग्रेच्युटी का भुगतान किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रिपरिषद ने इसमें किसी भी परिवर्तन/परिवर्धन के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। इस निर्णय से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु से पूर्व विकल्प न दिए जाने अथवा विकल्प परिवर्तन की सुविधा लिए बिना मृत्यु होने की दशा में ग्रेच्युटी की सुविधा दिए जाने से अनेक विधिक विवाद समाप्त हो जाने के साथ-साथ मृतक शिक्षकों के परिवार को देय ग्रेच्युटी प्राप्त होने से उनकी आर्थिक मदद हो सकेगी।

# राष्ट्रपति को सर्वोच्च सम्मान मिलने पर राज्यपाल ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रांड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ यलो स्टार से विभूषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है और भारत और सूरीनाम के सशक्त पारस्परिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि भारत की राष्ट्रपति को दिया गया यह सम्मान सूरीनाम के निवासियों और वहाँ की गवर्नमेंट का भारत के प्रति अपने सम्बन्धों, प्रेम और विश्वास का परिचायक है। यह उपलब्धि आगे भी हमारे देशों में आपसी सम्बन्धों को मधुरता प्रदान करने में सहायक होगी।

# अटल आवासीय विद्यालय में जुलाई से शिक्षण कार्य, 11 जून को होगी प्रवेश परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार की महत्वाकांक्षी एवं बहुप्रतीक्षित योजना अटल आवासीय विद्यालय में जुलाई 2023 से शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं कोरोना महामारी से अनाथ हुये बच्चों के लिये मण्डल के सभी जनपदों लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी में एक साथ आगामी 11 जून को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है।

मंगलवार को यह जानकारी देते हुए उप श्रम आयुक्त, लखनऊ क्षेत्र राकेश द्विवेदी ने देते हुए बताया कि सिठौलीकलां मोहनलालगंज लखनऊ में अटल आवासीय विद्यालय बनकर तैयार हो गया है और यह पूर्णतया नवोदय विद्यालय की तर्ज पर सारी सुविधाओं से युक्त होगा। इसके लिये नवोदय विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकों का चयन कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा.6 से लेकर कक्षा.12 तक के छात्र छात्राओं को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा के साथ.साथ उनके रहने.खाने के लिये अलग.अलग हॉस्टल्स, आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के साथ-साथ खेल मैदान एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हरियाली युक्त मनोहर वातावरण तैयार किया गया है। द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा.6 में प्रवेश हेतु कुल 80 छात्रों के चयन हेतु मण्डल के सभी जिलों से कुल 800 आवेदन पात्र पाये गये हैं। जिनकी प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रत्येक जनपद के जीआईसी परिसर में आयोजित की गयी है। सभी परीक्षार्थी अपने जिले के सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय से अपना प्रवेश.पत्र प्राप्त कर सकते है। उप श्रमायुक्त ने बताया कि लखनऊ में राजकीय जुबिली इण्टर कॉलेज, निकट सिटी रेलवे स्टेशन के सामने, हरदोई में राजकीय इण्टर कॉलेज, उन्नाव में डॉ दिलीप सिंह भदौरिया राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर में राजकीय इण्टर कॉलेज, रायबरेली में राजकीय इण्टर कॉलेज और लखीमपुर खीरी में राजकीय इण्टर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। राकेश द्विवेदी ने बताया गया कि प्रवेश परीक्षा में कुल 80 प्रश्न आयेंगे, जिसमें से 40 प्रश्न मानसिक क्षमता परीक्षण, 20 प्रश्न गणित एवं 20 प्रश्न भाषा परीक्षण के होगें।

प्रवेश परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जायेगें। परीक्षा केन्द्र पर सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र में मूल प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक है। दिव्यांग छात्रों के लिये 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

# दुग्ध उत्पादकों को गांवों में ही दिलाया जाएगा दूध का उचित मूल्य: धर्मपाल

● लोगो और दुग्ध विकास पोर्टल का लोकार्पण भी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश को दुग्ध विकास के क्षेत्र एवं दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाये रखने के लिए मंगलवार को एक हजार करोड़ की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन की शुरुआत की गयी है ताकि प्रदेश के सभी गांवों में दुग्ध सहकारी समितियों द्वारा दुग्ध उत्पादकों को गांवों में ही उनके दूध के उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। सीएम योगी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभूमिखंड गोमतीनगर स्थित किसान बाजार में नन्द बाबा दुग्ध मिशन कार्यालय का उद्घाटन, 'दुग्ध विकास पोर्टल' का लोकार्पण एवं नन्द बाबा मिशन के लोगो का अनावरण किया। दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर गौसंवर्धन को प्रोत्साहित करने की कार्यवाही दुग्ध विकास विभाग के माध्यम से की जा रही है। प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को सुनिश्चित करने, कृषकों को उनके दूध का लाभकारी मूल्य दिलवाने एवं कृषि आधारित ढांचा सुदृढ़ करने में दुग्ध विकास विभाग निरन्तर प्रयासरत है। दुग्ध व्यवसाय ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय हैए जो ग्रामीण क्षेत्र में अतिरिक्त आय का लाभप्रद साधन है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत दुग्ध उत्पादकों को उनके गांव में ही दूध विक्रय की सुविधा प्रदान करने के लिए नये प्रयासों के रूप में डेयरी किसान उत्पादक संगठन (डेयरी एफपीओ) का गठन करने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के 5 जनपदों में 5 डेयरी किसान उत्पादक संगठन को (डेयरी एफ पीओ) गठित किये जाने की योजना है, जिसमें महिलाओं की भी एक प्रमुख भूमिका होगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नन्द बाबा मिशन के तहत दुग्ध उत्पादकों को बाहरी प्रदेशों से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के क्रय करने, दुग्ध उत्पादकों के गौवंशीय पशुओं में नस्ल सुधार के लिए प्रगतिशील पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि देने एवं प्रदेश स्तर पर गौ पालक का बड़े स्तर पर डाटाबेस बनाना प्रस्तावित है।

# ओवररेट शराब की बिक्री करने वाले चिन्हित हुए: भूसरेड्डी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने मंगलवार को विभागीय अधिकारियों को एक बार फिर से चेतावनी दी। संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्रदेश में ओवररेट शराब की बिक्री नहीं होने दी जायेगी।

उत्तर प्रदेश की सभी दुकानों का वेबसाइट पर नाम चढ़ा हुआ है, जिसमें ओवररेट बिक्री करने वाले चिन्हित कर लिए गए हैं। इसके बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए संयुक्त आबकारी आयुक्त, उप आबकारी आयुक्त और जिला आबकारी अधिकारी तैयार रहें। अपर मुख्य सचिव आबकारी ने कहा कि ओवरेटेक शराब बिक्री करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियम कठोर कर दिए गए हैं। तय मूल्य से अधिक बिक्री करने वाले दुकानदारों को पहली बार पकड़े जाने पर 75 हजार का जुर्माना देना होगा।

पोर्टल पर उस दुकान ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा, दुकानदार को नौकरी से भी निकाला जायेगा। इस कार्य दूसरे बार करते पकड़े जाने पर अर्थदण्ड एक लाख पचास हजार और ब्लैक लिस्टेड व नौकरी से हटाने वाली शर्त लागू रहेगी।

# जितेंद्र त्यागी के खिलाफ फतवा जारी करने वाले मौलाना की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**शिया** वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिज़वी उर्फ जितेंद्र नारायण त्यागी को मारने के लिए कथित फतवा जारी करने के मामले में वांछित मुल्जिम मौलाना सैयद मोहम्मद शबीबुल हुसैनी को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। पीठ ने इसकी याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि यह अधिक परेशान करने वाली बात है कि अपने इस कथित बयान को वह अपने हलफनामे में औचित्यपूर्ण ठहराने की कोशिश कर रहा है। इस पर लगे आरोप बहुत गंभीर प्रवृत्ति के हैं। लिहाजा इसे अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती।

जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश मौलाना सैयद मोहम्मद शबीबुल हुसैनी की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। इस पर यूट्यूब चैनल पर वसीम रिज़वी का श्कत्ल वाज़िब हैश् का बयान देने का इल्जाम है। हुसैनी ने अपने बयान में कहा है कि जिस तरह लेखक सलमान रुश्दी की हत्या जरूरी हैए उसी तरह रिज़वी की हत्या भी जरूरी है। यह भी आरोप है कि सनातन धर्म स्वीकार करने की वजह से मौलाना हुसैनी द्वारा रिजवी के खिलाफ फतवा जारी कर मुसलमानों को भड़काकर उनकी हत्या कराने की साजिश है। 18 मार्चए 2023 को इस मामले की एफआईआर दर्ज हुई थी। सुनवाई के दौरान मुल्जिम की ओर से कहा गया कि उसने जो कुछ भी बयान दिया है वह इस्लामिक कानूनों के तहत दिया है।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों के खाते में नहीं ट्रांसफर हुआ पैसा

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों के सत्र शुरू हुए डेढ़ माह का समय व्यतीत हो चुका है पर, अभी तक बच्चों को देने के लिए नए ड्रेस, जूते-मोजे और बैग तथा किताबों के लिए पैसा अभिभावकों के खाते में नही पहुंच सका है। जबकि इसे 31 मई तक ट्रांसफर हो जाने चाहिए थे। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों के बाद अभिभावकों के खाते में डीबीटी से पैसा ट्रांसफर हो सकेगा। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल शुरू होने के साथ ही नई ड्रेस, जूते.मोजे व बैग आदि दिए जाते थे। हर साल इस प्रक्रिया को पूरा करने में विद्यालयों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसके बाद प्रक्रिया में बदलाव करते हुए बच्चों के अभिभावक के खाते में सीधे डीबीटी के माध्यम से पैसा ट्रांसफर होने लगा। प्रक्रिया आसान होने के बाद भी अब तक अभिभावकों के खाते में पैसा नहीं पहुॅच सका है। सूत्रों की मानें तो पिछली बार डीबीटी के माध्यम से करीब 15 फीसदी अभिभावकों के खाते में पैसा ही नहीं पहुंचा था। इस बार भी 30 मई तक पैसा ट्रांसफर करने का दावा किया गया था। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हर अभिभावक का पूरा डाटा उनका आधार नंबर बैंक डिटेल व बच्चों से जुड़ी सारी जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो पाई है।

# वेतन बहाली की मांग को लेकर निदेशक से मिले तदर्थ शिक्षक

**लखनऊ।** प्रदेश के अनुदानित माध्यमिक स्कूलों में तैनात तदर्थ शिक्षकों ने वेतन बहाली व सेवा सुरक्षा को लेकर सोमवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशक और शिक्षा महानिदेशक से मुलाकात की। माध्यमिक शिक्षक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि सिंह ने बताया की तदर्थ शिक्षकों की हालत ठीक नहीं है। वह भुखमरी के कगार पर है। शिक्षकों ने बताया कि प्रदेश के 20-25 जिलों मे एडेड माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों का वेतन 11 माह से नहीं मिला है। शिक्षको का आरोप है कि किसी जिले में भुगतान हो गया है। कहीं पर नहीं हुआ है। स्कूल महानिदेशक विजय किरण आनंद ने शिक्षकों की समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

# एक हजार एकड़ में बनेगा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल व अपैरल पार्क

● लखनऊ के मलिहाबाद तहसील के माल ब्लॉक स्थित अटारी गांव में भूमि की गई चिन्हित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 5 एफ विजन (फार्म-फाइबर-फैक्ट्री-फैशन-फॉरेन) को आत्मसात करते हुए योगी सरकार इसी आधार पर राजधानी लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क का निर्माण करेगी। इसके लिए योगी सरकार ने राजधानी के मलिहाबाद तहसील के माल ब्लॉक स्थित अटारी गांव में भूमि को भी चिन्हित कर लिया है। मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क एक हजार एकड़ में बनाया जाएगाए जिससे एक लाख युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। योगी सरकार को इस पार्क में दस हजार करोड़ से अधिक इन्वेस्टमेंट की उम्मीद है। इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिये एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी जरूरतों को उपलब्ध कराएगी, जिससे उद्योग की लागत कम हो सके। वहीं निर्माताओं को निर्यात के लिए मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा। टेक्सटाइल और अपैरल पार्क की कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर राजधानी के अटारी गांव को चुना गया है। यहां से 20 किमी की दूरी पर एनएच-20 और एसएच-20 है, जो फोर लेन है और क्रमश: लखनऊ को सीतापुर और हरदोई से जोड़ता है। वहीं 20 किमी की दूरी पर 6 लेन ऑउटर रिंग रोड है। इसके साथ ही रेलवे कनेक्टिविटी भी बेहतर है। यहां से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन 16 किमी तो लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किमी की दूरी पर है। पार्क से 45 किमी की दूरी पर लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट तो डेडिकेटेड फ्रे ट कॉरिडोर 95 किमी की दूरी पर कानुपर नोड और 500 किमी पर दादरी टर्मिनल है। इतना ही नहीं इनलैंड कंटेनर डिपो 111 किमी की दूरी पर कानुपर में है। पार्क को पीपीपी मोड पर अत्याधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत 500 करोड़ रुपये से कोर इंफ्रास्ट्रक्टचर का निर्माण किया जाएगाए जबकि 300 करोड़ रुपये का प्राविधान मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के लिए किया गया है, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। पार्क के निर्माण में अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चरए दूसरा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर और तीसरा प्रीमियम स्पेस है।

## बाढ़ से निपटने को योगी सरकार पूरी तरह से मुस्तैद

# लखनऊ में केंद्रीय व जिलों में 50 बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना

● 15 जून से संपूर्ण बाढ़ अवधि तक क्रियाशील रहेंगे कक्ष

● 44 जनपदों में 780 बाढ़ सुरक्षा समितियां गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाढ़** से निपटने को जून में ही योगी सरकार पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। बाढ़ से निपटने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं या अंतिम दौर में हैं। पिछले दिनों सीएम योगी ने खुद इसकी समीक्षा कर 15 जून तक सारी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद मातहतों ने बाढ़ से निपटने की तैयारियों में काफी तेजी भी ला दी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 73 जनपदों में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक भी संपन्न कर ली गई है। लखनऊ में केंद्रीय व जनपदों में 50 बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना की जा चुकी है। 15 जून से बाढ़ की संपूर्ण अवधि (संभावित अक्टूबर) तक यह कक्ष क्रियाशील रहेंगे।

बाढ़ से निपटने के लिए योगी सरकार ने सारी व्यवस्था पहले ही कर ली है। लखनऊ में केंद्रीय व 50 जनपदों में बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना हो चुकी है। 15 जून से यह सतत क्रियाशील हो जाएंगे। आमजन की सुरक्षा को शीर्ष पर रखते हुए 2022-23 में इससे जुड़ीं 282 परियोजनाएं और योगी सरकार के कार्यकाल में कुल 982 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की गईं। वर्तमान में 265 नई परियोजनाएं, 7 ड्रेजिंग संबंधी परियोजना और पूर्व से संचालित 140 परियोजनाओं सहित कुल 412 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। 325 से अधिक परियोजनाओं का 50 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ द्वारा बाढ़ सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान हेतु महत्वपूर्ण 113 बेतार केंद्र भी बाढ़ अवधि में सतत क्रियाशील रहेंगे। बाढ़ की दृष्टि से 24 अति संवेदनशील जिलों पर भी सीएम योगी की नजर है। इन जिलों में महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोंडा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर व कासगंज समेत 16 जिले संवेदनशील हैं। इन क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण करने का निर्देश सीएम ने दिया है।

# चित्रकूट में 109 स्थानों पर होगा योग शिविरों का आयोजन, तैयारियां शुरू

**●अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर डीआरआई में हुई विमर्श बैठक**

**●आरोग्यधाम में तैयार होंगे योग प्रशिक्षक, 8 जून से शुरू होगा प्रशिक्षण**

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भारतीय** सांस्कृतिक मूल्यों एवं पुरातन योग पद्धति को मूर्त रूप देने के लिये 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए जो स्वरूप तैयार हो रहा है। उसमें अब ग्रामीण अंचल के लोग भी अछूते नहीं है। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा चित्रकूट की सभी प्रमुख संस्थाओं, संत महात्माओं एवं सामाजिक कार्यकर्त्ताओं व आमजन के सहयोग से नगर के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलम्बन केन्द्रों पर भी योग की बात पहुंच सके इसके लिये 8 से 10 जून तक योग प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आरोग्यधाम परिसर में दिया जाएगा।

21 जून विश्व योग दिवस के संदर्भ में दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ में एक बृहद बैठक आयोजित की गई। चित्रकूट क्षेत्र में योग की जो संरचना बनी है, उसमें आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जन भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु नगर क्षेत्र में 109 स्थानों पर योगाभ्यास किया जाएगा। योगाभ्यास के लिए जो स्थान चिन्हित किए गए, उसमें चित्रकूट क्षेत्र के सभी प्रमुख मंदिर एवं सामाजिक संस्थाओं सहित विभिन्न विभाग शामिल हैं। उपरोक्त स्थानों पर 8 जून से 10 जून तक आरोग्यधाम में प्रशिक्षित होने वाले प्रशिक्षकों द्वारा चिन्हित स्थानों पर योग शिविर लगाए जाएंगे।सभी चिन्हित स्थानों पर 11 जून से 20 जून तक सुबह 6 से 7 बजे तक प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्राणायाम, मुद्राभ्यास, सन्धियोग, योगासन और सूर्य नमस्कार की सभी क्रियायें एवं आसन कराये जायेंगे।

# पीड़िता के परिवार को प्रताड़ित करने वाले एसएचओ व एसआई निलंबित

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**●पुलिस के बर्ताव से क्षुब्ध होकर पीड़िता के पिता ने की थी आत्महत्या**

**एट** थाना अंतर्गत पीड़िता के पिता द्वारा पुलिस की प्रताड़ना से त्रस्त होकर फांसी पर झूलकर मौत को गले लगाने के मामले में घटना के संबंध में समय से अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई न किये जाने पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के उपरांत प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप गौतम, व उप निरीक्षक अशोक कुमार कुशवाहा थाना एट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया तथा समूचे प्रकरण की विभागीय जांच जारी है। पुलिस ने पीड़िता किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण के लिये भेजा गया है। तो वहीं गांव में ऐहतियात के तौर पर गांव में पीएससी बल के साथ पुलिस व महिला सिपाही भी डेरा जमाये हुये हैं। वहीं पीड़ित परिवार बुधवार को दोषी पुलिस अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराने के लिये एसपी से भेंट कर प्रार्थना पत्र देंगे।

उल्लेखनीय हो कि एट थाना क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी बैरागढ़ में दुष्कर्म पीड़िता के पिता द्वारा एफआईआर दर्ज करने के नाम पर मिली प्रताड़ना से त्रस्त होकर अपने ही आवास में फांसी पर झूल गया था। इसी के साथ उक्त प्रकरण मीडिया की सुर्खियों में आ गया था। जब पुलिस अधिकारी गांव पहुंचे थे तो वहां पर पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस पर गंभीर आरोपों की झड़ी लगा दी थी। बाद में एएसपी असीम चौधरी के इस आश्वासन पर शव को फांसी से उतारने दिया गया था कि दोषी एट थाने के पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उसी आश्वासन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को एट थाने के एसएचओ गौतम व एसआई अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच प्रचलित होने की जानकारी मीडिया सेल द्वारा दी गयी।

# आपसी तालमेल से जनपद का होगा सर्वांगीण विकास: सांसद

**●देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता में विकास भवन में हुई बैठक**

**●आयुष्मान कार्ड की प्रगति धीमी होने पर सांसद ने जताई कड़ी नाराजगी**

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**जिला** विकास समन्वय और निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक सांसद देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजित हुई। इस बैठक में जिले की विकास परक योजनाओं की समीक्षा के साथ.साथ उन बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी, जो जनपद के विकास को प्रभावित कर रहे है या कर सकते हैं। इस बैठक का उद्देश्य है जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य समन्वय बनाकर जिले को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना।

इस बैठक में सर्वप्रथम पिछले बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुपालन अथवा दिये गये निर्देशों के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तार में चर्चा की गयी। विद्युत विजनेंस टीम, प्रवर्तन दल द्वारा विद्युत चोरी के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्रवाई उपरान्त एफ्आईआर हेतु निर्धारित समय 24 घण्टे के उपरान्त करायी जाने वाली एफ्आईआर पर आपत्ति जताते हुए सदन द्वारा इसके निष्पक्ष जांच कराये जाने तथा इसके अन्तर्गत सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी पर की गयी कार्रवाई तथा किये गये बिल संशोधन के उपरान्त उनसे सहमति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए आख्या आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत परियोजना निदेशक पीएमजीएसवाई को अपने कार्य क्षेत्र में विस्तार करने तथा ऐसी ग्रामीण सड़कों को अपनी परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिये, जो अभी तक परियोजना के अन्तर्गत नही है प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास के आवंटन की जांच समिति गठित कर कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत बनने वाले आयुष्मान कार्ड की प्रगति धीमी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के साथ ही अभियान चलाकर कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।

# नगर विकास मंत्री से मिलकर मऊ चेयरमैन ने मांगा विकास में सहयोग



**चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर के विकास में सहयोग मांगा। साथ ही मंत्री को चित्रकूट आने का आमंत्रण भी दिया।

नवसृजित नगर पंचायत मऊ के पहले चेयरमैन बने अमित द्विवेदी शपथ ग्रहण के बाद से ही मऊ कस्बे के चहुमुखी विकास को लेकर संकल्पित हैं। चेयरमैन श्री द्विवेदी ने लखनऊ स्थित नगर विकास मंत्री एके शर्मा के आवास पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।साथ ही नगर के आदर्श नगर बनाने में सहयोग की मांग करने के साथ-साथ भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट आने के लिए आंमत्रित किया।

नगर पंचायत मऊ के ब्रांड एम्बेसडर शारदा अग्रहरि ने बताया कि यूपी के नगर विकास मंत्री श्री शर्मा ने चेयरमैन अमित द्विवेदी को नगर के चहुमुखी विकास में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाते हुए जल्द से जल्द कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजने का अनुरोध किया है। बताया कि जल्द ही चेयरमैन श्री द्विवेदी अपने बोर्ड के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर विकास की कार्ययोजना बनाकर शासन को प्रेषित करेगें।

# सत्रह जून से होंगे जिला योजना समिति के चुनाव

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला योजना समिति ने बताया कि प्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम 1999 के तहत जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समिति के सदस्यों का चुनाव होना है। मंगलवार को उन्होने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 17 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह चार बजे तक नामांकन, चार बजे से कार्य समाप्ति तक नामांकन पत्रों की जांच, 21 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे तक उम्मीदवारी वापस लेने, 25 जून को सवेरे आठ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान एवं 25 जून को अपरान्ह तीन बजे से कार्य समाप्ति तक मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रदेश जिला योजना समिति नियमावली 2008 के अनुसार होगी। इस चुनाव में मतदान गुप्त होगा। जिला योजना समिति के सदस्यों के मतपत्र अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र-9 अनारक्षित वर्ग महिला के उम्मीदवारों को प्रपत्र 9(1), अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को प्रपत्र-9 ख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के उम्मीदवारों को प्रपत्र- 9ख(1) के अनुसार होंगे। विधि मान्य उम्मीदवारों के नाम मतपत्र में हिंदी में उसी क्रम में दिए जाएंगे जिस क्रम में विधिमान्य उम्मीदवारों की रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाशित सूची में दिए हैं। मतगणना के बाद रिटर्निंग ऑफिसर परिणाम घोषित करेंगे।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

**●कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर लोकसभा चुनाव 2024 की जीत का दिया मंत्र**

**संवाददाता।** हुसैनगंज, फतेहपुर




**हुसैनगंज** विधानसभा क्षेत्र के एचएन बहुगुणा इंटर कालेज में मंगलवार को भाजपा की ओर से वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ भाजपाईयों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला के अलावा विशिष्ट अतिथियों में मंडल प्रभारी डा. देवाशीष पटेल, विजय प्रताप सिंह, सुशीला मौर्या सहित मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संतोष सिंह राजू ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देशी की आन-बान और शान बढ़ी है।

जिसका नतीजा है कि आज विदेशों में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे कोरोना काल हो या अन्य कोई आपदा का समय, मोदी सरकार प्रत्येक पीड़ित, गरीब, मजलूम व्यक्तियों के साथ खड़ी है। कहा कि सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। ऐसे ऐतिहासिक कार्य करने की क्षमता सिर्फ पीएम मोदी के अंदर है। उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति की बदौलत आज देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने पदाधिकारियों का आहवान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां शुरू करते हुए मोदी व योगी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने में जुट जायें।

## क्विक न्यूज

### समर बहादुर बने रूरा थाने के प्रभारी निरीक्षक



**कानपुर देहात।** जनपद की कानून व्यवस्था को चाक चौबन्द करने के लिये एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने एसपी कार्यालय में तैनात रिट सेल के प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर को रूरा थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। जनपद के गजनेर, सट्टी सहित कई थानों का कार्यभार सॅभाल चुके अनुभवी, मृदुभाषी व तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक ने सोमवार की रात्रि को रूरा थाने के नये प्रभारी निरीक्षक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने रविवार की रात्रि को जनपद की कानून व्यवस्था को सदृढ व चाक चौबन्द करने के लिये आधा दर्जन प्रभारी निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुये नयी नियुक्ति प्रदान की थी।

### बिना अवकाश सचिव गायब, ग्राम प्रधान ने की शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर।** विकासखंड कार्यालय में तैनात सचिव विभागीय अधिकारियों के बिना बताए अपने आफिस से 15 दिनों से गायब हैं जिससे सारे काम बाधित है। ग्राम पंचायत परछछ की प्रधान अंशिका गौतम ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की है। ग्राम पंचायत परछछ की महिला प्रधान आंशिका गौतम ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिव महेंन्द्र प्रताप लगभग 15 दिनों से अपने आफिस से गायब हैं जिससे ग्राम पंचायत के भुगतान आदि कराने में परेशानियां हो रही हैं। वहीं पंचायत सचिव ने दूरभाष पर बताया कि वह छुट्टी पर हैं जब कि खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद ने बताया कि सचिव के अवकाश के बारे में उन्हे जानकारी नहीं है।

### आनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितों के रुपए वापस

**फतेहपुर।** ऑनलाइन साइबर ठगी के शिकार चार पीड़ितों के कुल नब्बे हजार दो सौ साठ रूपये की धनराशि साइबर क्राइम सेल ने उनके बैंक खातों में वापस कराने का काम किया। खातों में पैसा वापस पाकर पीड़ितों ने राहत की सांस लेते हुए साइबर सेल टीम का आभार जताया। औंग थाना क्षेत्र के रावतपुर मजरे शिवराजपुर गांव निवासी मैकू पुत्र भोला प्रजापति के पचास हजार रूपये साइबर सेल टीम ने खाते में वापस कराये। इसी तरह राधानगर थाना क्षेत्र के रघुवंशपुरम खंभापुर निवासी करूणाशंकर तिवारी के बैंक खाते से पचास हजार अस्सी रूपये की धनराशि साइबर ठगों ने निकाल लिया था। साइबर सेल टीम ने प्रयास करके उक्त धनराशि को फ्रीज करवाते हुए ठगी किये गये रूपयों में से चौबीस हजार तीन सौ पचास रूपये क्रेडिट कार्ड में वापस कराये।

### दो वारंटी पुलिस ने किए गिरफ्तार

**चित्रकूट।** वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर की टीम ने वारंटी अनूप उर्फलालू पुत्र भोला निवासी राजापुर को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे। इसी क्रम में रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने वारंटी हीरालाल पुत्र रामसजीवन निवासी बाघमबरी गद्दी अल्लापुर प्रयागराज हालपता रैपुरा चित्रकूट को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, सिपाही तिलक राज शामिल रहे।

### तमंचा-कारतूस व गांजे के साथ दो को दबोचा

**फतेहपुर।** मलवां थाना पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्तियों को तमंचा-कारतूस के साथ ही गांजे की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफसुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार मलवां थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह अपने हमराही उपनिरीक्षक व सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मलवां कैंची मोड़ के निकट किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़े लल्लू पुत्र कल्लू निवासी बड़ी बाजार खजुहा थाना बिंदकी को एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

# कस्बे की विद्युत समस्याओं का शीघ्र होगा समाधानः चेयरमैन

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**कस्बे** की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिये चैयरमैन रामजी गुप्ता ने एसडीओ एसएस कटियार से विस्तार से वार्ता की, चैयरमैन की मॉग पर एसडीओ ने नये घरेलू कनेक्शन चाहने वाले उपभोक्ताओं को पोल व केबिल की भारी राशि से निजात दिलाये जाने का आश्वासन दिया, एसडीओ ने लो वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिये शीघ्र ही नये ट्रॉसफार्मर लगाने, आधा दर्जन से अधिक ट्रॉसफार्मरों की भार क्षमता बढ़ाये जाने के साथ आधा दर्जन नये लाइनमैनों की नियुक्ति का आश्वासन चैयरमैन को दिया। पिछले कई वर्षों से चली आ रही ज्वलन्त समस्याओं को सुलझाने के लिये नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता ने कमर कस ली है। मॅगलवार को डेरापुर रोड टैम्पो स्टैण्ड पर अवैध वसूली व स्टैण्ड सॅचालक की अराजकता की शिकायत पर मौके पर पहुंचे। टैम्पों स्टैण्ड संचालक को सख्त चेतावनी देते हुये ठेकेदार की निविदा निरस्त करने की चेतावनी दी। चैयरमैन की नाराजगी देखकर अराजकतत्वों मौके से रफूचक्कर होना ही उचित समझा, चैयरमैन ने रूरा एसओ समर बहादुर को समस्या से अवगत कराया, उसके बाद चैयरमैन विद्युत सब स्टेशन पहुंचे वहां चैयरमैन ने नये घरेलू कनेक्शन चाहने वाले उपभोक्ताओं पर पोल व केबिल के भारी बजट से निजात दिलाये जाने के लिये एसडीओ एसएस कटियार व जेई संतोष भारती से चर्चा की।

# दीक्षांत समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**फतेहपुर।** श्रीमती रामा अग्रहरि (प्राइवेट) आईटीआई देवीगंज में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद श्याम ग्रुप के संरक्षक बाबू राधेश्याम गुप्त द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मार्कशीट व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र अमित कुमार, आकाश गुप्ता, सत्यम अग्रहरि, सपना देवी, रोशनी देवी, काजल, प्रेरणा, स्वेता, हिमांशु, गौरव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोंटी गुप्ता, राजेश गुप्ता, रंजना शुक्ला, छोटे लाल कुशवाहा, प्रकाश चंद्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डीएन सिंह, अनुरुद्ध मौर्य, प्रीति, दिलीप गुप्ता समेत कालेज परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश



**उरई, जालौन।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार मंगलवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जिला परिषद से लेकर जालौन वाईपास तक सड़क चौड़ीकरण व लाइटिंग के कार्यों को जल्द शुरू करने के लिए आज निरीक्षण किया, साथ ही संबंधित अधिकारियों ने सड़क चौड़ीकरण के लिए नाप कराया गया, जिलाधिकारी ने जल्द ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास में कोई कसर नहीं रहेगी।

# पेज एक का शेष

## रेल दुर्घटना...

लगता है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने दो जून को ओडिशा के बाहानगा बाजार में कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी से जुड़ी दुर्घटना पर रेल मंत्रालय के अनुरोध, ओडिशा सरकार की सहमति और फिर डीओपीटी, भारत सरकार के आदेश पर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी को मामले की तह तक जाने के लिए रेल सुरक्षा और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद की आवश्यकता हो सकती है। प्रक्रिया का पालन करते हुए, केंद्रीय एजेंसी ने तीन जून को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कटक द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 337 (लापरवाह कृत्य से चोट पहुंचाना), 338 (चोट पहुंचाने वाला कृत्य, किसी की जान को खतरा), 304ए (लापरवाही के कारण हुई मौत) और 34 (समान मंशा), और रेलवे अधिनियम की धारा 153 (रेलवे यात्रियों के जीवन को खतरे में डालने वाला कृत्य), 154 (लापरवाह कृत्य से जान को खतरे में डालना) और 175 (जीवन को खतरे में डालना) के तहत दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में जांच की जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली। रेलवे दुर्घटना मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने पर उठ रहे सवालों के बीच सीबीआई के पूर्व निदेशक एपी सिंह ने कहा, हो सकता है इस मामले में सीबीआई के पास तकनीकी मुद्दों पर विशेषज्ञता नहीं हो, लेकिन वे रेलवे सुरक्षा विशेषज्ञों को साथ ले सकते हैं। जो जांच दल का हिस्सा बनेंगे और यह समझाने में सक्षम होंगे कि चीजें कैसे आगे बढ़ती हैं और आपराधिक लापरवाही कहां हो सकती है। सिंह ने कहा कि सीबीआई सभी गवाहों से पूछताछ करेगी, घटनास्थल का दौरा करेगी और फॉरेंसिक तथा रेलवे सुरक्षा विशेषज्ञों की राय की मदद से सही निष्कर्ष पर पहुंचेगी। उन्होंने कहा, सार्वजनिक धारणा के संदर्भ में भी, यह आवश्यक है कि आंतरिक लीपापोती के आरोपों से बचने के लिए स्वतंत्र एजेंसी जांच करे। सीबीआई का काम न केवल खामियों को उजागर करने का, बल्कि यह भी बताने का है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। यह दृष्टिकोण सीबीआई को मामले की जांच के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाता है। प्राथमिकी में कहा गया है कि कई मौतें टक्कर और रेलवे लाइन के ऊपर से गुजरने वाले तारों के टूटने से करंट लगने के कारण हुईं। अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना में कोच के पलटने से बिजली के खंभे टूट गए और ओवरहेड तार नीचे गिर गए। प्रक्रिया के अनुसार, सीबीआई स्थानीय पुलिस के मामले को अपनी प्राथमिकी के रूप में फिर से दर्ज करती है और जांच शुरू करती है।

## महिला उद्यमियों...

की बात कही। उन्होंने केंद्रीय सरकार की पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता से 2014 तक मत्स्य उद्योग पर कुल खर्च 3,860 करोड़ रुपये थे, लेकिन एक ही योजना, 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना', का बजट 20,500 करोड़ रुपये है और भारत के तटों के आसपास उद्योग को बढ़ावा देने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 8,000 करोड़ रुपये का फंड बनाया गया है। रुपाला ने कहा कि पंचायतों को सीधे और पारदर्शिता के साथ धन भेजने के सरकार के फैसले पर भी देश गर्व करता है।

## भारत जीवंत...

सत्र को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाशिंगटन यात्रा के दौरान, रक्षा और राष्ट्रीय औद्योगिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी। संयुक्त रक्षा औद्योगिक सहयोग के माध्यम से जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी के जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन और महत्वपूर्ण तकनीक से संबंधित अन्य अहम रक्षा परियोजनाओं की घोषणा हो सकती है। साथ ही, हाल ही में घोषित की गई भारत और अमेरिका के बीच बढ़ाई गई रणनीतिक और रक्षा साझेदारी के माध्यम से भारतीय उद्योग को मजबूत करने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका को मजबूत करने की उम्मीद है। यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने इसकी प्रशंसा की है। इंडस-एक्स कांफ्रेंस को यूएस डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस और भारत की रक्षा मंत्रालय के सहयोग में यूएसआईबीसी आयोजित करेगा। केशप ने भारत को अमेरिका के लिए वाणिज्यिक और रक्षा साझेदार के रूप में बढ़ती महत्ता पर जोर दिया है। उन्होंने आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा समझौते और पारस्परिक रक्षा खरीद समझौते की प्रशंसा की है, जो उद्योग की प्रमुख मांग थीं, और उन्होंने कहा है कि इन कदमों का विकास एक उच्च विश्वास संरचना का निर्माण करने और निजी क्षेत्र में महत्वाकांक्षी पहलों को संभव बनाने में महत्वपूर्ण है।

## अमेरिकी संसद...

लिए प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष कैविन मैक्कार्थी, सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर, सीनेट रिपब्लिकन नेता मिच मैककॉनेल और प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफरीज को धन्यवाद देते हुए एक ट्वीट में यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने कहा, कैविन मैक्कार्थी, मिच मैककॉनेल, चक शूमर और हकीम जेफरीज को इस निमंत्रण के लिए धन्यवाद। मैं इसे स्वीकार करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं और एक बार फिर कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए उत्सुक हूं।

## राष्ट्रपति मुर्मू...

कर रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद ट्वीट किया, यह सम्मान न केवल मेरे लिए बल्कि भारत के उन 1.4 अरब लोगों के लिए भी बेहद मायने रखता है जिनका मैं प्रतिनिधित्व करती हूं। उन्होंने भारतीय-सूरीनाम समुदाय की विभिन्न पीढ़ियों को यह सम्मान समर्पित किया, जिन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विदेश मंत्रालय ने भी राष्ट्रपति को सम्मानित किए जाने की जानकारी दी। मंत्रालय के आधिकारिक खाते से ट्वीट किया गया, भारत-सूरीनाम के गहरे संबंधों का सम्मान। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी ने उनके देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द एलो स्टार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति मुर्मू को बधाई दी और इस सम्मान को दोनों देशों के बीच दृढ़ संबंधों का प्रतिबिंब करार दिया। धनखड़ ने एक ट्वीट में कहा, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम में वहां के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द एलो स्टार से सम्मानित किए जाने पर बधाई। यह भारत के राष्ट्रपति के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण और दोनों देशों के बीच दृढ़ संबंधों का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाने पर उन्हें बधाई दी और कहा कि यह विशेष भाव दोनों देशों के बीच स्थाई मित्रता का प्रतीक है।

## मणिपुर में...

कर दिया। भारतीय सेना के दीमापुर स्थित स्पीयर कोर मुख्यालय ने ट्विटर पर जानकारी दी कि असम राइफल्स के दो घायल जवानों को हवाई मार्ग से मंत्रिपुखरी ले जाया गया है और तलाशी अभियान जारी है। स्पीयर कोर ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, मणिपुर में सुगनूासेरौ इलाकों में असम राइफल्स, बीएसएफ तथा पुलिस द्वारा चलाए गए व्यापक अभियान के दौरान पांच-छह जून की दरमियानी रात सुरक्षा बलों और विद्रोहियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी का समुचित जवाब दिया। पुलिस ने बताया कि पश्चिमी इंफाल जिले के फाएंग में भी सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के बीच भीषण गोलीबारी की सूचना है। इससे पहले नाराज ग्रामीणों ने रविवार रात मणिपुर के काकचिंग जिले के सुगनू में एक परित्यक्त शिविर में आग लगा दी थी, जहां यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) के उग्रवादी सरकार के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद ठहरे हुए थे।काकचिंग जिले के सेरौ स्थित सुगनू से कांग्रेस विधायक के. रंजीत के आवास सहित कम से कम 100 परित्यक्त घरों को उग्रवादियों द्वारा आग लगाए जाने के बाद ग्रामीण अपना आक्रोष निकाल रहे थे।इस बीच, मणिपुर सरकार ने इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध मंगलवार को 10 जून तक बढ़ा दिया। आयुक्त (गृह) एच ज्ञान प्रकाश द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, ब्रॉडबैंड सहित मोबाइल डेटा सेवाओं का निलंबन 10 जून की अपराह्न 3 बजे तक बढ़ा दिया गया है। यह प्रतिबंध पहली बार 3 मई को लगाया गया था। मणिपुर में एक महीने पहले भड़की जातीय हिंसा में कम से कम 98 लोगों की मौत हो गई थी और 310 अन्य घायल हो गए थे। वर्तमान में कुल 37,450 लोग 272 राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं।

## संदूक में...

रखे लकड़ी के पुराने संदूक में नीरज और आरती का शव पड़ा मिला। शुरुआती जांच में पता चला कि बच्चे अपराह्न 3.30 बजे से लापता थे। बहुत ढूंढने के बाद जब उन्होंने बच्चों को घर में ढूंढते हुए लकड़ी के बॉक्स को खोला तो उसमें शव मिला।

## एलएसडी की...

रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग 25-28 वर्ष की आयु के हैं। अधिकारियों के अनुसार जब्त की गई खेप (लगभग पांच हजार से सात हजार रुपए प्रति ब्लॉट) की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 करोड़ रुपये से अधिक है। यह अभियान पिछले महीने के अंत में शुरू किया गया था। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे छात्र और युवा हैं जो गोपनीय इंटरनेट-आधारित ऐप और डब्ल्यूआईसीकेआर जैसी मैसेंजर सेवा के जरिए अपनी पहचान छिपाकर आसानी से पैसा बनाना चाहते थे। सिंह ने कहा कि करीब दो सप्ताह के अभियान के तहत कुल 14,961 ब्लॉट्स जब्त किए गए और ए ब्लॉट्स गैमागोब्लिन एंड होली स्पिरिट ऑफ असुर ब्रांड के हैं।

## अधिक उत्सर्जन...

रूप से उपयोग करने के लिए एक प्राकृतिक संपदा। उन्होंने कहा, हमने आईपीसीसी से 1.5 डिग्री सेल्सियस और 2 डिग्री सेल्सियस के लिए शेष वैश्विक कार्बन बजट प्राप्त किया और जनसंख्या के आधार पर 168 देशों में उचित हिस्सा वितरित किया। उन्होंने कहा, फिर हमने प्रत्येक देश के उचित हिस्से की तुलना उस देश ने 1960 से ऐतिहासिक रूप से कितना कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित किया इससे की, साथ में एक व्यापार-जैसा-सामान्य परिदृश्य और एक महत्वाकांक्षी परिदृश्य के साथ जहां यह वर्तमान स्तर से 2050 तक पूरी तरह से शून्य हो जाता है। परिणाम चौंकाने वाले हैं। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने वाले महत्वाकांक्षी परिदृश्यों के तहत भी, वैश्विक उत्तर कार्बन बजट के अपने सामूहिक हिस्से को तीन गुना बढ़ा देगा। इस प्रक्रिया में वैश्विक दक्षिण (विकासशील व कम विकसित देश) के उचित हिस्से का आधा हिस्सा विनियोजित करेगा। शोधकर्ताओं ने कहा, यह अन्यायपूर्ण है। शोध में कहा गया है कि मुट्ठी भर कम उत्सर्जक देश, विशेष रूप से भारत, अधिक उत्सर्जक देशों की अधिकता को संतुलित करने और वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए कुल विनियोजित उत्सर्जन के अधिकतर हिस्से का त्याग करेंगे। अमेरिका, जर्मनी, रूस, ब्रिटेन और जापान जैसे शीर्ष पांच अधिक उत्सर्जक देश 131 हजार अरब अमेरिकी डॉलर (कुल मुआवजे का दो-तिहाई से अधिक) के भुगतान के लिए जवाबदेह होंगे। दूसरी ओर, कम उत्सर्जन करने वाले पांच प्रमुख देश - भारत, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया और चीन - मुआवजे या क्षतिपूर्ति के रूप में 102 हजार अरब अमेरिकी डॉलर प्राप्त करने के हकदार हैं।

# मुसलमानों की दुकानों पर धमकी भरे पोस्टर चस्पा किए

**उत्तरकाशी ( उत्तराखंड )।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के पुरोला क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति समेत दो लोगों द्वारा नाबालिग लड़की के अपहरण की कोशिश नाकाम होने के कुछ दिन बाद मुसलमानों की दुकानों पर पोस्टर चिपके हुए मिले हैं, जिनमें उन्हें धमकी देते हुए तुरंत पुरोला छोड़कर जाने के लिए कहा गया है। पुरोला के थाना प्रभारी खजान सिंह चौहान ने कहा कि रविवार देर शाम दुकानों पर ए पोस्टर चिपकाए गए। पोस्टरों में मुस्लिम व्यापारियों को 15 जून तक पुरोला छोड़ने के लिए कहा गया है, जिस दिन देवभूमि रक्षा अभियान द्वारा महापंचायत आयोजित की जाएगी। पोस्टरों पर लिखा है, लव जिहादियों को सूचित किया जाता है कि वे 15 जून को होने वाली महापंचायत से पहले दुकानें खाली कर दें। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो समय बताएगा कि क्या होगा। मुस्लिम व्यापारियों ने कहा कि वे अपनी दुकानें खोलने से डर रहे हैं और उनमें से कुछ ने शहर छोड़ दिया है।

उत्तरकाशी के पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा, हमने पोस्टर हटा दिए हैं और उन्हें चिपकाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है। पुरोला मुख्य बाजार में 650-700 दुकानें हैं, जिनमें से 30-40 मुसलमानों की हैं। दक्षिणपंथी विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेता वीरेंद्र राणा ने कहा कि पोस्टर स्थानीय लोगों ने चिपकाए थे। राणा ने कहा, पोस्टर स्थानीय लोगों ने चिपकाए थे, जो चाहते हैं कि एक विशेष समुदाय के सदस्य शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए शहर छोड़ दें। वे बाहर से व्यापार करने के लिए यहां आए थे, लेकिन अब हिंदू लड़कियों और महिलाओं को निशाना बना रहे हैं।

पुलिस ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय व्यापार मंडल और जन प्रतिनिधियों से सोमवार को मुलाकात कर उनसे शांति और कानून- व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। चौहान ने कहा कि कथित तौर पर पोस्टर लगाने वाले देवभूमि रक्षा अभियान के अज्ञात लोगों के खिलाफ क्षेत्र की शांति भंग करने का षड़यंत्र रचने और विशेष समुदाय की भावनाएं भड़काने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टर चिपकाने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है और देवभूमि रक्षा अभियान से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है।

मुसलमानों के एक समूह ने पुरोला के एसडीएम देवानंद शर्मा तथा एसएचओ चौहान से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और शहर की शांति व सामाजिक सौहार्द्र को भंग करने की मंशा रखने वाले एक विशेष समुदाय के संदिग्ध व आपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कस्बे में इस तरह की स्थिति पैदा करने वाले तत्वों की पहचान की जानी चाहिए। मुस्लिम परिवार वर्षों से स्थानीय लोगों के साथ शांति से रह रहे हैं और व्यापार कर रहे हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अपराधी प्रवृत्ति के लोग बाहर से आ रहे हैं और व्यापार करने के नाम पर कस्बे में सामाजिक माहौल को खराब कर रहे हैं। उन्होंने आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्वाई की व्यापार मंडल की मांग का समर्थन किया। कपड़ा कारोबारियों अशरफ और रईस ने कहा कि जहां तक आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की बात है, तो वे व्यापार मंडल के साथ हैं। पुरोला में कपड़े की दुकान चलाने वाले 35 वर्षीय सलीम ने कहा कि उन्हें डर की वजह से देहरादून अपने भाई के घर जाना पड़ा है।

उन्होंने कहा, हम डर में जी रहे हैं। हम इस तरह की स्थिति में पुरोला नहीं लौट सकते। अगर वे चाहते हैं कि हम पहाड़ियों को छोड़ दें, तो अधिकारियों को पुरोला में हमारी संपत्तियों के लिए हमें मुआवजा देना चाहिए। सोमवार को पुरोला एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में मुस्लिम परिवारों ने कहा कि वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपनी दुकानें फिर से खोलने के लिए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। अगर उनके साथ कुछ भी अप्रिय होता है तो प्रशासन जिम्मेदार होगा। पुरोला के एसडीएम शर्मा ने कहा कि कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, हम शहर में शांति बनाए रखने के लिए सभी गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं।

पुरोला में 26 मई को उस समय सांप्रदायिक तनाव फैल गया था जब मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति सहित दो लोगों को स्थानीय लोगों ने एक नाबालिग हिंदू लड़की का अपहरण करने और उसको भगाकर ले जाने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया। लड़की को छुड़ा लिया गया और अगले दिन हुडोली गांव से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तनाव अब उत्तरकाशी जिले के अन्य शहरों में भी पैर पसार रहा है। उत्तरकाशी जिला व्यापार मंडल, उससे संबद्ध निकायों और हिंदू जागृति संगठन ने मंगलवार को चिन्यालीसौड़ में बाजार बंद आयोजित किया और टैक्सी स्टैंड से पीपलमंडी बाजार, श्यामपुर देवी मंदिर और सुलीताग होते हुए तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाला। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजलवान ने कहा कि फेरीवालों को व्यवसाय चलाने के लिए पर्ची नहीं दी जाएगी।

# आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटी भाजपा, शाह और नड्डा ने की बैठकें

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय** गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले संगठनात्मक तंत्र की समीक्षा के साथ ही उसे और मजबूत बनाने के मकसद से पिछले 24 घंटे में मैराथन बैठकें कीं। सूत्रों ने बताया कि महासचिव (संगठन) बी एल संतोष सहित पार्टी नेताओं ने सोमवार रात और मंगलवार को बैठक की।

बैठकों के एजेंडे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि पार्टी सूत्रों ने कहा कि बैठकों में वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ ही संगठनात्मक मामलों का जायजा लिया गया। सूत्रों ने बताया कि भाजपा कुछ राज्यों में अपने संगठन में कुछ बदलाव कर सकती है और अपने पदाधिकारियों को नई भूमिकाएं सौंप सकती है। कर्नाटक विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से हारने के बाद, भाजपा आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। मध्य प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव हैं जहां भाजपा का शासन है। तेलंगाना में भी चुनाव होने हैं, जहां 2014 में राज्य के गठन के बाद से भारत राष्ट्र समिति शासन कर रही है। भाजपा की कोशिश जहां राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने की है वहीं मध्य प्रदेश में सत्ता बचाए रखने की भी उसके समक्ष चुनौती है। तेलंगाना में भी भाजपा बीआरएस को पटखनी देने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी के विद्यालय का किया गया जीर्णोद्धार

**नई दिल्ली।** गुजरात के वडनगर स्थित उस धरोहर विद्यालय का जीर्णोद्धार किया गया है और प्रेरणा परियोजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ली थी। प्रेरणा परियोजना के तहत विद्यालय के पुनर्विकास का उद्देश्य यह है कि यह विद्यालय बच्चों के लिए एक प्रेरणा केंद्र के तौर पर काम करे। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में बने इस विद्यालय का जीर्णोद्धार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने एक पुरानी स्थापत्य शैली में किया है। प्रधानमंत्री की दृष्टि के आधार पर अपनी तरह की पहली विद्यालय पुनर्विकास परियोजना प्रेरणा: द वर्नाक्युलर स्कूल देश के युवाओं को परिवर्तन के उत्प्रेरक बनने के लिए प्रेरित करने के वास्ते शुरू की जा रही है। पुराने स्कूल का वास्तुशिल्प जीर्णोद्धार और पुनर्विकास ऐतिहासिक शहर वडनगर के लिए एक समग्र एवं बड़ी पुनर्विकास योजना का हिस्सा है।

# धनखड़ ने रियरव्यू मिरर वाले बयान को लेकर राहुल पर कटाक्ष किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए उनके एक बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों का संज्ञान लेने के लिए रियरव्यू मिरर में देखा जाना चाहिए, जो देश की संस्थाओं को कलंकित और बर्बाद करने निकले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत दुनिया का अव्वल राष्ट्र बन जाएगा। धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास पर रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों के एक बैच को संबोधित करते हुए कहा, हममें से कुछ लोग गर्व नहीं करते...गुमराह लोग देश की उपलब्धियों और क्षमता को लेकर भ्रम में रहते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के भीतर और बाहर कुछ लोग हैं, जो हमारी जांच-परख करने का प्रयास करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, हम दूसरों को हमारी जांच-परख करने की अनुमति नहीं दे सकते। उनकी जांच-परख वस्तुनिष्ठ नहीं है। भारत का उदय कुछ लोगों को पच नहीं रहा है, क्योंकि यह देश शांति एवं स्थिरता और दुनिया में सद्भाव में विश्वास करता है। उन्होंने राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों का संज्ञान लेने के लिए रियरव्यू मिरर में देखा जाना चाहिए, जो देश की संस्थाओं को कलंकित और बर्बाद करने निकले हैं।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को भविष्य की ओर देखने में अक्षम करार दिया था और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह केवल पीछे (रियरव्यू मिरर) देखकर भारतीय कार चलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो एक के बाद एक हादसों का कारण बनेगा।

# पुरी और सिन्हा ने जम्मू में अमरनाथ यात्री निवास की आधारशिला रखी

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को अमरनाथ यात्री निवास और आपदा प्रबंधन केंद्र की संयुक्त रूप से आधारशिला रखी। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही चार-पांच और यात्री निवासों का निर्माण किया जाएगा। उपराज्यपाल ने कहा कि तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत अमरनाथ यात्री निवास के निर्माण के लिए 51 करोड़ रुपए दिए हैं। यहां जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू में अमरनाथ श्राइन बोर्ड के यात्री निवास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का अभारी हूं। नए यात्री निवास से सालाना बाबा अमरनाथ तीर्थयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।



नई दिल्ली स्थित योजना तथा वास्तुकला विद्यालय द्वारा डिजाइन यात्री निवास का निर्माण कार्य अगले 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। सिन्हा ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए निवास, परिवहन, चिकित्सा और बेहतर संपर्क सहित विभिन्न सुविधाओं को बढ़ा रही है।

उप राज्यपाल ने कहा कि सड़क संपर्क भी बेहतर किया जा रहा है और श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी। उप राज्यपाल ने बताया कि रामबन जिले के चंदरकोट में एक परिसर का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के और परिसर बनाने की योजना है। उन्होंने बताया कि यहां मोबाइल टावर लगाने और तीर्थयात्रियों के लिए मार्ग तैयार करने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा, दूरसंचार संपर्क को मजबूत करने के लिए कोशिश की जा रही है। दूरसंचार टावर, सेल ऑन व्हील्स (जिन इलाकों में नेटवर्क नहीं होता वहां अस्थाई सचल टावर लगाए जाते हैं) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा लगाए जा रहे हैं। सेना सोनमर्ग से पवित्र गुफा तक ऑप्टिकल फाइबर बिछा रही है।

सिन्हा ने कहा कि पिछले साल 3.65 लाख श्रद्धालु आए थे जो वर्ष 2015 के बाद सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि इस साल श्रद्धालुओं का पंजीकरण करने के लिए अतिरिक्त 120 बैंक शाखाओं को अधिकृत किया गया है जिन्हें मिलाकर अब पूरे देश में 542 शाखाएं हो गई हैं जहां श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। केंद्रीय मंत्री पुरी ने इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यात्री निवास में 54 कमरे और 18 डॉरमेट्री बनाए जाएंगे। आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने बताया कि केंद्र सरकार अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के निर्माण की खातिर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उप राज्यपाल के मुताबिक, इस परिसर में एक बार में 2,500 तीर्थयात्री रह सकेंगे और इससे हर साल 30 हजार अमरनाथ श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

## क्विक न्यूज

### ओपीएस मुद्दे से हिमाचल प्रदेश में चुनाव परिणाम पर प्रभाव पड़ा था: जयराम ठाकुर

**पंचकूला (हरियाणा)।** पिछले साल हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस केभाजपा से सत्ता छीनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को स्वीकार किया कि पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) केमुद्दे का पहाड़ी राज्य मे चुनावी नतीजो पर असर पड़ा था। हिमाचल प्रदेश चुनाव मे भाजपा की हार केपीछे ओपीएस प्रभाव सबसे बड़े कारणो मे से एकथा। क्योंकिपूरे देश मे जनसंख्या अनुपात के मामले मे हिमाचल मे सरकारी कर्मचारियो की संख्या सबसे अधिकहै। ठाकुर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार केपिछले नौ वर्ष केकार्यकाल की उपलब्धियो पर यहां हरियाणा मे एकसंवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उनके नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश की पिछली सरकार ने ओपीएस से संबंधित सरकारी कर्मचारियो की मांग का विरोध नही किया था, बल्किइस मुद्दे को हल करने केलिए उनसे समय मांगा था। जब कर्मचारियो ने ओपीएस की मांग की, तो हम इसका विरोध नही कर रहे थे। हमने कहा किहम इस मुद्दे को हल करने केलिए आगे बढ़ रहे है।

### भगवान शिव आदिवासी थे, उन्होंने जहर पीकर दुनिया को जीवन दिया : कांग्रेस के विधायक ने कहा

**भोपाल।** मप्र में कांग्रेस के एक विधायक ने मंगलवार को दावा किया कि भगवान शिव आदिवासी थे जिन्होने दुनिया को बचाने के लिए विषपान किया था। विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया सिवनी जिले के अपने विधानसभा क्षेत्र बरघाट में बोल रहे थे। एक महीने पहले उन्होंने दावा किया था कि बजरंगबली (भगवान हनुमान) आदिवासी थे। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। वर्तमान मे प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। विधायक ने कहा, मंथन (मंथन) से अमृत निकला। समझदार लोगो ने अमृत पिया और विष पीछे रह गया। उस विष का क्या करें? किसने पिया था वो जहर? हिमालय में रहने वाले भोले भंडारी (भगवान शिव) ने इसे पी लिया। आदिवासियो को भोले भंडारी कहा जाता है। आदिवासियो ने जहर पीकर दुनिया को जीवन दिया। हमारा समाज कितना गौरवशाली है। ये सभी लोग हमसे निकले हैं, इसलिए हम इन सभी का सम्मान करते है। बजरंगबली एक आदिवासी वनवासी थे जिन्होंने भगवान राम की रक्षा की और उनकी मदद की।

### बिहार में 2025 के सावन तक होगी विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा : कुणाल

**पटना।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया-चकिया मार्ग पर कैथवलिया-बहुआरा मे विराट रामायण मन्दिर का निर्माण 20 जून से प्रारंभ होगा। महावीर मन्दिर न्यास केसचिव आचार्य किशोर कुणाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुणाल ने पत्रकारो से बातचीत मे बताया कि 2025 के सावन तक इस मन्दिर मे विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी और उसी साल के अंत तक विराट रामायण मन्दिर का निर्माण भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर के कुल 12 शिखरो की साज-सज्जा मे और दो साल का समय लगेगा। कुणाल ने बताया, विराट रामायण मन्दिर तीन मंजिला होगा। मन्दिर मे प्रवेश करते ही प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान गणेश के दर्शन होगे। आगे बढ़ने पर काले ग्रेनाइट की चट्टान से बने विशाल शिवलिंग के दर्शन होगे। उन्होने बताया कि महाबलिपुरम मे 250 टन वजन के ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान को तराशकर मुख्य शिवलिंग के साथ सहस्रलिंगम भी बनाया जा रहा है। कुणाल ने बताया कि शिवलिंग का वजन 210 टन, ऊंचाई 33 फीट और गोलाई 33 फीट होगी। कुणाल ने बताया कि इतने वजन के शिवलिंग को लाने के लिए चकिया से कैथवलिया तक 10 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल-पुलिया के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण का अनुरोध बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पथ निर्माण मंत्री तेजस्वी यादव से किया गया है।

### अदाणी विल्मर का नया टीवी विज्ञापन

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी खाद्य एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) ने अपने किंग्स कच्ची घाणी शुद्ध सरसों के तेल के लिए एक नया टीवी विज्ञापन पेश किया है। इस टीवी कमर्शियल का उद्देश्य प्रोडक्ट के असाधारण तीखेपन और शुद्धता पर जोर देना है और साथ ही इसके विशिष्ट स्वाद को उजागर करना है। ऐसा करके, कंपनी का उद्देश्य उन उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में ब्रांड की स्थिति को मजबूत करना है, जो वास्तविक स्वाद और गुणवत्ता की तलाश में रहते हैं। अदाणी विल्मर लिमिटेड के मार्केटिंग हैड संजय आदेसरा ने नवीनतम टीवीसी लॉन्च अभियान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि "कच्ची घाणी, जिसे सरसों के तेल के रूप में भी जाना जाता है, हमारे लिए एक स्वदेशी तेल है और देश के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में जिसका बड़ें पैमाने पर उपयोग किया जाता है। अपने अंतर्निहित गुणों और रंग के कारण, सरसों के तेल को अन्य तेलों के साथ आसानी से मिलाया जा सकता है, यह एक प्रथा है जो पूरे देश में व्यापक है।

# इस साल देश में कोयले की नही होगी कमी: कोयला मंत्री

**नई दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत को इस साल मानसून के दौरान किसी तरह के कोयला संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। जोशी ने यहां भूमिगत कोयला खनन पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोयले की मांग कैसी भी हो, सरकार उसको पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मैं कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय की ओर से देश को भरोसा दिलाता हूं कि इस साल मानसून के समय भी किसी तरह का कोयला संकट पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि तैयारियां अच्छी हैं और साल के दौरान मांग को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी कार्यक्रम में जोशी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि सभी तापीय बिजली संयंत्रों के पास 3.5 करोड़ टन कोयला है। वहीं कोल इंडिया की खानों के मुहाने पर 6.5 करोड़ टन कोयला है। इसके अलावा निजी खनन कंपनियों के पास एक से 1.2 करोड़ टन कोयला है जो ढुलाई के चरणों में है। रैक के जरिए कोयले की ढुलाई के बारे में जोशी ने कहा कि मंत्रालय रेलवे के साथ इस बारे में काम कर रहा है। इससे पहले मंत्री ने कोल इंडिया के यूजी विजन प्लान का अनावकरण किया। यह वित्त वर्ष 2027-28 तक कोल इंडिया की भूमिगत खानों से 10 करोड़ टन का उत्पादन हासिल करने की रूपरेखा है। फिलहाल कोल इंडिया अपनी भूमिगत खानों से 2.8 करोड़ टन कोयले का उत्पादन करती है। उसकी अनुषंगी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (एसईसीएल) इसमें 45 भूमिगत खानों के जरिए 1.15 करोड़ टन का योगदान देती है।

# ज्यादातर शहरों के लिए सार्वजनिक परिवहन नीति लेकर आएगी सरकार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने मंगलवार को कहा कि सरकार देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शुरू करने से संबंधित नीति लेकर आएगी और इस क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग अपने लिए व्यापक समर्थन की उम्मीद कर सकता है। कपूर ने यहां इलेक्ट्रिक परिवहन पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के ज्यादातर शहरों में सार्वजनिक परिवहन का अभाव होने से सरकार अब इसे बढ़ावा देने के लिए एक नीति लेकर आने वाली है। इस नीति में सरकार डीजल से चलने वाले वाहनों को हतोत्साहित करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की नीति आने से इलेक्ट्रिक उद्योग अपने लिए सरकार से व्यापक समर्थन की उम्मीद कर सकता है।

आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी कपूर ने कहा, बदलाव की इस प्रक्रिया में न केवल डीजल बसें हटेंगी, बल्कि हम सार्वजनिक परिवहन में अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को भी देखेंगे। हालांकि, उन्होंने इस मौके का बड़े पैमाने पर लाभ उठाने के लिए ईवी उद्योग से नवोन्मेषण पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध भी किया, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों की लागत घटाने के साथ बैटरियों का आकार भी कम किया जा सके। भारत अपनी परिवहन जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत प्राकृतिक गैस आयात करता है जिसपर विदेशी मुद्रा का एक बड़ा हिस्सा खर्च हो जाता है। कपूर ने डीजल के साथ पेट्रोल की भी खपत में कमी के लिए दोपहिया खंड में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हैं कि अगले पांच-सात साल में दोपहिया खंड में सौ प्रतिशत बदलाव हो जाएगा।

# किरोड़ी मीणा ने लगाया राजस्थान के आईटी विभाग में पांच हजार करोड़ रुपए के गबन का आरोप

**भाषा।** जयपुर

**भाजपा** के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी व संचार (आईटी) विभाग में पांच हजार करोड़ रुपए के गबन का आरोप लगाया और दावा किया कि इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का एक रिश्तेदार शामिल है। मीणा ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग (आईटी विभाग) में कुल पांच हजार करोड़ रुपए का गबन है। इसमें जो शिकायतकर्ता, शिकायत लेकर मेरे पास आया था, उसको कल मैं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दफ्तर ले जाऊंगा और मुख्यमंत्री जी के खिलाफ और संबंधित आईटी के विशेषज्ञ, जिन्होंने घोटाले किए हैं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराएंगे।

भाजपा नेता ने कथित घोटाले में मुख्यमंत्री के एक रिश्तेदार द्वारा संचालित एक इन्फोटेक कंपनी की सीधी संलिप्तता का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रिश्तेदार ने एक फर्म के जरिए अपनी बेटी के नाम से फर्जी बिल बनवाए। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी बिलों के जरिए भुगतान उठाया गया, वाई फाई मशीनों के नियम विरुद्ध टेंडर निकाले गए, फर्जी तरीके से चीन निर्मित पोस मशीन खरीदी गई और पुलिस वाहनों में इस्तेमाल होने वाले जीपीएस डिवाइस और ई-मित्र मशीन की खरीद की गई। मीणा ने दावा किया कि भाजपा आवास मंत्री शांति कुमार धारीवाल और मुख्यमंत्री के बेटे और राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत से जुड़े घोटालों का पर्दाफाश करेगी। मीणा द्वारा लगाए गए आरोपों पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# पुल मामले में निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी, कार्यपालक अभियंता निलंबित

**भाषा।** पटना

**बिहार सरकार** ने दो दिन पहले हुई एक पुल ढहने की घटना को लेकर इसकी निर्माण कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और संबंधित कार्यपालक अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। सड़क निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पीटीआई-भाषा को बताया, हरियाणा की जिस कंपनी को ठेका दिया गया था, उसे बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक ने कारण बताओ नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। उनके मुताबिक, कंपनी से पूछा गया है कि उसे सरकार द्वारा काली सूची में क्यों नहीं डाला जाना चाहिए और उसके खिलाफ कार्वाई क्यों नहीं की जानी चाहिए?

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया, कार्य की गुणवत्ता पर नज़र रखने में विफलता के लिए विभाग ने संबंधित कार्यकारी अभियंता को भी निलंबित कर दिया है। भागलपुर और खगड़िया जिलों को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर 1,700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनाए जा रहे इस पुल का एक हिस्सा रविवार को ध्वस्त हो गया था। करीब एक साल पहले भी पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हुआ था।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुल की आधारशिला फरवरी 2014 में रखी थी और इसका निर्माण 2019 तक पूरा किया जाना था। पुल का एक हिस्सा ध्वस्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने सोमवार को काम की खराब गुणवत्ता और पूरा होने में देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी। घटना के बाद, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा था कि राज्य सरकार संरचनात्मक खामियों के कारण निर्माणाधीन पुल को गिराने की योजना बना रही है। यादव के पास सड़क निर्माण विभाग का प्रभार भी है। उन्होंने कहा पिछले साल 30 अप्रैल को इस पुल का एक हिस्सा ढह गया था। तब हमने एक अध्ययन करने के लिए, निर्माण मामलों में विशेषज्ञता के लिए प्रख्यात आईआईटी-रुड़की से संपर्क किया। इसकी अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है, लेकिन संरचना का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों ने बताया था कि इसमें गंभीर खामियां हैं। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रही भाजपा पर पलटवार करते हुए तेजस्वी ने कहा पिछले साल, इस पुल का एक हिस्सा आंधी में बह गया था। तब राज्य में भाजपा सत्ता में थी। इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई थी और मैंने विपक्ष के तत्कालीन नेता के तौर पर इसे मजबूती से उठाया था। सत्ता में आने पर, हमने एक जांच का आदेश दिया और विशेषज्ञों की राय मांगी।

## दलित की बारात पर पथराव, 50 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**छतरपुर ( मध्य प्रदेश )।** जिले में एक दलित व्यक्ति की बारात को लेकर हुए विवाद में कथित रूप से पथराव के मामले में 50 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि यह घटना सोमवार को बक्साहा थाना क्षेत्र के चौरई गांव में हुई जब एक दलित व्यक्ति की बारात पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि पुलिस बल गांव पहुंचा और जुलूस एवं अन्य कार्यक्रम सुरक्षित तरीके से संपन्न हुए। अधिकारी ने कहा कि पथराव में कुछ पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत 50 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मुझे एक पार्टी दिखाएं जो भाजपा से जुड़ी नहीं है

● विपक्षी दलों के गठबंधन बनाने पर बोले देवेगौड़ा

**भाषा।** बेंगलुरु

**अगले** आम चुनाव से पूर्व भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के प्रयासों को लेकर कोई आशावादी रुख जाहिर किए बिना जनता दल (सेक्युलर) के सुप्रीमो एच डी देवेगौड़ा ने मंगलवार को कहा कि वह यह नहीं बता सकते कि कौन सी पार्टी सांप्रदायिक है और कौन सी नहीं। पूर्व प्रधानमंत्री ने सवाल किया कि क्या देश में कोई ऐसी पार्टी है जिसका भाजपा से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश के बारे में एक सवाल पर देवेगौड़ा ने कहा, मैं इस देश की राजनीति का विस्तार से विश्लेषण कर सकता हूं, लेकिन क्या फायदा? मुझे एक ऐसी पार्टी दिखाइए, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा से जुड़ी नहीं है। मुझे पूरे देश में एक पार्टी दिखाइए, तब मैं जवाब दूंगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा, कांग्रेस के कुछ नेता कह सकते हैं- लेकिन, क्या वे करुणानिधि (द्रमुक) के पास नहीं गए, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से छह साल तक भाजपा का समर्थन किया था...।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए मैं इस देश में राजनीतिक माहौल पर चर्चा नहीं करना चाहता। इसकी कोई आवश्यकता नहीं है, मैंने इसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद के रूप में देखा है...महाराष्ट्र में क्या हुआ? मैं कई घटनाओं का जिक्र कर सकता हूं। समान विचारधारा वाले दलों के अनुरोध पर भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने या इसमें शामिल होने के सवाल पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए देवेगौड़ा ने कहा, कौन सांप्रदायिक है, कौन सांप्रदायिक नहीं है, मुझे नहीं पता। सबसे पहले सांप्रदायिक और गैर सांप्रदायिक की परिभाषा तय हो जाए, फिर बहुत गुंजाइश है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई थी। अब इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। मीडिया के एक धड़े में ऐसी खबरें आई हैं कि जद(एस) 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करेगा। इस संबंध में देवेगौड़ा ने कहा कि वह और उनकी पार्टी ऐसी बातों पर ध्यान नहीं देते। देवेगौड़ा ने कहा, आम चुनाव के संबंध में, कई तरह की चीजें हैं, हम इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ता हैं। उन्हें एकजुट और प्रोत्साहित करके क्षेत्रीय पार्टी को मजबूत करने, इसे बचाने और आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना होगा। पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मजबूत क्षेत्रीय दलों की मौजूदगी की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, उस दिशा में हमें युवाओं को और अधिक ताकत देकर जद(एस) को मजबूत करने की दिशा में प्रयास करना होगा।

देवेगौड़ा ने यह भी कहा कि उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी समुदायों के प्रतिनिधित्व वाली उच्च स्तरीय समिति के गठन की सलाह दी है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह एक बार फिर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, देवेगौड़ा ने कहा कि वह अब 91 साल के हैं और यह सवाल ही नहीं उठता।

जद(एस) सुप्रीमो ने कहा, आम चुनाव में कितने उम्मीदवार उतारे जाएंगे और कहां से, यह सब बाद में तय किया जाएगा। प्राथमिकता जिला, तालुक और निगम चुनावों में मजबूती से लड़ना है। उसके बाद हम आम चुनाव देखेंगे, हम जहां भी चुनाव लड़ेंगे, वहां हम अपनी ताकत के आधार पर ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आरएसपी और कम्युनिस्ट पार्टी के साथ हमारा गठबंधन था, इस संबंध में हमारे नेता फैसला करेंगे। देवेगौड़ा ने कहा कि उन्होंने हाल में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन और आगामी जिला, तालुक और निगम चुनावों तथा लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए पार्टी नेताओं की एक बैठक बुलाई है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, मैं कांग्रेस या भाजपा या उनके द्वारा किए गए वादों और उनके क्रियान्वयन के बारे में नहीं बोलना चाहता।

# आईसीसी खिताब का सूखा खत्म करने उतरेगा भारत

● ऑस्ट्रेलिया से मिलेगी कड़ी चुनौती

**भाषा** । लंदन

**भारत** की कौशल और जज्बे से भरी टीम बुधवार से जब यहां ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उतरेगी तो उसकी नजरें आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) खिताब के एक दशक के सूखे को खत्म करने पर टिकी होंगी। डब्ल्यूटीसी के पिछले दो चक्र में भारत सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीम रहा है और पिछले 10 साल में सफेद गेंद के लगभग सभी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहा लेकिन इसके बावजूद खिताब नहीं जीत पाया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियन्स ट्रॉफी के रूप में जीता था। इसके बाद भारत को तीन बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा जबकि टीम चार बार सेमीफाइनल में हारी। टीम 2021 टी20 विश्व कप के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गई। मौजूदा चक्र की छह श्रृंखलाओं में से भारत ने एकमात्र श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में गंवाई जिसके बाद विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ दी और रोहित शर्मा को टीम की अगुआई करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। भारतीय टीम स्वेदश में अजेय रही, इंग्लैंड में कड़ी श्रृंखला ड्रॉ कराई और बांग्लादेश में मुश्किल में घिरने के बावजूद जीत हासिल की। द ओवल में नतीजा कुछ भी हो लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का टीम के प्रति नजरिया नहीं बदलेगा। भारत ने दो साल पहले साउथम्पटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए दो स्पिनरों को खिलाया था लेकिन यह फैसला उलटा पड़ गया था।द ओवल 143 साल के अपने इतिहास में पहली बार जून में टेस्ट मैच की मेजबानी कर रहा है। भारत रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी को खिलाने को लेकर उत्सुक होगा लेकिन इंग्लैंड में गर्मियों की शुरुआत है और तरोताजा पिचों पर चौथा तेज गेंदबाज बेहतर विकल्प हो सकता है।विकेटकीपर ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम प्रबंधन को फैसला करना होगा कि उसे इशान किशन के रूप में एक्स फेक्टर (मैच का रुख बदलने वाला खिलाड़ी) चाहिए या फिर केएस भरत के रूप में अधिक विश्वसनीय विकेटकीपर।तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का खेलना तय है।



### ओवल की पिच उछाल भरी होगीः क्यूरेटर

**लंदन।** ओवल के मुख्य क्यूरेटर ली फोर्टिस ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पिच उछाल भरी होगी। ओवल की पिच पारंपरिक रूप से उछाल भरी होती है और यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल होती है लेकिन इस बार इसके व्यवहार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल पहला टेस्ट मैच होगा जो कि जून मे यहां खेला जाएगा। मैच की पूर्व संध्या पर पिच पर घास दिख रही थी लेकिन खेल शुरू होने से पहले इसे काटा जा सकता है। बादल छाए रहने से ऑस्ट्रेलिया को फायदा मिल सकता है जबकि भारतीय टीम चाहेगी कि धूप खिली रहे।फोर्टिस ने रविचंद्रन अश्विन से उनके यूट्यूब चैनल पर कहा, यह ओवल की अच्छी पिच होगी। एक चीज है कि इसमे उछाल होगी। पिच उछाल भरी होगी। उम्मीद है कि बारिश नही होगी।

**टीमःऑस्ट्रेलियाः** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, जोश इंग्लिस, टॉड मर्फी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर। रिजर्वः मिचेल मार्श व मैट रेनशॉ।

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), रविचंद्रन अश्विन, केएस भरत, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा, विराट कोहली, इशान किशन, चेतेश्वर पुजारा, अक्षर पटेल, अजिंक्य रहाणे, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, जयदेव उनादकट, और उमेश यादव। रिजर्व : यशस्वी जायसवाल, मुकेश कुमार और सूर्यकुमार यादव।

### बाएं अंगूठे में अभ्यास के दौरान चोट लगी

**लंदन।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से एक दिन पहले नेट पर बल्लेबाजी करते हुए बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई। लंदन में बादलो की आंख मिचौली से भरी एक और सुबह मे रोहित टीम के तीन अन्य सदस्यो के साथ वैकल्पिक अभ्यास के लिए आए थे। इस मौके पर भारतीय कप्तान के साथ रविचंद्रन अश्विन, उमेश यादव , केएस भरत के अलावा टीम के नेट गेंदबाज मौजूद थे। थ्रोडाउन पर अभ्यास के दौरान गेंद लगने के बाद रोहित को अपना बायां अंगूठा पकड़े हुए देखा गया लेकिन वह असहज नही दिख रहे थे। एहतियात के तौर पर उन्होंने इसके बाद अभ्यास नही किया। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा कि बुधवार से यहां शुरू हो रहे खिताबी मुकाबले से पहले उनके साथ कोई समस्या नही है। ओवल में पहला टेस्ट मैच 1880 मे खेला गया था लेकिन यह पहला अवसर है जबकि वह जून के महीने मे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। पिछले दो दिनों से यहां बादल छाए है लेकिन मैच के शुरुआती तीन तक मौसम अच्छा रहने का पूर्वानुमान है। मैच के चौथे दिन बारिश की आशंका है। इस मुकाबले के लिए एक रिजर्व दिन भी रखा गया है।

## खबरें स्टेडियम से

### ऑस्ट्रेलिया अब भारत को हल्के में नहीं लेता, टेस्ट टीम के रूप में सम्मान मिला : कोहली



**लंदन।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि भारतीय टेस्ट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरजमी पर दो बार हराकर काफी सम्मान हासिल किया है और अब उन्हे पारंपरिक प्रारूप में हल्के मे नही लिया जाता। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमी पर 2018-19 और 2020-21 मे बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 के समान अंतर से टेस्ट श्रृंखला जीती। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, शुरुआत मे प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी थी, माहौल भी काफी तनावपूर्ण था। लेकिन जब से हमने ऑस्ट्रेलिया मे दो बार जीत हासिल की है, प्रतिद्वंद्विता सम्मान मे बदल गई है और अब हमे एक टेस्ट टीम के रूप मे हल्के मे नही लिया जाता है। हम उस सम्मान को महसूस कर सकते है जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते है कि उन्होंने हमें स्वदेश में लगातार दो बार हराया है और यह बराबरी की लड़ाई होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से द ओवल मे विश्व टेस्ट चैपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेला जाएगा। इस करिश्माई भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि वह हमेशा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित रहते है क्योंकि वे शायद ही कभी अपने विरोधियों को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका देते है। मै उस मानसिकता को समझता हूं कि सभी 11 खिलाड़ियों की सोच समान है और वे प्रत्एक मौके का फायदा उठाने की कोशिश करते है। इसलिए इस टीम (ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ मेरी प्रेरणा बढ़ जाती है जो इतनी जागरूक और प्रतिस्पर्धी है कि मुझे अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाना पड़ता है।

### गिल को बेहतर क्रिकेटर बनाने में कोहली कर रहे है मदद

**लंदन।** पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय क्रिकेट की बेहतरी के लिए युवा खिलाड़ी शुभमन गिल की मदद कर रहे है। तेईस साल के सलामी बल्लेबाज गिल ने पिछले 12 महीने मे खेल के तीनो प्रारूप मे शानदार बल्लेबाजी की है। गिल को भारतीय टीम मे कोहली का उत्तराधिकारी माना जाता है। कोहली को क्रिकेट जगत मे किंग जबकि गिल को प्रिंस के नाम से जाना जाता है लेकिन भारत के पूर्व कप्तान ने इस ठप्पे को ज्यादा तवज्जो नही देते हुए कहा, वह (गिल) मुझसे खेल के बारे में बहुत बातें करता है, उसमें सीखने की बहुत उत्सुकता है और उम्र के हिसाब से उसके पास शानदार कौशल है।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले एंडी फ्लावर सलाहकार के रूप में ऑस्ट्रेलिया से जुड़े

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कोच एंडी फ्लावर को ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले सलाहकार के तौर पर टीम मे शामिल किया है। जिम्बाब्वे के दिग्गज खिलाड़ी और इंडियन प्रीमियर लीग मे लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच फ्लावर 2009 से 2014 तक इंग्लैंड के मुख्य कोच रहे। फ्लावर डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद 16 जून से शुरू हो रही एशेज श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले मे टीम को अपनी सेवाएं नही देंगे। वह हालांकि इस श्रृंखला के बाद के मैचों के लिए अपनी भूमिका में वापसी करेंगे। फ्लावर इंग्लैंड के सबसे सफल कोच में से एक रहे है। उनकी देखरेख में टीम ने लगातार तीन एशेज श्रृंखला में जीत दर्ज की। पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम 2001 के बाद इंग्लैंड मे एशेज श्रृंखला जीतने वाली पहली टीम बनने के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाहती।

### ओवल की पिच स्पिनरों को मदद करेगी, भारत के लिए अच्छा स्थलः तेंदुलकर



**लंदन।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि ओवल की पिच के स्पिनरों के लिए अनुकूल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल मे भारत अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। भारत के पास रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के रूप में दो शानदार स्पिनर है और तेंदुलकर ने कहा की पिच को देखते हुए भारत फायदे मे दिखता है। भारतीय टीम खुश होगी कि वह ओवल मे खेलने जा रही है। ओवल की पिच की प्रकृति इस तरह से है कि वह मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों को मदद पहुंचाती है। इसलिए स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। तेंदुलकर ने अपनी वेबसाइट 100एमबीस्पोर्ट्स से कहा, इसके लिए जरूरी नही है कि हमेशा टर्निंग विकेट की ही जरूरत पड़े। कभी-कभी स्पिनर पिच से मिल रही उछाल का भी फायदा उठाते है। उन्हे बादल छाए रहने की परिस्थितियो मे भी पिच से मदद मिल सकती है तथा काफी कुछ गेंद के चमकदार हिस्से पर निर्भर करता है। इन सब कारणो से ओवल भारत के लिए अच्छा स्थान है।

# कप्तानी छोड़ने से पहले एक या दो बड़े खिताब चाहता हूं : रोहित

भाषा। लंदन



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि खेल का मतलब चैंपियनशिप जीतने से जुड़ा है और वह कप्तानी छोड़ने से पहले एक या दो बड़े खिताब जीतना चाहते हैं। भारत ने पिछले 10 वर्षों में कई मौके मिलने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का कोई खिताब नहीं जीता है तथा ओवल में बुधवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले यह चर्चा का विषय बना हुआ है। विराट कोहली ने 2022 के शुरू में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला हारने के बाद कप्तानी छोड़ दी थी जिसके बाद रोहित को सभी प्रारूपों में कप्तान नियुक्त किया गया था। डब्ल्यूटीसी फाइनल की पूर्व संध्या पर रोहित से पूछा गया कि वह एक कप्तान के रूप में क्या विरासत छोड़कर जाना चाहते हैं। रोहित ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, चाहे मैं हूं या कोई और, यहां तक कि पूर्व में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों की भूमिका भी भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाना तथा अधिक से अधिक मैच और अधिक से अधिक चैंपियनशिप जीतनी थी। मेरे मामले में भी ऐसा ही है। मैं मैच जीतना चाहता हूं। मैं चैंपियनशिप जीतना चाहता हूं। आप इसके लिए ही खेलते हो। और हां, कुछ खिताब जीतना, कुछ असाधारण श्रृंखलाएं जीतना अच्छा होगा। लेकिन इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मुझे वास्तव में लगता है इन चीजों के बारे में बहुत अधिक सोच कर हम खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं बनाना चाहते हैं। एक कप्तान के रूप में जैसा मैंने कहा, प्रत्एक कप्तान चैंपियनशिप जीतना चाहता है, इसलिए मैं भी अलग हटकर नहीं हूं। मैं भी चैंपियनशिप जीतना चाहता हूं और खेलने का मतलब भी इसी से जुड़ा है। इसलिए जब मैं यह पद छोड़ने का फैसला करूंगा, तब तक अगर मैं एक या दो चैंपियनशिप जीत सकता हूं तो यह अच्छा होगा। लंदन में सुबह बादल छाए हुए थे और रोहित उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जो वैकल्पिक अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे थे। भारतीय कप्तान के अलावा अश्विन, उमेश और केएस भरत भी अभ्यास के लिए आए थे। टीम संयोजन को लेकर रोहित ने कुछ भी खुलासा नहीं किया।

### भारतीय टीम के अधिक क्रिकेट खेलने के कारण बहुत सारे खिलाड़ियों का इस्तेमाल करना पड़ाः द्रविड़



**लंदन।** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने मंगलवार को कहा कि हाल के वर्षों में अविश्वसनीय रूप से अधिक मैचों की संख्या ने भारतीय टीम को सभी प्रारूपों में बहुत सारे खिलाड़ियों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर किया। द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की पूर्व संध्या पर द्रविड़ ने भारतीय टीम को कोचिंग देने के अपने अनुभवों और अपनी यात्रा के बारे में बात की। द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हमे कुछ अनुभवी खिलाड़ी मिले है, हमें पिछले 18 महीनो के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को आजमाया है। हमें तीन अलग-अलग प्रारूपों और भारतीय टीम के द्वारा अधिक संख्या में मैच खेलने के कारण ज्यादा खिलाड़ियों का इस्तेमाल करना पड़ा। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, हमारी क्रिकेट प्रणाली बहुत सारे खिलाड़ी आ रहे है और बाहर भी हो रहे है। यह वास्तव में रोमांचक रहा है और मेरे लिए भी सीखने का एक अच्छा अनुभव रहा है।

### शार्दुल ने जिंदगी में एक बार मिलने वाला मौका करार दिया

**लंदन।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर मे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से ओवल मे शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल को जिंदगी मे एक बार मिलने वाला मौका करार दिया और कहा कि वह इसमें अपनी छाप छोड़ना चाहते है। अभी तक अपने आठ मे से तीन टेस्ट मैच इंग्लैंड मे खेलने वाले ठाकुर को अंतिम एकादश मे जगह मिलेगी या नही यह अभी तक तय नही है लेकिन यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी तरफ से पूरी तरह तैयार है।

### चोपड़ा और साबले राज्य चैंपियनशिप में नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और राष्ट्रमंडल खेलों मे 3000 स्टीपलचेज मे रजत पदक विजेता अविनाश साबले को छोड़कर देश के शीर्ष ट्रैक एवं फील्ड एथलीट 15 से 19 जून तक भुवनेश्वर मे होने वाली राष्ट्रीय अंतरराज्ईय चैपियनशिप में हिस्सा लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि चोपड़ा के साथ साबले को भी चैपियनशिप से छूट दी गई है। यह प्रतियोगिता आगामी एशियाई खेलों के लिए ट्रायल का काम भी करेगी।

### राही ने निशानेबाजी चैंपियनशिप जीती

**भोपाल।** एशियाई खेलों की गत चैंपियन राही सरनोबत ने यहां 21वी कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप मे महिला 25 मीटर पिस्टल का खिताब जीता। महाराष्ट्र की राही ने सोमवार को 50 शॉट के फाइनल मे 36 निशानो के साथ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने तेलंगाना की ईशा सिंह को पछाड़ा जिन्होंने 31 निशाने लगाए। मेजबान राज्य की चिंकी यादव 28 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। राही क्वालीफिकेशन मे भी 582 अंक के साथ शीर्ष पर रही थी। उत्तर प्रदेश की देवांशी धामा ने भी इतने ही अंक जुटाए थे लेकिन अंदरूनी 10 अंक पर एक कम निशाने के कारण वह दूसरे स्थान पर रही।

### केरल ब्लास्टर्स ने महिला टीम के कामकाज को अस्थाई तौर पर रोका

**बेंगलुरू।** केरला ब्लास्टर्स ने इंडियन सुपर लीग के पिछले सत्र मे प्लेऑफ से बाहर होने के बाद क्लब पर लगाए गए प्रतिबंधो से उत्पन्न वित्तीय संकट के कारण मंगलवार को अपनी महिला टीम के कामकाज को अस्थाई रूप से बंद कर दिया।क्लब के इस फैसले को देश मे महिलाओ के खेल के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने तीन मार्च को बेंगलुरू एफसी के खिलाफ मैच से बाहर होने के बाद ब्लास्टर्स पर चार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था।

### गगन नारंग के फाउंडेशन ने सिदी को कोच बनाया

**पुणे।** गन फॉर ग्लोरी अकादमी चलाने वाले गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन (जीएनएसपीएफ) ने अपने प्रमुख कार्यक्रम प्रोजेक्ट लीप के लिए हंगरी के दिग्गज निशानेबाज पीटर सिदी को राइफल कोच नियुक्त किया है। सिदी पांच बार के ओलंपियन है और विश्व चैपियनशिप मे कई पदकों के विजेता है। उन्होने विश्व रिकॉर्ड भी कायम किया था। प्रोजेक्ट लीप दो महीने तक चलने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसे निशानेबाजो के कौशल को सुधारने का काम किया जाता है।

### आईपीएल में पैसा अच्छा है लेकिन 100 टेस्ट खेलना पसंद करूंगा : स्टार्क

**लंदन।** आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को लंबा खींचने के लिए काफी समय से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे हिस्सा नही ले रहे है क्योंकि वह 100 टेस्ट मैचों मे अपने देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते है। एकदिवसीय विश्व कप 2015 और टी20 विश्व कप 2021 जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे स्टार्क एक और आईसीसी खिताब जीतना चाहेंगे जब भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से विश्व टेस्ट चैपियनशिप फाइनल मे खेलेंगे।

# सबालेंका व मुचोवा सेमीफाइनल में

● फ्रेंच ओपन : पावलुचेनकोवा को हराया

**भाषा** । पेरिस





**दूसरी वरीयता** प्राप्त आर्यना सबालेंका और करोलिना मुचोवा ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल मे अपने-अपने मुकाबले जीतकर पहली बार सेमीफाइनल की टिकट पक्की की जहां दोनों खिलाड़ी गुरुवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगे। सबालेंका ने एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-4 से मात दी जबकि गैरवरीय मुचोवा ने 2021 की उपविजेता अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 7-5, 6-2 से शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की। दोनों खिलाड़ी पहली बार इस ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे है। इससे पहले रोलां गैरां में दोनों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यूक्रेन की खिलाड़ी स्वितोलिना ने मैच गंवाने के बाद बेलारूस की अपनी प्रतिद्वंद्वी से हाथ नहीं मिलाया। उनकी इस हरकत का दर्शकों के एक वर्ग ने शोर मचाकर विरोध किया। बेलारूस ने यूक्रेन हमले पर खुल कर रूस का समर्थन किया है। सबालेंका ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। इस से पहले खेले गए मुकाबले में मुचोवा के खिलाफ पावलुचेनकोवा के खेल पर थकान हावी रहा। उनका पिछला मुकाबला तीन घंटे से अधिक चला था। उन्होंने मुकाबले के दूसरे सेट में आसानी से घुटने टेक दिए।पहले सेट में मुचोवा को टक्कर देने के बाद पावलुचेनकोवा ने दूसरे सेट में वापसी की कोशिश की। उन्होंने कुछ दमदार मैदानी शॉट लगाए।

### जोकोविच सेमीफाइनल में

**पेरिस।** दिग्गज टेनिस खिलाफ नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल मे कारेन खाचानोव को मंगलवार को यहां शिकस्त देकर अंतिम चार मे अपनी जगह पक्की की। सर्बिया के इस खिलाड़ी ने पुरुष एकल मैच में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 4-6, 7-6, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की।खाचानोव ने पहले सेट मे पूर्व नंबर एक खिलाड़ी को चौकाया लेकिन जोकोविच ने इसके बाद अनुभव के दम पर वापसी करते हुए दूसरे सेट को मुश्किल से जीता। अगले दो सेट मे इस खिलाड़ी ने दबदबे वाला प्रदर्शन किया।

# भारत ने पिछड़ने के बाद कोरिया को बराबरी पर रोका

**भाषा** । काकामिगाहारा

● जूनियर महिला एशिया कप

**भारतीय महिला** टीम जूनियर एशिया कप के अपने तीसरे मैच में मंगलवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-2 से ड्रॉ खेलने में सफल रही। युजिन ली (15वें मिनट) और जियोन चोई (30वें मिनट) के गोल से कोरियाई टीम ने मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने मैच में भारत की वापसी कराई जबकि दीपिका (54वें मिनट) के गोल से टीम ने बराबरी की। इस ड्रॉ से भारत पूल ए की तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। कोरिया ने मैच के शुरुआती क्वार्टर में भारत पर दबदबा बनाया और गेंद को अपने कब्जे में रखने पर ध्यान दिया। टीम भारत की रक्षा पंक्ति को लगातार चुनौती दे रही थी। इस दौरान उसने दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन उसे भुनाने में नाकाम रही। युजिन ने डी के अंदर से शानदार मैदानी गोल कर कोरिया को बढ़त दिला दी। भारत ने इसके बाद जवाबी हमला किया लेकिन टीम बराबरी करने में नाकाम रही। कोरिया ने अपने खेल की गति को बढ़ाया जिसका फायदा उन्हें मध्यांतर से ठीक पहले पेनल्टी कार्नर के रूप में मिला। चोई ने इसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। कोरिया ने तीसरे क्वार्टर में भी इस लय को जारी रखा और पेनल्टी कार्नर हासिल करने में सफल रहा।

# डब्ल्यूएफआई चुनाव से ज्यादा जरूरी है चयन ट्रायलः पीटी

**भाषा** । सोनीपत

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव कराने में देरी को सही ठहराते हुए कहा कि जूनियर पहलवानों के लिए चयन ट्रायल इस राष्ट्रीय खेल निकाय के लिए ज्यादा जरूरी प्राथमिकता है। आईओए ने 27 अप्रैल को घोषणा की थी कि उसकी तीन सदस्ईय तदर्थ समिति महासंघ के दैनिक मामलों को देखेगी और इसके गठन के 45 दिनों के भीतर डब्ल्यूएफआई चुनाव भी करेगी। उसने हालांकि चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए अभी तक तीसरे सदस्य को नियुक्त नहीं किया है।

# मेजर बैड़मिंटन का आगाज



**पायनियर समाचार सेवा** । लखनऊ

प्रथम प्राईज मनी मेजर उत्तर प्रदेश अण्ड्र-15 व 17 बालक बालिका बैड़मिंटन प्रतियोगिता का आगाज बीबीडी बैड़मिन्टन आकदमी विपिन खण्ड गोमती नगर लखनऊ डा. नवनीत सहगल आईएएस अध्यक्ष उप्र बैड़मिंटन संघ के द्वारा किया गया। उद्घाटन के समय सुदर्मा सिंह, सचिव, आनन्द खरे कोषाध्यक्ष,अरूण कक्कड़ उपाध्यक्ष, देवेन्द्र कौशल साई कोच,राजेश सक्सेना संयुक्त सचिव , डा योगेश शेट्टी टूर्नामेन्ट डायरेक्टर व रविन्दर चौहान मुख्य निर्णायकद्धए जले के पदाधिकारी मौजूद थे।


### ऑक्सफोर्ड के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण सहित जीते 7 पदक

**लखनऊ।** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने अंतर जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लखनऊ जिले टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 3 स्वर्ण सहित 7 पदक जीतकर दबदबा कायम किया। कानपुर बार संघ के इंडोर हाल में गत गत 3 से 4 जून तक आयोजित चैंपियनशिप में इन खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण 4 रजत पदक सहित 7 पदक जीते। यह सभी खिलाड़ी लखनऊ में कोच आकांक्षा विश्वकर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह जानकारी निदेशक व मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ; निदेशक ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी ने दी।

# श्रीकांत जीते, सिंधू व प्रणय बाहर

● सिंगापुर ओपन

**भाषा** सिंगापुर





**किदांबी श्रीकांत** ने मंगलवार को यहां दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में विपरीत अंदाज में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोन को सीधे गेम में 21-15 21-19 से हराया।दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली से भिड़ेंगे जिन्होंने जापान के केंटा निशिमोटो को हराया। ओरलियंस मास्टर्स विजेता प्रियांशु राजावत ने भी जापान के केंटा सुनेयामा को सीधे गेम में 21-12 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी अगले दौर में जापान के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नेरोका से भिड़ेगा। गत चैंपियन सिंधू को दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में तीन गेम में 21-18 19-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी। वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के भी पहले दौर में हार गईं थी।मलेशिया मास्टर्स के रूप अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरे प्रणय के पास युवा कोडाई नेरोका की चुनौती का कोई जवाब नहीं था। जापान के तीसरे वरीय खिलाड़ी ने 56 मिनट चले मुकाबले में 21-15 21-19 से जीत दर्ज की।एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी हालांकि लुकास कार्वी और रोनान लबार की जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में 21-16 21-15 से हराने में सफल रही।अन्य भारतीयों में लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल को पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रत्चानोक इंतानोन के खिलाफ 13-21 15-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्शी कश्यप को थाईलैंड की ही सुपानिदा केटथोंग ने पहले दौर के मुकाबले में 21-17 21-9 से हराया। इस मैच से पहले सिंधू का यामागुची के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड 14-9 था। जापान की खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 5-3 की बढ़त बनाई लेकिन सिंधू लगातार तीन अंक के साथ स्कोर 8-5 करने में सफल रहीं। सिंधू ने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीता। दूसरे गेम में यामागुची ने 8-4 की बढ़त बनाई और इसे 18-14 तक पहुंचाया। जापान की खिलाड़ी ने इसके बाद कुछ विषम पलों से उबरते हुए दूसरा गेम जीत लिया।तीसरे और निर्णायक मुकाबले में यामागुची ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाई और फिर इसे अंत तक बरकरार रखते हुए आसानी से गेम और मैच जीत लिया।

### सुनील कुमार ने डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता

**एचियोन (दक्षिण कोरिया)।** भारत के सुनील कुमार ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को यहां एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथलॉन में स्वर्ण पदक जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी को प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ा था क्योंकि दक्षिण कोरियाई एयरलाइंस और एयर इंडिया ने उनके पोल की लंबाई पांच मीटर होने के कारण उन्हें यह उपकरण साथ में ले जाने की अनुमति नहीं दी थी।इससे हालांकि उनके हौसले पस्त नहीं हुए और उन्होंने 10 स्पर्धाओं वाली डेकाथलॉन में 7003 अंक बनाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने आयोजकों से सुनील कुमार को पोल उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। वह पोल वॉल्ट की इस स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।सुनील ने 100 मीटर बाधा दौड़, चक्का फेंक और भाला फेंक में पहला स्थान प्राप्त किया।